e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 110
मंगलवार
22.04.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

जिंदगी एक बार मिलती है, बिलकुल गलत है, सिर्फ मौत एक बार मिलती है जिंदगी हर रोज मिलती है!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### कुश्ती सिर्फ खेल नहीं, हमारी विरासत भी है : उप मुख्यमंत्री

**कोटा :** प्रदेश की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि कुश्ती सिर्फ एक खेल नहीं हमारी परम्परा एवं संस्कृति का एक हिस्सा है। हमारे देश में दशकों से कुश्ती एवं दंगल का आयोजन मेलों और त्योहारों में होता आ रहा है। कुश्ती हमारी परंपरागत विरासत है। वे सोमवार को शहर के रघुराई एंडो स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में आयोजित अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के महिला वर्ग पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थी। उन्होंने विजेता महिला पहलवानों को मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए।उन्होंने कहा कि ओलम्पिक में हमारे देश के पहलवानों ने कुश्ती में कई मेडल जीते हैं। इस खेल को आगे बढ़ाने में महिला पहलवानों का भी काफी योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि पहली बार राजस्थान में अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रयासों से हुआ है। राष्ट्रीय कुश्ती फेडरेशन के अध्यक्ष संजय सिंह एवं राजस्थान कुश्ती फेडरेशन के अध्यक्ष राजीव दत्ता को साधुवाद देते हुये उन्होंने कहा कि इस आयोजन से हाड़ौती में कुश्ती को बढ़ावा मिलेगा एवं यहां की लड़कियां कुश्ती प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करेंगी।

### केन्द्र सरकार के खिलाफ राजस्थान कांग्रेस चलाएगी संविधान बचाओ अभियान

**जयपुर :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार राजस्थान कांग्रेस की ओरसे अब संविधान बचाओ अभियान चलाया जाएगा।इसके लिए कार्ययोजना तैयार कर लीगई है। यह अभियान 40 दिन का होगा। इसमें जयपुर में प्रदेश स्तरीय संविधानबचाओ रैली का आयोजन और प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों व मण्डल एवं ब्लॉक तथा जिला स्तर के पदाधिकारियों के साथ संवाद का कार्यक्रम प्रस्तावित है। यह जानकारी सोमवार को कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार और प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा ने पत्रकार वार्ता में दी। नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय की चार्जशीट दाखिल होने के बाद कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने भी भाजपा सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने इस कार्रवाई को 'राजनीतिक साजिश' और 'संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग' करार दिया।

### गायत्री परिवार विद्यालयों में कराएगा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

**जयपुर :** विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति और संस्कारों के बीजारोपण के लिए इस साल अधिक से अधिक विद्यालयों में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा कराई जाएगी। परीक्षा के संबंध में मार्गदर्शन करने के लिए शांतिकुंज से परीक्षा प्रभारी रामयश तिवारी ने गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी में परीक्षा से जुड़े जिला प्रभारियों की बैठक ली। तिवारी ने कहा की हमारे देश में राजस्थान एक ऐसा प्रदेश है जो कि राष्ट्र निर्माण के कार्यों में हमेशा अग्रणी भूमिका निभा कर इतिहास रच रहा है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा भी एक तरह से राष्ट्र निर्माण का कार्य है। इस परीक्षा में अधिक संख्या में विद्यार्थियों को बैठाने में राजस्थान प्रथम स्थान पर रहा है। इस परीक्षा का उद्देश्य बच्चों में नैतिक शिक्षा, आध्यात्मिक शिक्षा के माध्यम से व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय मूल्यों की पुनर्स्थापना एवं अभिवर्धन करना है।

## चुटकी




## रांची का तापमान

अधिकतम $24^{0}$

न्युनतम $13^{0}$

### बोकारो जिले के लुगु पहाड़ी पर नक्सलियों के साथ पुलिस का हुआ मुठभेड़

# एक करोड़ रुपये का इनामी सहित आठ नक्सली ढेर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में पहली बार एक करोड़ रुपये का इनामी नक्सली मारा गया है. झारखंड के बोकारो जिले के लुगु पहाड़ी पर मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए हैं. इस मुठभेड़ में भाकपा माओवादियों का सीसी सदस्य कुख्यात विवेक भी मारा गया है. विवेक पर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित था. विवेक, अरविंद और साहेब राम मांझी समेत कुल आठ नक्सलियों के मारे जाने के साथ ही नक्सलियों का झुमरा चैप्टर लगभग खत्म हो गया है. विवेक के दस्ते का झारखंड के गिरिडीह और बोकारो जिले में काफी प्रभाव था. विवेक का दस्ता पारसनाथ से झुमरा तक सक्रिय था.

पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बोकारो के नक्सल प्रभावित लुगु पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों के एक बड़े दस्ते द्वारा किसी बड़ी नक्सली घटना को अंजाम दिए जाने की सूचना मिली थी, जिसके बाद कोबरा और झारखंड पुलिस की कई टीमें नक्सलियों की तलाश में निकली थीं. इसी दौरान लुगु पहाड़ी की तलहटी के पास अचानक नक्सली और पुलिस आमने-सामने हो गए. पुलिस को देखते ही नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी, लेकिन सुरक्षा बलों ने नक्सलियों की फायरिंग का बड़े ही प्रभावी तरीके से जवाब दिया.पुलिस की जवाबी कार्रवाई से नक्सलियों में भगदड़ मच गई, जब तक नक्सली संभल पाते तब तक एक दर्जन से अधिक नक्सलियों को गोली लग चुकी थी. पुलिस को भारी पड़ता देख बाकी नक्सली जंगलों की ओर भागने लगे और कुछ घायलों को भी अपने साथ ले गए. जंगल में रुक-रुक कर फायरिंग भी हुई. पुलिस द्वारा चलाए गए सर्च ऑपरेशन में अब तक आठ नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं, जिनमें तीन इनामी हैं. इसके अलावा इंसास, एके-47 जैसे कई हथियार भी मिले हैं.एक करोड़ के इनामी विवेक की पत्नी जया को भी पिछले साल गिरफ्तार किया गया था, हालांकि बीमारी के चलते जया की मौत हो गई थी. जया को धनबाद के एक अस्पताल में इलाज के दौरान गिरफ्तार किया गया था.

बाद में इलाज के दौरान जया की मौत हो गई.



**अमित शाह ने जवानों की सराहना की:** नक्सलियों के खिलाफ इस कार्रवाई को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षाबलों की सराहना की है. उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए हमारा अभियान निरंतर जारी है. आज सुरक्षा बलों को नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए चल रहे अभियान में एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली. झारखंड के बोकारो में लुगु हिल्स में मुठभेड़ में 8 माओवादी मारे गए, जिनमें एक शीर्ष स्तर का नक्सली नेता विवेक, जिस पर 1 करोड़ का इनाम था, और दो अन्य कुख्यात नक्सली शामिल हैं. अभियान जारी है. सुरक्षा बल को इसके लिए खूब सराहना.

### शहीद जवानों का बदला लिया : डीजीपी

**रांची :** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि लुगू जंगल में भाकपा (माओवादी) विवेक उर्फ प्रयाग मांझी केंद्रीय कमेटी सदस्य, सहदेव सोरेन केंद्रीय कमेटी सदस्य समेत 20 से 25 हथियारबंद माओवादियों के मौजूद होने की सूचना मिली थी. जिसके आधार पर 209 कोबरा, बोकारो पुलिस, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ द्वारा बोकारो जिले के लुगू पहाड़ी क्षेत्र में एक विशेष संयुक्त ऑपरेशन ÷डाकाबेड़ा÷ चलाया गया. डीजीपी ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान अब तक 8 मृत शरीर, भारी मात्रा में हथियार और दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई है.मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने 4 इंसास, 1 एसएलआर और एक रिवॉल्वर बरामद की है. वहीं प्रारंभिक जांच में, 8 मृत नक्सलियों में से तीन की पहचान की गई है. जिसमें विवेक उर्फ प्रयाग मांझी (केंद्रीय समिति सदस्य) पर 1 करोड़ रुपये का इनाम है. वहीं दूसरे नक्सली की पहचान अरविंद यादव (स्पेशल एरिया कमेटी सदस्य) पर 25 लाख का इनाम है, इसके अलावा तीसरे नक्सली की पहचान साहेब राम मांझी (जोनल कमेटी सदस्य) के रूप में की गई, जिसपर 10 लाख रुपये का इनाम है.डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि रविवार को ही नक्सलियों के मूवमेंट की सूचना मिल गई थी, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने एक बेहतरीन प्लान तैयार किया और इस प्लानिंग के तहत नक्सलियों को चारों तरफ से घेर लिया. सुबह करीब साढ़े पांच बजे पहली बार नक्सलियों से मुठभेड़ हुई जिसमें कोबरा के जवानों ने मोर्चा संभाला और एक करोड़ के इनामी समेत आठ को मार गिराया.

# पोप फ्रांसिस का निधन



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** पोप फ्रांसिस का सोमवार 21 अप्रैल को 88 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। उन्होंने वेटिकन के कासा सांता मार्टा स्थित अपने निवास पर सुबह 7.30 बजे अंतिम सांस ली। वेटिकन समाचार के मुताबिक, वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। बीते दिन ईस्टर के अवसर पर लंबे समय के बाद वे लोगों के सामने आए थे। पोप फ्रांसिस जेसुइट ऑर्डर से पहले पोप थे। 8वीं शताब्दी के बाद से यूरोप के बाहर से पहले पोप थे। अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में जॉर्ज मारियो बर्गोग्लियो के रूप में जन्मे पोप फ्रांसिस 1969 में कैथोलिक पादरी नियुक्त किया गया था। 28 फरवरी, 2013 को पोप बेनेडिक्ट XVI के इस्तीफे के बाद 13 मार्च को एक पोप सम्मेलन ने कार्डिनल बर्गोग्लियो को उनका उत्तराधिकारी चुना। उन्होंने सेंट फ्रांसिस ऑफ असीसी के सम्मान में फ्रांसिस को अपना पोप नाम चुना। अब आधिकारिक शोक की 14 दिन की अवधि होगी, जिसके बाद कार्डिनल मसीह के नए विकर का चुनाव करने के लिए सम्मेलन में जाएंगे।

**पोप फ्रांसिस को 14 फरवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें डबल निमोनिया हो गया था।**

पोप फ्रांसिस लंबे समय से बीमार चल रहे थे। लगभग एक महीने तक अस्पताल में इलाज कराने के बाद पोप 24 मार्च को अपने निवास स्थान कासा सांता मार्टा लौटे थे। अस्पताल से लौटने पर उन्होंने बड़ी संख्या में अस्पताल के बाहर जमा हुए लोगों को आशीर्वाद दिया था। सार्वजनिक रूप से पोप को देखने के बाद लोग काफी खुश दिखे थे और जयकारे भी लगाए थे। पोप फ्रांसिस को 14 फरवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें डबल निमोनिया हो गया था। अस्पताल में चिकित्सकों की निगरानी में उनका चला था। एक महीने से ज्यादा समय अस्पताल में बिताने के बाद उन्हें छुट्टी दी गई थी। पोप की देखभाल करने वाले सर्जरी प्रमुख सर्जियो अल्फिएरी ने बताया था कि उन्हें दवाइयां की जरूरत पड़ती रहेगी।

## पूर्व डीजीपी हत्याकांड पत्नी-बेटी अरेस्ट



**एजेंसी**

**बेंगलुरु :** कर्नाटक में पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश हत्याकांड में आए दिन नए-नए खुलासे हो रहे हैं। अब उनके बेटे ने अपनी मां और बहन पर हत्या का आरोप लगाया है। दोनों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज कर ली है। पूर्व डीजीपी के बेटे कार्तिकेश की शिकायत के आधार पर उनकी पत्नी और बेटी परहत्या के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।अपनी शिकायत में कार्तिकेश ने आरोप लगाया कि उनकी मां पल्लवी पिछले एक सप्ताह से उनके पिता ओम प्रकाश को जान से मारने की धमकी दे रही थीं। इन धमकियों के कारण मेरे पिता अपनी बहन सरिता कुमारी के घर रहने चले गए थे। दो दिन पहले मेरी छोटी बहन कृति कुमारी के घर गई और मेरे पिता ओम प्रकाश पर घर वापस आने का दबाव बनाया। वह उनकी मर्जी के खिलाफ उन्हें वापस ले आई।कार्तिकेश ने कहा,मेरी मां पल्लवी और मेरी बहन कृति अक्सर मेरे पिता से झगड़ती थीं। मुझे पक्का संदेह है कि वे मेरे पिता की हत्या में शामिल हैं। मैं इस मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू करने का अनुरोध करता हूं। पुलिस ने इस सिलसिले में पल्लवी और कृति को गिरफ्तार किया है। 68 वर्षीय सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी चंपारण, बिहार के मूल निवासी थे और उनके पास भूविज्ञान में मास्टर डिग्री थी। ओम प्रकाश को 1 मार्च, 2015 को पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया था।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा

## राहुल गांधी भारतीय हैं या नहीं



**एजेंसी**

**लखनऊ :** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सोमवार को राहुल गांधी की नागरिकता से जुड़े मामले में एक अहम आदेश दिया. इलाहबाद हाईकोर्ट ने पूछा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारतीय नागरिक हैं या नहीं. अदालत ने केंद्र सरकार को 10 दिन के भीतर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है.जस्टिस एआर मसूदी और जस्टिस अजय कुमार श्रीवास्तव प्रथम की खंडपीठ ने सोमवार को मामले की सुनवाई की. सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने स्टेटस रिपोर्ट पेश की. इस पर अदालत ने कहा कि वह सिर्फ यह जानना चाहते हैं कि राहुल गांधी नागरिक हैं या नहीं.केंद्र सरकार ने स्टेटस रिपोर्ट देने के लिए अतिरिक्त समय मांगा. यह मामला एस विग्नेश शिशिर की ओर से दायर जनहित याचिका पर आधारित है. इस केस की अगली सुनवाई 5 मई को होगी. इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में 24 मार्च को सुनवाई थी.जस्टिस एआर मसूदी और जस्टिस अजय कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने राज्य सरकार को चार सप्ताह में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया था. केंद्रे सरकार ने 8 सप्ताह का समय मांगा था. इसके बाद 21 अप्रैल सुनवाई की तारीख तय की गयी थी.

## अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत पहुंचे



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस सोमवार को भारत पहुंचे. संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के उपराष्ट्रपति के साथ द्वितीय महिला उषा वेंस के साथ पालम हवाई अड्डे पर पहुंचे.यहां केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उनका स्वागत किया.उन्होंने परिवार के साथ अक्षरधाम पहुंचकर दर्शन किए. यह अहम यात्रा उस समय हो रही है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को हिला कर रखा है और चीन के साथ एक तरह का टैरिफ वॉर शुरू हो गया है. यात्रा को उसकी टाइमिंग महत्वपूर्ण बनाती है. इस समय भारत और अमेरिका, दोनों देश आर्थिक अवसरों को खोलना और द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत करना चाहते हैं. जेडी वेंस इस दौरे पर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे और अर्थव्यवस्था, व्यापार और भूराजनीतिक संबंधों पर बातचीत करेंगे. दोनों पक्षों को द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा करने का अवसर प्रदान करेगी।और दोनों नेता पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे. उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपनी भारतीय मूल की पत्नी उषा और अपने तीन बच्चों के साथ सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के जनपथ स्थित सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज एम्पोरियम पहुंचे, जहां जहां उन्होंने कुछ पारंपरिक भारतीय हस्तशिल्प खरीदे.

## उत्तर-पश्चिम भारत में भीषण गर्मी व लू का अलर्ट



**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : पिछले कुछ दिनों में बारिश और तेज हवाओं के कारण लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली थी। हालांकि, एक बार फिर ये राहत समाप्त होने जा रही है। मौसम विभाग के अपने ताजा पूर्वानुमान में बताया कि उत्तर-पश्चिम भारत में एक बार फिर से भीषण गर्मी और लू चलने की संभावना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि पूर्वी राजस्थान, दक्षिण उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात के अलग-अलग हिस्सों में आने वाले दिनों में लू चलने की संभावना है।आईएमडी ने इस दौरान लोगों से अतिरिक्त सावधानी बरतने की अपील भी की है।भारतीय मौसम विभाग ने बताया कि पिछले 24 घंटों में देश के अलग-अलग क्षेत्रों में विभिन्न मौसम प्रणाली देखने को मिली है। आईएमडी के अनुसार,जम्मू-कश्मीर-लद्दाख-गिलगित-बाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड के अलग-अलग क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ आंधी चली।

वहीं, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश देखने को मिली। साथ ही रायलसीमा, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश देखने को मिली। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अपने ताजा पूर्वानुमान ने बताया कि 21-26 अप्रैल के दौरान पूर्वी राजस्थान के कुछ इलाकों में लू चलने की संभावना है। इसके अलावा 21-25 अप्रैल तक मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ, 22-25 अप्रैल के दौरान हरियाणा, ओडिशा, 22-26 अप्रैल के दौरान उत्तर प्रदेश, 23-25 अप्रैल के दौरान पंजाब में लू चलने की संभावना है।

## अमेरिका का यमन पर हमला, 12 की मौत, 30 घायल

**एजेंसी**

**सना :** यमन की राजधानी सना पर अमेरिका ने बड़ा हवाई हमला किया है। ईरान समर्थित हूती विद्रोही समूह के अल-मसीरा सैटेलाइट न्यूज चैनल ने इस हमले के फुटेज जारी किए हैं। समूह ने दावा किया है कि अमेरिकी हमले में कम से कम 12 लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए।वेब पोर्टल माइक्रोसॉफ्ट नेटवर्क की खबर के अनुसार, अमेरिका ने ताजा हमले में ईरान समर्थित विद्रोहियों को निशाना बनाया। हालांकि अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड ने हमले के बारे में सवालों के जवाब देने या अपने अभियान में नागरिक के हताहतों पर चर्चा करने से इनकार कर दिया।हूती विद्रोही समूह के अनुसार, यह हमला सना के शूब जिले के फरवा पड़ोस के बाजार में हुआ। इस इलाके को पहले भी अमेरिकी सेना ने निशाना बनाया है। अल-मसीरा के प्रसारित फुटेज में इलाके में वाहनों और इमारतों को नुकसान पहुंचा हुआ दिखाया गया है। साथ ही चीखते हुए लोगों ने एक मृत बच्चे को पकड़ा हुआ है। अन्य लोग अस्पताल ले जाते समय स्ट्रेचर पर रो रहे हैं।

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

# संविधान विरोधी बयान के विरोध में भाजपा ने निकाला आक्रोश मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन के संविधान विरोधी बयान को लेकर चिनियां रोड नहर चौक से समाहरणालय गढ़वा तक पार्टी का झंडा एवं हाथ में तख्ती लेकर आक्रोश मार्च निकाला। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम उपायुक्त गढ़वा को मांग पत्र सौंपा। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर ने देश चलाने के लिए संविधान बनाया जिसे झामुमो सरकार में बैठे लोग अपमानित करने का काम कर रहे हैं। भारत देश संविधान से चलते आ रहा है लेकिन झामुमो के मंत्री पहले संविधान नहीं बल्कि शरीयत को मानने की बात बोल कर बाबा भीमराव अंबेडकर सहित तमाम आम जनमानस का अपमान किया है। ऐसे लोगों को मंत्री बनने का कोई अधिकार नहीं है। भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता बाबा भीमराव अंबेडकर के बनाए संविधान के साथ मजबूती से खड़ा है। मंत्री बनने समय संविधान की शपथ दिलाई गई थी। लेकिन वही मंत्री संविधान का अपमान कर रहा है। भाजपा वरिष्ठ नेता मुरारी यादव ने कहा कि मंत्री हफीजुल हसन ने जिस तरह का बयान दिया है इससे इनका देश द्रोही चरित्र उजागर हो रहा है। पुर्व जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा कि झामुमो कांग्रेस महागठबंधन सरकार शरीयत लागू करने के लिए साजिश रचने में लगी हुई हैं। उनका यह मंशा सफल नहीं होगा। संविधान बचाने के लिए सड़क से सदन तक आंदोलन जारी रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय चौबे, विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, अरविंद तुफानी, जिला महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता, जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रामशीष तिवारी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनीता गुप्ता, उमेश कश्यप, रामलला दुबे, सुरेन्द्र राम सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वी जयंती मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** पलामू जिले के नौड़ीहा बाजार प्रखंड के झरहा गाँव में भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के 134 वीं जयंती धूम धाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर क्लब के बैनर तले आयोजित की गई। कार्यक्रम के शुभारम्भ नौड़ीहा बाजार के जीप सदस्य सुदामा पासवान, प्रखंड प्रमुख रेशम कुमारी, मुखिया संघ के अध्यक्ष गौतम कुमार, रविदास विकास समिति के अध्यक्ष रामगोविंद राम शिक्षक, विशुनपुर पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार भारती, मुखिया प्रतिनिधि धनंजय प्रसाद गुप्ता, पत्रकार विश्वप्रेम कुमार, बीस सूत्रीय सदस्य नितीश कुमार, बसपा प्रखंड अध्यक्ष अनुज कुमार ने संयुक्त रूप से बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर, संत शिरोमणि रैदास जी, गौतम बुद्ध के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित करते हुए मंच का उद्घाटन फीता जोड़कर किया गया। मंचासीन अतिथियों को अम्बेडकर क्लब के द्वारा अंग वस्त्र व माला देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सम्बोधन जीप सदस्य श्री सुदामा पासवान, प्रमुख रेशम कुमारी,रविदास विकास समिति के अध्यक्ष रामगोविंद राम शिक्षक ने बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर जी के जीवन व उनकी विचारों के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मिशन गायक लव बिहारी बनाम विकास तूफान के बीच दुगोला के शानदार गीत संगीत के माध्यम से रातों भर श्रोतागण के झूमने के मजबूर कर दिया और रात भर श्रोतागण ने गीत संगीत का लुफ्त उठाया। दोनों प्रकांड विद्वान् व्यास ने अपने गीत संगीत के माध्यम से बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी जीवनी व उनके विचारों के बारे अवगत कराया। मौके पर प्रमुख पति अरुण कुमार, समाज सेवी पंकज राम, चितरंजन यादव, मधेश्वर पासवान, नागेंद्र चंद्रवंशी, शिक्षक कमलेश चंद्रवंशी, गणेश कुमार, उमेश प्रसाद, बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर क्लब के अध्यक्ष रामाशीष कुमार, उपाध्यक्ष गोविंद कुमार, संरक्षक रामगोविंद राम, गोपाल राम, बिहारी राम समेत अन्य गणमान्य लोगों के अलावा काफी संख्या महिला व पुरुष श्रोतागण मौजूद थें।

## सांसद पुत्री ने किया क्षेत्र भ्रमण, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की पुत्री स्मिता कुमारी ने सोमवार को विश्रामपुर विस क्षेत्र में भ्रमण किया. इस दौरान बी मोड़ चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्मिता कुमारी का जोरदार स्वागत किया. पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया. मौके पर सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, वरीय भाजपा नेता ईश्वरी पांडेय, सांसद के जिला प्रतिनिधि विजय ओझा, चेतन चौहान, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, भोला पांडेय, पंकज तिवारी, शिवबंश मिश्रा, विकाश चौबे, मणि भूषण पांडेय, आशीष ठाकुर, चंदन कुमार, बसन्त कुमार, प्रमोद कुमार, पीयूष बाबू, विश्वनाथ कुमार, नरेंद्र राम, शोयब खान, संजय कुमार सहित कई भाजपा नेता -कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भाजपा नेत्री सुश्री स्मिता ने देवी धाम हैदरनगर में की पूजा अर्चना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** पलामू संसदीय क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोकप्रिय सांसद श्री विष्णु दयाल राम की सुपुत्री एवं हम सबों की स्मिता दीदी ने पार्टी के प्रमुख सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ हैदरनगर पलामू स्थित देवी धाम मंदिर का दर्शन कर पूजा अर्चना करते हुए माता रानी से क्षेत्रवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। हैदरनगर देवी धाम जाने के क्रम में बिश्रामपुर रेहला के बी0 मोड़ चौक पर भाजपा के सम्मानित कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर वरीय भाजपा नेता ईश्वरी पांडेय, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, चेतन चौहान, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, भोला पांडेय, पंकज तिवारी, बिश्रामपुर अनुज पाण्डेय, शिवांश मिश्रा, विकाश चौबे, मनु पांडेय, आशीष ठाकुर, चंदन कुमार, बसन्त कुमार, प्रमोद कुमार पीयूष बाबू, विश्वनाथ कुमार, नरेंद्र राम, शोएब खान, संजय कुमार एवं हैदरनगर में मंडल अध्यक्ष श्री प्रदीप सिंह सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार सिंह महेंद्र सिंह मोहम्मद गंज मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह डॉ. अजय जायसवाल सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता रंजीत पासवान सहित सैकड़ों कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## तेज धूप व गर्म हवाओं ने किया बेहाल, घरों में दुबके रहे लोग, चिकित्सक ने गर्मी से बचाव की दी सलाह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में सोमवार का दिन मौसम का सबसे गर्म दिन रहा। सोमवार को अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस रहा। बारिश के कारण 10 अप्रैल से 19 अप्रैल तक अधिकतम तापमान 40 डिग्री से कम रहा। इसके पूर्व दस दिन पलामू का तापमान 40 डिग्री से अधिक था।सोमवार को मौसम गर्म हो जाने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। दिन में सड़क पर निकलने पर बदन जलता हुए प्रतीत हो रहा था। चिकित्सकों ने मौसम की मार से बचने के लिए धूप में नहीं निकलने की सलाह दी है।गर्मी की वजह से लोगों को बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है, खासकर तेज धूप और लू के कारण. लोग सुबह-सुबह अपने काम निपटाकर घरों में दुबकने को मजबूर हो रहे हैं. तेज धूप से बिजली विभाग भी लोड को झेलने में नाकाम हो रहा है, जिससे बिजली का आना-जाना लगा रहता है।सोमवार को चिलचिलाती धूप व गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया है। सूरज के तेवर तीखे होने से हवा का मिजाज गर्म रहा। इसकी वजह से ज्यादातर लोग घरों में दुबके रहे। वहीं जरूरतमंद लोग ही पूरे शरीर को ढक कर बाहर निकले। तेज धूप और गर्म हवा के कारण बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। सोमवार को सूरज के सख्त तेवरों के चलते लोगों को गर्मी का एहसास करवाया। सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूली बच्चों को हुआ दोपहर में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। सुबह नौ बजते ही भीषण गर्मी हो गई। इससे लोग दोपहर को घरों में ही कैद रहे।मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के चिकित्सक डॉ आरके रंजन ने बताया कि इन दिनों प्रतिदिन तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में सेहत का ख्याल रखना बहुत महत्वपूर्ण है।उन्होंने बताया की भीषण गर्मी से शरीर से पसीना खूब निकलता है जिससे डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ जाता है। इनसे बचने के लिए प्राकृतिक पेय पदार्थो का सेवन करे। सेवन करने की सलाह दे रहे हैं।उन्होंने बताया कि गर्मी में सबसे ज्यादा आवश्यकता एनर्जी ड्रिंक्स की होती है। इससे शरीर में पानी की कमी नहीं होती है और वह हाइड्रेट रहता है। गर्मी में छाछ, फ्रूड, जूस, मिल्क सेक, ग्रीन सलाद आदि को शामिल करना चाहिए। सलाद में इस मौसम में आने वाले खीरा, ककड़ी आदि का उपयोग कर सकते हैं। नाश्ते में जूस लेने की आदत डालें, इससे एनर्जी मिलती है।उन्होंने बताया की गर्मी में मीठा और रसीला फल, तरबूज इसमें अधिक मात्रा में पानी होता है साथ ही मिनरल और विटामिन भी इससे अच्छी मात्रा में पानी होता है अधिक खाना चाहिए। वही खरबूजा व नींबू पानी का भी अधिक उपयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि गर्मियों में नींबू पानी रोज पीते रहना चाहिए। इसके कई फायदे मिलते हैं।

## नए वक्फ कानून के विरोध में सभा के बाद ज्ञापन सौंपा गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** नए वक्फ कानून के विरोध में सोमवार को हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के गांव गांव से हजारों की संख्या में लोग हुसैनाबाद के लंबी गली स्थित इमली मैदान में जुटे। उन्होंने सर्व प्रथम तिलावत ए कुरान ए पाक से कार्यक्रम की शुरुआत की। लोगों को हाथ में तख्ती लेकर शांतिपूर्ण तरीके से अनुमंडल कार्यालय तक चलने को कहा गया। इसके बाद कतार में हजारों लोग मौन जुलूस में निकल पड़े। जुलूस में शामिल लोगों के हाथ में तख्तियां थीं, जिसमें नए वक्फ कानून को वापस लेने की मांग की गई थी। इस विरोध प्रदर्शन के लिए 11 सदस्यीय सरपरस्तों की टीम बनाई गई थी। इस टीम में शामिल लोगों के नेतृत्व में हजारों लोग जुलूस में शामिल हुए। सदारत मुखिया अनुसार सिद्दीकी व संचालन मसरूर अहमद ने किया। जुलूस व कार्यक्रम में हुसैनाबाद विधायक सह राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव सत्यनारायण सिंह, धनंजय तिवारी, शिया मस्जिद के इमाम ए जुमा मौलाना सैयद शजीर रिजवी, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, बसपा नेता अजय भारती, राजद नेता रमाशंकर चौधरी मुख्य रूप से मौजूद थे। जुलूस विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए अनुमंडल कार्यालय हुसैनाबाद पहुंचा। सरपरस्तों की टीम ने अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो को भारत के राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से नए वक्फ कानून को वापस लेने की मांग की गई है। जुलूस के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वक्फ कानून दोनों का विरोध किया गया। कार्यक्रम व जुलूस में विभिन्न राजनीतिक गैर राजनीतिक दल व संगठन के लोग शामिल हुए। विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि वक्फ कानून के विरोध में मार्च निकाला गया है,यह मार्च शांतिपूर्ण संपन्न कराने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि एक खास राजनीतिक दल का अब यही काम रह गया है। जनता को भ्रमित करने का वह असफल प्रयास कर रहे हैं। वह अपनी मनसा में कभी कामयाब नहीं होंगे। भारत की गंगा यमुना तहजीब आज भी देश के लोगों में कायम है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन पूरी तरह इसका विरोध कर रहा है। संविधान के खिलाफ जाकर यह सरकार दलितों अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने का काम कर रही है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सड़क से संसद तक इसका विरोध हो रहा है। एसडीओ को ज्ञापन देने वालों में विधायक संजय कुमार सिंह यादव, सत्यनारायण सिंह, धनंजय तिवारी, शशि कुमार, एजाज हुसैन उर्फ छेदी, अब्बास अंसारी,अबू नसर सिद्दीकी, मसरूर अहमद, गयासुद्दीन सिद्दीकी समेत कई लोग शामिल थे। प्रदर्शन में शामिल अबू नसर सिद्दीकी ने बताया कि वह नए वक्फ कानून का शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रहे है। यह हक उन्हें भारत के संविधान ने दिया है। केंद्र सरकार को इस कानून को वापस लेना होगा। कानून के विरोध में प्रदर्शन को लेकर पुलिस भी अलर्ट पर थी। जुलूस में कानून व्यवस्था को बनाए रखने को लेकर हुसैनाबाद के प्रशिक्षु आईपीएस सह एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार, थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी के अलावा कई पुलिस पदाधिकारी व जवान शामिल थे।

## जेईई मेंस में वीर और आदित्य ने रचा इतिहार, लोहरदगा का बढ़ाया मान, बधाई देने वालों का लगा तांता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अपर बाजार निवासी और कपड़ा व्यवसायी सूरज पोद्दार और गृहणी रानू पोद्दार के पुत्र वीर पोद्दार ने जेईई मेन में सफलता का परचम लहराया है। वीर की इस सफलता से पूरा परिवार काफी खुश है, वीर को बधाई भी मिल रही है। विद्यापीठ कोचिंग सेंटर रांची से तैयारी कर वीर ने 99~53 पर्सेंटाइल प्राप्त किया है। वीर की सफलता से स्वजन और परिचित काफी खुश हैं। सभी ने कहा है कि वीर ने लोहरदगा जिले का नाम रोशन किया है। वीर का लक्ष्य जेईई एडवांस में ओर भी बेहतर कर आईआईटी कर लोहरदगा जिले के साथ अपने परिवार का नाम रोशन करना है। वीर पोद्दार की इस उपलब्धि से उनके माता-पिता बेहद गौरवान्वित हैं। वीर के पिता सूरज पोद्दार ने भावुक होते हुए कहा कि हमारे बेटे ने जो करके दिखाया है, वह सिर्फ हमारा ही नहीं बल्कि पूरे समाज का सपना था। आज हमारा सिर गर्व से ऊंचा है। वीर ने न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे लोहरदगा जिले का नाम ऊंचा किया है। उनकी सफलता बच्चों के लिए एक प्रेरणा है, जो यह दिखाती है कि निरंतर मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। वीर पोद्दार ने कहा कि मैंने खुद से वादा किया था कि इस बार कुछ बड़ा करना है। मैंने इंटरनेट मीडिया से दूरी बनाई और हर दिन 10 से 12 घंटे की पढ़ाई की। ये मेरे माता-पिता और गुरुजनों की दुआओं का ही असर है कि मैं आज इस मुकाम पर पहुंचा हूं। वीर और आदित्य की इस सफलता पर बधाई देने वालों में मारवाड़ी समाज से शिव प्रसाद पोद्दार, प्रमोद पोद्दार, चांदमल पोद्दार, संदीप पोद्दार, बिमल बंका, राम प्रकाश मोदी, हरक चंद शर्मा, मनीष पोद्दार, विवेक केडिया, हनुमान पोद्दार, संजय सर्राफ, रूपेश चौधरी, दीपक अग्रवाल, आशीष पोद्दार, चंदन राजगढ़िया, शशांक बर्मन, मनीष राजगढ़िया, सहित मारवाड़ी पंचायत, मारवाड़ी युवा मंच, लोहरदगा मारवाड़ी समाज शामिल है। वही अग्रवाल समाज से बधाई देने वालो में चंद्रशेखर प्रसाद,अजय मित्तल, अनिल अग्रवाल, परमानंद अग्रवाल, राजेश अग्रवाल (टिंकू), अनीश मित्तल, अभय अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, लवकुश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल (गुड्डू), कुमार नीरज अग्रवाल, विकास अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, उमाकांत अग्रवाल (पप्पू) शामिल हैं।

# दिव्यांग बहन के शादी में भाई के रूप में सहयोग किया समाजसेवी शौकत खान ने



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** बेटियां अनमोल होती है बेटियां सिर्फ अपनी माता पिता कि ही नहीं बल्कि बेटियां समाज कि धरोहर है और इन्हें हर जगह सम्मान मिलनीं चाहिए।ऐसी ही भावना से अभिभूत शौकत खान ने गढ़वा शहर से 70 किलोमीटर दूर से पुरी उम्मीद और विश्वास के साथ एक दिव्यांग बहन अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान के पास पहुची और उसने बताया कि आप हर गरीबों कि मदद करते रहते है और आज मुझे आपकी मदद कि जरूरत है। क्योंकि 11 मई कि मेरी बहन कि शादी है इस शादी में निमंत्रण देने आई हु और आस लेकर भी आई हु कि मेरी बहन को आप सहयोग करेंगे। शौकत खान ने सभी को सम्मान पुर्वक बैठाया और शादी कि तैयारी कि एक एक बात पर चर्चा किया। उसके बाद जिन-जिन चिजो कि उन्हें जरूर थी। शौकत खान ने मिनटों में उन्हें उपलब्ध कराया। जिसमें से मुख्य सामाग्री है दुल्हन के दो जोड़ी साड़ी का सेट, डिनर सेट, मिक्सर, आयरन, जुसर मशीन, टी शेट, वॉल सेट समेत ढ़ेर सारा बर्तन और उनकी जरुरत कि चिजे उपहार स्वरूप शौकत खान ने दिया। ये सारे उपहार पाकर दोनों हाथ पैर से दिव्यांग बहन और उनके परिजन समेत साथ आई हुई दुल्हन रोने लगी और ढ़ेर सारी दुआएं देने लगी।उसने कहा कि ये सारा सामान तभी हम स्वीकार करेंगे। जब आप वादा करेंगे कि मेरे घर चिनियां मेरे शादी में आने का वादा करेंगे। शौकत खान ने उनकी सभी शर्त मंजुर करते हुये कहा आज से मेरी बहन बेटी के रूप में आप है। अब कभी भी किसी चीज कि जरूरत हो तो मुझे फोन के माध्यम से सुचित करेंगे। हम आपकी हर सुख-दुख में साथ रहेंगे।बताते चलें कि समाजसेवी शौकत खान अब तक सैकड़ों बेटियों कि शादी में मदद कर चुके हैं।अब तक दस लाख से अधिक गरीबों को अपने निशुल्क कपड़ा बैंक, चावल बैंक, सत्तू बैंक, पुस्तक बैंक के माध्यम से मदद कर चुके हैं।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### कोतवाली डीएसपी को मिला केन्द्रीय गृह मंत्रालय की ओर से पुलिस अंतरिक सुरक्षा सेवा पदक

**रांची।** कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय को मिला पुलिस अंतरिक सुरक्षा सेवा पदक । केन्द्रीय गृह मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा प्रदान किया गया पदक। नक्सल विरूद्ध अभियान में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया। झारखंड में चल रहे नक्सल ऑपरेशन के दौरान निभा चुके है बड़ी भूमिका इस वजह से अब झारखंड नक्सल मुक्त की तरह तेजी से बढ़ रहा है। प्रकाश सोए नक्सलवाद खत्म करने के साथ-साथ नशा मुक्त अभियान के लिए चलाए गए मुहिम में भी बेहतर काम किए हैं और नशा के कारोबार करने वाले गैंग के कई सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजने का काम किया है। साथ ही अपराध नियंत्रण करने के लिए अपने क्षेत्र में कई अपराधियों को हथियार के साथ भी गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम किया है।

### खो-खो टीम ने कांस्य पदक जीत रचा इतिहास

**रांची।** ब्लू बेल्स पब्लिक स्कूल अतरौलिया, आजमगढ़ (उत्तरप्रदेश) में आयोजित द्वितीय जुनियर राष्ट्रीय सुपर स्पीड खो-खो प्रतियोगिता में झारखंड की बालिका टीम कांस्य पदक प्राप्त कर इतिहास रचा। यह प्रतियोगिता सुपर स्पीड खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित की गई थी। तृतीय स्थान के लिए झारखंड टीम ने कड़े संघर्षपूर्ण मैच में उत्तरप्रदेश को 22-13 अंकों से पराजित कर कांस्य पदक प्राप्त कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। झारखण्ड टीम की ओर से कप्तान पूजा कुमारी, अन्नुप्रिया उरांव, आस्था तिग्गा, पूजा तिर्की एवं कोमल कुमारी का शानदार प्रदर्शन रहा। टीम के शानदार प्रदर्शन पर झारखंड राज्य सुपर स्पीड खो-खो एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष भरत सिंह, महासचिव विवेक कुमार, कोषाध्यक्ष सहजाद कुरैशी,संयुक्त सचिव नीतेश साहु, संजय कुमार, सुभाष गांगुली, श्रीकांत कुमार, निखिल कुमार, अभिषेक कुमार एवं दिव्या रानी ने विजेता खिलाड़ियों बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाए दिए ।

# बिना जायज कारण के दाखिल खारिज अस्वीकृत करने वालें मामलों की जाँच की जाएगी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित सभागार में जिला के सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।उपायुक्त द्वारा सभी अंचल अधिकारी को यह स्पष्ट निर्देश दिया गया की अंचल में आने वालें दाखिल खारिज ससमय कराए। दाखिल खारिज/भूमि सम्बंधित मामलें जिन अंचलों में काफी समय से लंबित है, वैसे अंचलों की सूची बनाने का निर्देश दिया गया। साथ में उपायुक्त द्वारा कहा गया की दाखिल खारिज के मामलें अंचलों में आते है उन्हें बिना जायज कारण के अस्वीकृत ना करें। अस्वीकृत करने से पहले ऐसे मामलों का अच्छे से मूल्यांकन कर ले। जिसपर उपायुक्त ने कहा की जिन अंचलों में बिना जायज कारण के दाखिल खारिज के मामलें बिना ठोस कारण के विभिन्न अंचलों में अस्वीकृत किए गए है, वैसे मामलों का जिला के वरीय पदाधिकारियों द्वारा जाँच कराया जाएगा। जाँच में दोषी पाए जाने पर सम्बंधित पदाधिकारी पर प्रपत्र क गठित की जाएगी। साथ ही सम्बंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की राजस्व सम्बंधित मामलें राजस्व शाखा में जाए उपायुक्त ने सम्बंधित पदाधिकारियों से विशेष रूप से पंजी-2 का डिजिटाइजेशन में सुधार की कैम्प लगाने का निर्देश दिया। साथ ही सरकारी भूमि में कब्जा, दाखिल खारिज के मामलें में ध्यान देने को कहा।

**अबुआ आवास के बारे में समीक्षा:** उपायुक्त रांची ने जिला में निर्माण हो रहें अबुआ आवास के बारे जानकारी लेते हुए कहा की अब तक कितने अबुआ आवास पूरा हो गया है। उन्हें भुगतान समय पर हो रहा है, की नही इसकी समीक्षा करते हुए सम्बंधित अधिकारी को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होंने उप विकास आयुक्त से कहा की जो अबुआ आवास तैयार है, उसमें जल्द से जल्द गृह प्रवेश कराए। उपायुक्त द्वारा झारखण्ड मंईया सम्मान योजना की राशि लाभुकों के खाते में जा रही है, की नही इसकी जानकारी लिया गया । जिसपर सम्बंधित पदाधिकारी द्वारा बताया की मार्च माह की राशि लाभुकों के खाते में




जा चुकी है। जिन लाभुकों की राशि नही गई है उनका त्रुटि सुधार किया जा रहा है। उनका आधार लिंकेज कराया जा रहा है। जिसपर उपायुक्त ने सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा इसके लिए एक्शन प्लान बनाए।

साथ लाभुकों की सूची बैंकवार/पंचायतवार बनाए जिनकी राशि उनके खाते में नही गई है। उपायुक्त ने सम्बंधित पदाधिकारियों से राजस्व कैंप में अबतक लंबित मामले क्यों है, जिसमें खास करके नामकुम, कांके, रातु, शहर एवं अन्य अंचलों में राजस्व कार्यों पर विशेष ध्यान दे। उपायुक्त ने सभी वरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की जिला प्रशासन द्वारा जो अबुआ साथी 9430328080 जन शिकायत हेतु बनाया गया है। इसमें आए सभी शिकायतों का हर सप्ताह समीक्षा किया जाएगा। जिससे आम लोगों की शिकायत को त्वरित गति से निष्पादन कराया जा सकें।उपायुक्त द्वारा सम्बंधित अधिकारी से कहा की सभी धर्मो के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक करें जिससे सभी धर्मों के प्रतिनिधि जिला प्रशासन के साथ ष्ठ्ठ के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन किया जा सके ।इन दोनों कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त द्वारा सम्बंधित सभी पदाधिकारियों को कई अहम दिशा निर्देश दिया गया।उपायुक्त द्वारा सम्बंधित पदाधिकारियों को समाहरणालय परिसर के आस-पास अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा की अतिक्रमण बार-बार ना हो इसपर विशेष ध्यान दे। इससे जाम की समस्या को कम किया जा सकता है। उपायुक्त द्वारा बैठक में 100 एंटरप्राइजेज के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए कहा की उद्यमिता और व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए कार्य करें। जिससे विभिन्न क्षेत्रों में 100 नए व्यवसायों या उद्यमों को शुरू करने और विकसित करने में जिला अग्रणी भूमिका निभाए। उपायुक्त ने बैठक में सभी पदाधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा की इस बैठक में जितने भी दिशा-निर्देश दिए गए है। इन सभी निर्देशों का समय-समय पर फॉलोअप हो।

### महाप्रसाद व भजन संकीर्तन का किया गया आयोजन

**रांची** : श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 203 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। श्री कृष्णा प्रणामी सेवा धाम के सदस्यों एवं उनके परिवार के सौजन्य से आज अन्नपूर्णा महाप्रसाद एव भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद में खिचड़ी भोग का विधिवत भोग पुजारी बिनोद कुमार तिवारी द्वारा लगाया गया। तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित 2 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया। तत्पश्चात्य मंदिर परिसर में ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा भजन संकीर्तन किया गया। ट्रस्ट के भजन गायको ने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। पूरा वातावरण को वृंदावन एवं कृष्णमय बना दिया। तत्पश्चात महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

## शहीद जवान के बच्चे की शिक्षा का पूरा खर्च उठाएगा क्रिएटिव किड्स प्ले स्कूल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के चाईबासा में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में शहीद हुए झारखंड जगुआर के वीर जवान कांस्टेबल सुनील धान के बेटे की शिक्षा का सम्पूर्ण खर्च अब रांची के क्रिएटिव किड्स प्ले स्कूल द्वारा वहन किया जाएगा।खूंटी जिले के निवासी शहीद जवान का बेटा, अनिकेत धान, रांची के काठीटांड स्थित क्रिएटिव किड्स प्ले स्कूल में एलकेजी में पढ़ाई कर रहा है। विद्यालय प्रबंधन ने इस संवेदनशील समय में फैसला लिया है कि जब तक अनिकेत स्कूल में पढ़ाई करेगा, तब तक उसकी शिक्षा का पूरा खर्च स्कूल द्वारा दिया जाएगा। इस निर्णय से अनिकेत के परिवार को शिक्षा के वित्तीय बोझ से मुक्ति मिलेगी।स्कूल की प्रिंसिपल, श्रीमती बुला दूबे ने बताया कि ÷यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अनिकेत को न केवल एक अच्छी शिक्षा प्रदान करें, बल्कि इस कठिन समय में उसके परिवार के साथ खड़े रहें। ज्ञात हो कि 12 अप्रैल को झारखंड के जराइकेला में नक्सलियों द्वारा किए गए बम विस्फोट में कांस्टेबल सुनील धान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इन्हें तत्काल रांची एयरलिफ्ट किया गया, लेकिन उपचार के दौरान वह शहीद हो गए। रांची के टेंडर ग्राम स्थित झारखंड जगुआर मुख्यालय में राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शहीद जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की थी। यह कदम न केवल शहीद जवान के परिवार के प्रति एक श्रद्धांजलि है, बल्कि यह समाज में एक सकारात्मक संदेश भी देता है कि संकट के समय हम सभी को एक-दूसरे का सहारा बनना चाहिए।

# अपराध का गढ़ बन चुका है झारखंड : बाबूलाल मरांडी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : जमशेदपुर में करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद राज्य की कानून-व्यवस्था को लेकर विपक्ष ने सरकार पर जमकर निशाना साधा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने दुख जताते हुए एक्स पर पोस्ट कर रहा कि जमशेदपुर में करनी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष विनय सिंह की गोली मारकर हत्या किये जाने की दुखद सूचना प्राप्त हुई। मरांडी ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड के प्रमुख शहर अब अपराध का गढ़ बन चुके हैं। जमशेदपुर में पिछले कुछ दिनों से लगातार गोलीबारी और हत्या की खौफनाक वारदातें सामने आ रही हैं। राजधानी रांची की हालत तो पहले से ही जगजाहिर है। उन्होंने झारखंड पुलिस पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन का कार्य अब केवल कोयला और बालू लदे ट्रकों और दोपहिया वाहनों से अवैध वसूली तक सीमित रह गया है। बाबूलाल मरांडी ने जमशेदपुर पुलिस से मांग की कि मामले में तत्काल अपराधियों को गिरफ्तारी कर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## झारखंड में मौसम का तापमान पहुंचा 41 डिग्री के पार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड में मौसम ने फिर से बदलाव हुआ है। राज्य के कई जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। इसका सीधा असर राज्य के जन-जीवन पर पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार राजधानी रांची में भी तापमान 36 डिग्री को पार कर गया है। जबकि डालटेनगंज में तापमान 41.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं गढ़वा में तापमान 40.5, सरायकेला में 40.7 और गुमला में भी अधिकतम तापमान बढ़कर 38.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने आनेवाले दिनों में तापमान में और वृद्धि होने की आशंका जतायी है। तापमान बएने से पलामू और गढ़वा सहित कई जिलों में फिर से लू चलने लगी है।

## छह साल की उम्मीदों को एक महीने में हकीकत बना दिया : मंत्री

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डा इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी हजारों↙हरू बहनों के लिए पिछले छह सालों से नियुक्ति केवल एक सपना बनकर रह गई थी। रघुवर दास सरकार के दौरान यह प्रक्रिया बार-बार टलती रही, और इन बहनों की उम्मीदें हर गुजरते दिन के साथ धुंधली होती जा रही थीं।लेकिन फिर बदलाव की हवा चली।स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के नेतृत्व में, जिस काम को पूर्ववर्ती सरकारें छह साल में नहीं कर सकीं, उसे उन्होंने महज एक



महीने में पूरा कर दिखाया। यह केवल एक प्रशासनिक फैसला नहीं था, बल्कि हजारों परिवारों की जिंदगी में नई रौशनी लेकर आया।

↙हरू बहनों को जब उनके नियुक्ति पत्र सौंपे गए, तो वह क्षण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि वर्षों की तपस्या और संघर्ष का मीठा फल था। कई आंखें खुशी से नम थीं। पूरे परिवारों में जश्न का माहौल था। गांवों से लेकर शहरों तक, हर जगह एक ही चर्चा थी ड्क ÷मंत्री जी ने कर दिखाया।डॉ. इरफान अंसारी ने न सिर्फ नियुक्तियों को अमल में लाया, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि अगर इच्छाशक्ति हो तो व्यवस्था में बदलाव मुमकिन है। उन्होंने ठान लिया था कि स्वास्थ्य विभाग को नए सिरे से खड़ा करना है, और आज उनके फैसलों से उस बदलाव की झलक देखने को मिल रही है। झारखंड की जनता उन्हें सिर्फ एक मंत्री नहीं, बल्कि एक उम्मीद, एक मिसाल, और एक क्रांतिकारी नेता के रूप में देख रही है।

## सीपी सिंह जेल जाएंगे देशद्रोही वाला काम किया है : डॉक्टर इरफान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** प्रधानमंत्री के इशारे पर सांसद निशिकांत दुबे ने मननीय सुप्रीम कोर्ट पर अपना जो विवादित बयान दिया है वह बहुत ही निंदनीय है। सुप्रीम कोर्ट सबसे बड़ा है, हम लोग बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान के मानने वाले हैं । संविधान से बड़ा कोई नहीं है न अमित शाह, न नरेंद्र मोदी । उक्त बातें झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कही। उन्होंने कहा कि जिस तरह से देश तोड़ने की बात भाजपा वाले ने कर रहे हैं यह झारखंड में होने नहीं देंगे। जिस तरह से रांची के भाजपा विधायक सीपी सिंह ने मुसलमानों को जिहादी कहा है, हम लोगों ने केस भी किया है, बहुत जल्द वह जेल जाएंगे, जब तक जेल जाएंगे नहीं तब तक हुए सुधरेंगे नहीं , इसलिए उनको जेल जाना तय है, वे देशद्रोही वाला काम किया है।

साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा वाले तुरंत माफी मांग लेते हैं, सीपी सिंह अगर माफी मांगेंगे, फिर माफी मांगेंगे तो पहले आप लोग मीडिया वालों से बातचीत करेंगे इसके बाद फिर निर्णय लेंगे, लेकिन उसका जेल जाना तय है। डॉक्टर इरफान अंसारी ने आगे कहा कि हम लोगों ने सांप को मारा है उसके सिर को नहीं मार पाये हैं, हम लोगों ने भाजपा को चुनाव में हराया है, लेकिन उसकी नीतियों को खत्म नहीं कर पाए हैं । उनके नीतियों को खत्म करना है। साथ ही उन्होंने जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू पर कहा कि वे झारखंड की बहू है, विधायक है, वे छत्तीसगढ़ में विधायक नहीं बन सकती हैं। उनको जो मान सम्मान यहां मिला है, तो



उन्हें कार्यक्रम में आना चाहिए और किसी कारणवश नहीं आ पाई तो मेरी शुभकामनाएं उनके साथ है।

# बीएमएस प्रतिनिधिमंडल ने वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से की मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) झारखंड प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को प्रदेश के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से उनके रांची स्थित आवास पर मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मजदूरों की विभिन्न समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री किशोर से धनबाद आईआईटी से जो मजदूरों को सेवा से निकाल दिया है, इस संबंध में अवगत कराया। इस पर मंत्री ने विचार करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। साथ ही झारखंड प्रदेश में 108 एम्बुलेंस में सेवा दे रहे कर्मियों की समस्याओं के संबंध में बातें हुई। इस पर मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि इस संबंध में उचित कार्रवाई कर समस्या का समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा। भारतीय मजदूर संघ की ओर बताया गया कि जिन विषयों पर बातचीत हुई है, उनका जल्द से जल्द निराकरण का आश्वासन मंत्री ने दिया है। प्रतिनिधिमंडल में भारतीय मजदूर संघ झारखंड प्रदेश के महामंत्री राजीव रंजन सिंह, संगठन मंत्री बृजेश कुमार, वित्त सचिव चंदन प्रसाद शामिल थे।

### झारखंड में 64 इंस्पेक्टर का होगा प्रमोशन, बनाए जाएंगे डीएसपी

**रांची :** झारखंड सरकार ने 64 इंस्पेक्टर का अब प्रमोशन का रास्ता साफ हो गया है। सरकार ने प्रोन्नति से भरे जाने वाले डीएसपी के 167 स्वीकृत पद थे, वे अब बढ़ाकर 194 कर दिए गए हैं। यानी स्वीकृत पद में 27 की बढ़ोतरी हुई है। जिन 64 रिक्त पड़े पदों पर पुलिस इंस्पेक्टरों को प्रोन्नति मिलेगी, उनमें 61 पद अनरक्षित श्रेणी के हैं। अनुसूचित जनजाति के एक और अनुसूचित जाति के दो पद को शामिल किया गया है। राज्य सरकार ने प्रोन्नति वाले डीएसपी के स्वीकृत पद को भी अब बढ़ा दिया है।

# वार्ड 49 मे विकास का कार्य अब भी निरंतर जारी : जमीला खातून

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** वार्ड संख्या 49 अंतर्गत मिलन चौक से नीम चौक तक एवं पत्थर रोड से वारसी चौक होते हुए काली मंदिर से मिल्लत कॉलोनी स्टार टेंट हाउस एवं सरकारी कुआं से मस्जिद असरा तक बिटुमिनस पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास हटिया विधायक नवीन जयसवाल एवं वार्ड 49 की निवर्तमान पार्षद जमीला खातून के द्वारा किया गया। मौके पर हटिया विधायक हटिया नवीन जायसवाल ने लोगो को बताया कि ये योजना वार्ड की निवर्तमान पार्षद जमीला खातून के कार्यकाल में ही लाया गया था जो किसी कारण से पिछेल ढाई सालों से लंबित था,परंतु जमीला खातून के प्रयास से ये योजना वार्ड 49 की जनता को समर्पित किया गया, जिसके लिए पूरे वार्ड की जनता की तरफ से



मै आपको बधाई देता हूं। जमीला खातून लगातार विकास के प्रति आज भी अग्रसर है। 2 साल से पार्षद का चुनाव नहीं हो पाया है। जिसको लेकर मामला न्यायालय मे चल रहा है। फिर भी आज जमीला खातून के प्रयास से ही पूरे वार्ड में विकार की गंगा बह रही है और आगे भी इनके द्वारा विकास के कार्य पूरे वार्ड किए जायेंगे साथ ही और भी जो कार्य वार्ड मे बचे है उसके लिए भी जमीला खातून ने मांग किया है।जैसे वार्ड मे बच्चों के खेलने के लिए एक पार्क का निर्माण, लड़कियों को हुनर मंद बनाने के लिए सिलाई सेंटर, बच्चे और बच्चियों के लिए कंप्यूटर सेंटर, पूरे वार्ड को स्वच्छ रखने के लिए हर गली में एक डस्टबिन, खुली नालियों के ऊपर स्लैब आदि मांगों पर भी कार्य किया जाएगा। मौके पर विधायक नवीन जयसवाल एवं वार्ड 49 की जनता ने जमीला खातून को विकासशील महिला बताया है आने वाले समय में पूरा समर्थन देने की बाते कही। मौके पर हटिया विधायक नवीन जयसवाल, वार्ड 49 की निवर्तमान पार्षद जमीला खातून, रिजवान हुसैन, जुल्फीकार अली भुट्टो, निजीबुल्ला खान,कुश कुमार , काशिफ सहित वार्ड 49 के सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## राहुल के ऊपर एक रूपये गबन का मामले नहीं है और न ही एक इंच जमीन का मामला : प्रदीप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार द्वारा सोनिया गांधी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी को फर्जी मुकदमों में फंसाने की साज़िश के खिलाफ रांची स्थित ईडी कार्यालय के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया, जिसकी अध्यक्षता युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव शामिल हुए, प्रदीप यादव ने कहा की की नेशनल हेराल्ड पत्रिका 1938 में शुरू हुआ इसका उद्देश्य अंग्रेज हुकूमत के खिलाफ मुहीम को प्रमुखता से छापना इस मामले में बीजेपी गबड़ाई हुआ है और ईडी को आगे कर के राहुल के कद को धूमिल करने की कोशिश की जा रही है। राहुल के ऊपर एक रूपये गबन का मामले नहीं है और न ही एक इंच जमीन का मामला है ऐसे में कोंग्रेसियो को जितना दबाया जायेगा। राहुल गाँधी उतना ही निखरेंगे। वहीं अभिजीत राज ने कहा की ईडी सीबीआई, आईटी ये सभी केंद्रीय एजेंसिया बीजेपी का तोता बन के कार्य कर रही है ये अडानी,अम्बानी के लिए कार्य करती है और राहुल के खिलाफ फर्जी मुकदमा करवाता है। ऐसे में युवा कांग्रेस के हरेक साथी



राहुल गांधी बन कर इस लड़ाई को लड़ेगी। पुलिस ने युवा कांग्रेस के साथी को अरेस्ट कर डोरंडा थाना में लगभग 100 साथी को 2 घंटा तक रखा,इसके बाद झारखण्ड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव कमलेश महतो, मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन रविंद्र सिंह , महिला प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह डोरंडा थाना पहुँचे। इसके बाद निजी मुचलके के बाद सभी को छोडा गया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष उज्जवल तिवारी ,सौरभ अग्रवाल, आफताब आलम,देव शर्मा, सत्यम सिंह,महासचिव प्रतिक सिन्हा , अभिजीत कमल, जमील अख्तर, कोमल कुमारी,शादाब खान,विक्की ठाकुर,विकाश सिंह, सचिव वेद प्रकाश, पूनम यादव ग जिला अध्यक्ष गौरव सिंह, नितेश भारद्वाज, अमित यादव, आजाद अंसारी मोती पासवान, विशाल,अरुण सांगा,नीरज सिंह, अशरफ अली,अमरनाथ मुंडा, समेत तबरेज खान, साजन कुमार,आयुष, इमरान, नीलेश उरांव दीपक साव,अब्दुल मौजूद रहे।

## सद्गुरु आश्रम के लिए दी इलेक्ट्रॉनिक ऑटो और स्कूटी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट की ओर से सद्गुरु आश्रम के लिए इलेक्ट्रॉनिक ऑटो और स्कूटी दी गयी। सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम के लिए बाबूलाल प्रेम कुमार ग्रुप के प्रोपराइटर पंकज कुमार पोद्दार और उनके पूरे परिवार ने सोमवार को एक इलेक्ट्रॉनिक ऑटो और एक इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी दी। प्रणामी ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल ने पोद्दार परिवार के सेवा भावना की सराहना की और आभार प्रकट किया। मौके पर उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई कार्य नहीं है। वहीं अपना घर आश्रम के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि पिछले 15 माह से सद्गुरु अपना घर आश्रम में रह रहे 37 दिव्यांग निराश्रितों की बेहतर देखभाल की जा रही है। उन्होंने कहा कि आश्रम में रह रहे निराश्रितों के लिए अन्य कोई भी सेवा कार्य करना चाहते हैं वे आश्रम में आकर कर



सकते हैं। इस अवसर पर ट्रस्ट के सह संरक्षक विजय अग्रवाल और निर्मल छावनिका, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, सचिव मनोज कुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष सज्जन पाड़िया, पुरणमल सर्राफ, नंदकिशोर चौधरी, संजय सर्राफ सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## झारखंड ताम्बुलि हितैषी समिति की बैठक सम्पन्न



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड के झारखंड ताम्बुलि हितैषी समिति सिल्ली शाखा की एक बैठक रविवार को अशोक कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सिल्ली अंबेडकर पार्क में सम्पन्न हुई। इस बैठक में समाज हित में विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से दिलीप दे,रामकुमार आश,सौरभ आश,देवाशीष दत्ता,नितेश चौधरी, विष्णु लाहा, सुब्रतो चौधरी(बाबुल), कलाचंद चौधरी,रिंकी चौधरी,प्रवीण लाहा,अमर महादानी,विवेक लाहा,षष्ठी पदो लाहा आदि शामिल हुए।

## झामुमो बमने पंचायत कमेटी का गठन



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बमने पंचायत के डून्डू ग्राम में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा खलारी प्रखंड संयोजक मंडली की बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता संयोजक मंडली प्रमुख अनिल पासवान एवं संचालन संयोजक सह बमने पंचयात मुखिया शिवनाथ मुंडा ने किया. बैठक में सर्वसम्मति से बमने पंचायत कमेटी का गठन किया गया. जिसमें पंचायत अध्यक्ष उमा देवी, उपाध्यक्ष सुमन्ती, सचिव बबलू महतो, कोषाध्यक्ष अनिता देवी, संगठन सचिव संतोष लोहरा, सहसचिव सुरेन्द्र महतो के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में सोनी देवी, सारिका देवी, सुकून देवी, सोनी कुमारी, अरविंद लोहरा, तारा देवी, फागु महतो, राजेन्द्र महतो, बिन्नी महतो, आशिष पहान, प्रेम महतो, खुशी महतो, रवी महतो सहित अन्य को शामिल किया गया है. बैठक में मुख्य रूप से संयोजक मंडली सदस्य चितरंजन सिंह, राजकुमार गंझू, अजित चौहान, शिवनाथ मुंडा(मुखिया) सहित अन्य उपस्थित थे.

## आरटीसी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में विश्व रचनात्मकता और नवाचार दिवस का आयोजन



**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र स्थित आरटीसी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी आनंदी में विश्व रचनात्मकता और नवाचार दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर प्योरश डेयरी के निदेशक सह-संस्थापक मनीष पीयूष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।संस्थान के प्राचार्य डॉ. एन. हरि बाबू और आईआईसी अध्यक्ष डॉ.अरविंद कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन उत्पल कुमार राय और कु. लक्ष्मी दीपिका कुमारी ने किया। विश्व रचनात्मकता और नवाचार दिवस ने छात्रों को पारंपरिक शिक्षा की सीमाओं से बाहर सोचने और नवाचार को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## अड़की की बेटी सुषमा ने जेईई मेंस परीक्षा पास की, अब चिंता सता रही है कैसे बनेगी इंजिनियर



**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खूँटी जिले अड़की प्रखण्ड अंतर्गत नौढ़ी गाँव की एक जनजातीय असहाय गरीबी की मार झेलते हुए अभावग्रस्त जिंदगी में अपनी पढ़ाई को जारी रख जेईई मेंस परीक्षा उत्तीर्ण कर गयी है। नाम है उसका सुषमा कुमारी। सुषमा के पिताजी का नौ वर्ष पहले देहांत है चुका है। और माँ ही सुषमा और उसका छोटा भाई को लालन पालन कर रही है। घर की बड़ी? बेटी है जिसकी माँ खेती-बाड़ी करके बच्चों को एक छोटे से कच्चे मकान में रखकर पालन पोषण और पढ़ाई लिखाई करा रही हैं। आज सुषमा के इस बड़ी उपलब्धि से सुषमा की माँ और छोटा भाई काफी खुश है। लेकिन एक तरफ खुशी के आँसू हैं तो दूसरी ओर पश्चाताप का ग़म। जब सुषमा ने यह कह दिया कि पढ़ाई करके पास करने का क्या फायदा जब जिस निमित्त पढ़ाई किये वो हासिल ही नहीं हो पाएगा। वहीं अब सुषमा और उसकी माँ को चिंता में डाल दिया है कि बेटी पढ़-लिखकर गरीबी के कारण कुदाल उठाना पड़ जाएगा।

पिताजी नौ वर्ष पहले कैंसर की बिमारी से मर गये जब वो मात्र चार वर्ष की थी। और उसका छोटा भाई गोद में था। तब से माँ ही एक छोटे से घर में खेती बाड़ी करके पालन पोषण की और पढ़ा लिखा रही है। जो यह गरीबी फिर से सुषमा को आगे बढ़ने से रोकने का रोड़ा और अभिशाप बनाता नजर आ रहा है। कि इंजिनियर बनने का सपना कहीं टूट न जाए। गाँव में अबतक एक भी इंजिनियर नहीं बन पाए और एक जनजातीय गरीब बिना पिताजी के माँ के बुद्धिमानी के कारण इतना पढ़ पायी। लेकिन पढ़ाई करके ज्यादा अफसोस है कि मां के हाथ बँटाने के बजाए पढ़ाई तो की पर अब इंजिनियरिंग करने के लिए पैसे नहीं हैं। सुषमा स्थानीय सांसद विधायक सांसद और जिला प्रशासन से उम्मीद करती है कि वो इंजिनियरिंग की पढ़ाई के लिए मदद करेंगे। तो फिर अपना जीवन बदल पाएगा। नहीं तो आज जैसा है फिर वापस इसी दुनिया में आना पड़ जाएगा।

# 27 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर, 72 खिलाड़ी राज्य स्तर पर, और 6 खिलाड़ी उच्च सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए हुए चयनित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** खूंटी जिले में स्थानीय खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित और प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से, जिला प्रशासन ने रूट्स फाउंडेशन के माध्यम से उत्कर्ष - सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर स्पोर्ट्स, खूंटी परियोजना का शुभारंभ जनवरी 2024 में किया था। यह जिला प्रशासन, खूंटी की अभिनव पहल है, जो खूंटी की खेल परंपरा को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस परियोजना के तहत बच्चों को खेल-विशेष मार्गदर्शन और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे अपनी खेल क्षमताओं को निखार सकें और अपने क्षेत्र, खूंटी, झारखंड को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित कर सकें।उपायुक्त लोकेश मिश्रा के मार्गदर्शन में यह परियोजना बड़ी सफलता प्राप्त कर रही है। इस परियोजना को लेकर उपायुक्त ने कहा कि ÷प्रोजेक्ट उत्कर्ष सिर्फ खेल प्रतिभाओं के विकास का मंच नहीं है, बल्कि यह बदलाव, अवसर और भविष्य निर्माण की पहल है। यह पहल खूंटी की टैलेंटेड पीढ़ी को खेलों के क्षेत्र में एक नई पहचान दिला रही है। जिले में नेसर्गिक रूप से खिलाड़ी मौजूद हैं।÷ रूट्स फाउंडेशन ने विभिन्न खेलों की गाइडलाइनों को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों को सही दिशा में प्रशिक्षित किया, जिससे बच्चों को खूंटी जिले का प्रतिनिधित्व करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हुई।प्रोजेक्ट उत्कर्ष को लागू करने के लिए जिला प्रशासन ने खूंटी के छह प्रखंडों में 20 ट्रायल आयोजित किए, जिसमें 5,000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इन ट्रायल्स से 100 प्रतिभाशाली छात्रों का चयन किया गया, जिनमें 36 छात्रों को हॉकी और फुटबॉल तथा 28 को एथलेटिक्स के लिए चुना गया। ये छात्र 12 से 17 आयु वर्ग में खेलते हैं। छात्रों को जून 2024 में परियोजना के तहत आवासीय सुविधा में शामिल किया गया, जहां वे नियमित रूप से सुबह और शाम खेल विशेषज्ञ ट्रेनर और खेल प्रबंधन टीम के निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उत्कर्ष परियोजना के तहत छात्रों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए उच्च स्तरीय बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराया गया है। छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सरकारी स्कूलों तक समर्पित बस के माध्यम से पहुंचाया जाता है। छात्रों को आवासीय सुविधा में पोषणयुक्त भोजन और स्पोर्ट्स करियर काउंसलिंग का लाभ भी प्रदान किया जा रहा है।

# खलारी के चाइल्ड राइट्स एक्टिविस्ट मुन्नू शर्मा भोपाल में हुए सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में चाइल्ड राइट्स के ऊपर आयोजित दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस में खलारी के चाइल्ड राइट्स एक्टिविस्ट मुन्नु शर्मा को बाल अधिकार के क्षेत्र में कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया. यह सम्मान यूनाइटेड नेशन एसोसिएशन फॉर डेवलपमेंट-पीस यूएनडीपी न्यूयॉर्क, अमेरिका के एक्सक्युटिव डायरेक्टर ड़ा. डोमिनिक एफ डिक्सन के द्वारा चाइल्ड वेल्फेयर के लिए लगातार सक्रिय रूप में कार्य करने के लिए दिया गया.वहीं मध्य प्रदेश शासन के लोक स्वस्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मध्यप्रदेश शासन की महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया के कर कमलों द्वारा किया गया. चाइल्ड कन्जर्वेशन फाउंडेशन इंडिया के द्वारा बाल हित धारक 21 राज्यों के प्रतिनिधियों ने अपने अपने अनुभवों साझा किया. चाइल्ड कन्जर्वेशन फाउंडेशन इण्डिया के द्वारा 250 सफल वेबिनार के समापन पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था. चाइल्ड कन्जर्वेशन देश भर में बालकों की देख रेख उनके अधिकारों कानून में दिए गए बच्चों के प्रति प्रवधानों को बेहतर रूप में कार्य करने के लिए सहायक के रूप में अलग अलग विषयों व क्षेत्रों के जरिये कार्य कर रही है. कार्यक्रम में नेशनल चाइल्ड प्रोटक्शन नई दिल्ली की मेंबर दिव्य गुप्ता, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता निपुण कुमार, मध्य प्रदेश स्टेट सर्विस टैक्स की सहायक कमिशनर रक्षा दुबे स्पीकर्स के रूप में मौजूद थे. वहीं चाइल्ड कन्जर्वेशन फाउंडेशन के अध्यक्ष राघवेंद्र शर्मा सचिव कृपाशंकर चौबे के द्वार इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया.

## राय रेलवे स्टेशन के समीप मालगाड़ी की चपेट में आने से रेलवे कर्मी की हुई मौत

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राय रेलवे स्टेशन फाटक के समीप एक रेलवे कर्मचारी की मालगाड़ी की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई।मृतक रेलवे कर्मचारी की पहचान राय रेलवे स्टेशन में ट्रेकमेन के पद पर कार्यरत 59 वर्षीय रेलकर्मी जानकी राय के रूप मे की गई है।वह मूलरूप से बिहार के गया जिले के टनकुप्पा गांव का रहने वाला बताया गया है।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीती रात्री वह राय रेलवे स्टेशन के रेल क्रॉसिंग के समीप अप लाईन में आरसीएम साइडिंग का रैक लगाने का काम कर रहे थे।इसी बीच मालगाड़ी से कटने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।इधर घटना की सूचना पाकर आरपीएफ व जीआरपी सहित कई रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और आगे की कारवाई शुरु कर दी है।रेलवे प्रबंधन के द्वारा मृतक के आश्रितों को इसकी सूचना दे दी गई है।जबकि रेलवे प्रबंधन के द्वारा मृतक रेलवे कर्मचारी के शव को पोस्टमार्टम कराने की तैयारी की जा रही है।इधर घटना की सूचना पाकर सोमवार की सुबह काफी संख्या में रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी दी।मृतक रेलकर्मी जानकी राय की मौत पर कई रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारियों ने शोक प्रकट किया है।



# चकला प्रीमियम नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट खेल से स्वस्थ्य जीवन का राज जुड़ा है, इसे हर हाल में जारी रखें : मुंतज़िर अहमद रजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** प्रखण्ड क्षेत्र स्थित चकला के बनाचीरा ग्राउंड में छ्दिवसीय चकला प्रीमियम नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का पांचवां दिन का मैच हुसीर 11 बनाम शालू 11 बरियातू के बीच क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। मैच का मुख्य तिथि पूर्व उप प्रमुख मुंतज़िर अहमद रजा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं बॉल को बल्ला से मार कर उद्घाटन किया।जिसमें हुसीर 11 की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 82 रन पूरी टीम सिमट गई। शालू 11 की टीम 83 रनों के लक्ष्य को 7.5 ओवर में 3 विकेट से जीत हासिल कर लिया। शालू 11 के अमान का बेहतरीन खेल प्रदर्शन पर मैन ऑफ द मैच मुख्य अतिथि पूर्व उप प्रमुख मुंतज़िर अहमद रजा ने दिया। वहीं दूसरा मैच कूटे 11 बनाम आनंदी के खेला गया। जिसमें कुटे टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर में 104 रन मारा जिसको पीछा करते हुए आनंदी के टीम 51 रन पर ही सिमट गई। और कुटे के टीम 53 रनों से जीत हासिल की। कुटे के तरफ से बेहतरीन खेलने वाले अकीब को मैन ऑफ द मैच दिया गया।मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व उप प्रमुख मुंतज़िर अहमद रजा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को खेल भावना से ही खेलें. खेल में हार जीत लगी रहती है.जीतने पर अति उत्साह नहीं करना चाहिए न ही हार से निराश होना चाहिए. हार से सबक लेकर अपनी कमियों में सुधार कर आगे बेहतर किया जा सकता है. उन्होंने कहा कि खेल से स्वस्थ्य जीवन का राज जुड़ा है. इसे हर हाल में जारी रखें. इसके साथ ही उपस्थित खिलाड़ियों एवं कमेटी के सदस्यों को बधाई दी. मौके पर मुख्य संरक्षक सह उप प्रमुख रिजवान अंसारी,विधायक प्रतिनिधि अल्पसंख्यक विभाग सफीउल्लाह अंसारी, संरक्षक सह समाजसेवी अब्दुल कयूम अंसारी,पूर्व उप मुखिया आफताब आलम उर्फ कौसर,कमेटी के अध्यक्ष अरशद रजा,उपाध्यक्ष इरफान अंसारी,शकील अहमद, अरमान अंसारी दिलीप महतो,इरशाद अंसारी,खेल प्रभारी शाहिद परवेज मुराद अंसारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा बमने पंचायत कमेटी का हुआ गठन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के बमने पंचायत के डून्डू गांव में सोमवार को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा खलारी प्रखंड संयोजक मंडली की एक बैठक संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता संयोजक प्रमुख अनिल पासवान और संचालन संयोजक सह बमने पंचयात के मुखिया शिवनाथ मुंडा ने किया।बैठक में पार्टी को मजबूत बनाने एवं सदस्यता अभियान चलाने सहित कई अन्य बातों पर विचार विमर्श किया गया।बैठक में सर्वसम्मति से बमने पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमें उमा देवी को पंचायत अध्यक्ष और बबलू महतो को पंचायत सचिव बनाया गया।

वही कोषाध्यक्ष अनिता देवी, उपाध्यक्ष सुमन्ती देवी, संगठन सचिव सन्तोष लोहरा,सह सचिव सुरेन्द्र महतो को बनाया गया।इसके अलावे सोनी देवी,सारिका देवी, सुकून देवी,सोनी कुमारी,अरविंद लोहरा,तारा देवी,फागु महतो,राजेन्द्र महतो,बिन्नी महतो, आसिश पाहन,प्रेम महतो,खुशी महतो,रवि महतो सहित अन्य कई लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।इस बैठक में संयोजक प्रमुख अनिल पासवान,संयोजक मंडली सदस्य चितरंजन सिंह, राजकुमार गंझू,अजित चौहान, मुखिया शिवनाथ मुंडा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# बैंक ऑफ इंडिया, आर-सेटी, खूंटी द्वारा महिला दर्जी एवं वाणिज्यिकी बागवानी प्रशिक्षण का सफल समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** बैंक ऑफ इंडिया के अंतर्गत संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आर-सेटी), खूंटी में आज महिला दर्जी एवं वाणिज्यिकी बागवानी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम खूंटी जिले के विभिन्न प्रखंडों से आई 67 महिलाओं के लिए आयोजित किया गया था, जो एक माह की अवधि तक चला।यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क था, जिसमें प्रतिभागियों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु वस्त्र सिलाई तथा वाणिज्यिक बागवानी के उन्नत तकनीकों की जानकारी दी गई। दर्जी प्रशिक्षण के अंतर्गत कोडरमा से आई प्रशिक्षिका कविता कुमारी ने प्रतिभागियों को शर्ट, पैंट, कुर्ता, पायजामा, ब्लाउज, नाईटी, पेटीकोट आदि परिधान की कटिंग एवं सिलाई के विभिन्न डिजाइनों का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। वहीं वाणिज्यिक बागवानी प्रशिक्षण में प्रशिक्षक अकरम अंसारी ने वैज्ञानिक पद्धतियों से बागवानी, पौधों की देखभाल एवं व्यवसायिक खेती की बारीकियों से सभी को अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को रांची स्थित जे.एस.एल.पी.एस. के केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, काठीटांड़ में भ्रमण हेतु ले जाया गया, जहां उन्हें वस्त्र सिलाई से संबंधित व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शोकसभा का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में सोमवार को शोकसभा का आयोजन किया गया।इस शोकसभा में विद्यालय के कंप्यूटर शिक्षक सुजीत कुमार के माता के निधन पर शोक प्रकट किया गया।मौके पर स्कूल के शिक्षकों व बच्चों ने दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के शिक्षकों ने कहा कि स्कूल के कंप्यूटर शिक्षक सुजीत कुमार की माता पिछले कई महीनो से बीमार थी और शनिवार 19 अप्रैल की रात्रि को उनका निधन हो गया।इस दुःख की घड़ी में पूरा डीएवी परिवार शोकाकुल परिवार के साथ है।इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक एवं बच्चे मौजूद थे।

## हाथी के हमले में युवक गंभीर रूप से घायल

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत खेड़वन गांव निवासी 25 वर्षीय राजू स्वांसी जंगली हाथी के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना रविवार देर शाम की है, जब वह अपने रिश्तेदार के साथ बाइक से रांची जिला के तमाड़, तांगिडीह स्थित एक विवाह समारोह से लौट रहा था।जैसे ही वे सालूकडीह और पपरिदा के बीच मिलन चौक के निकट केनाल सड़क पर पहुंचे, वहां खड़े एक जंगली हाथी से आमना-सामना हो गया। हाथी ने राजू को पटक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया और उसका बायां पैर टूट गया। बाइक पर पीछे बैठे व्यक्ति ने किसी तरह जान बचाकर भागकर अपनी जान बचाई।परिजनों ने घायल राजू को तुरंत सिल्ली स्थित सिंहपुर नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

## जमशेदपुर एफसी ने कलिंगा सुपर कप के लिए 25 सदस्यीय टीम का किया ऐलान



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर एफसी ने आगामी कलिंगा सुपर कप के लिए अपनी 25 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है। हेड कोच खालिद अहमद जमील की अगुआई में टीम 22 अप्रैल को भुवनेश्वर के लिए रवाना होगी, जहां वह हैदराबाद एफसी के खिलाफ राउंड ऑफ 16 के नॉकआउट मुकाबले की तैयारी करेगी। टीम ने रवाना होने से पहले फ्लैटलेट ग्राउंड में अपना अंतिम प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया।आईएसएल 2024-25 में जमशेदपुर एफसी ने शानदार प्रदर्शन किया और प्लेऑफ में जगह बनाई। अब सुपर कप में भी टीम उसी जुझारूपन के साथ उतरना चाहती है। हेड कोच जमील ने कहा, ÷हमने संतुलित टीम का चयन किया है और हर खिलाड़ी की क्षमताओं पर भरोसा है। टीम सूची- गोलकीपर- एल्बिनो गोम्स, अमृत गोप, विशाल यादव, आयुष जेना,डिफेंडर- प्रतीक चौधरी, सेमिनलेन डोंगेल, आशुतोष मेहता, निखिल बारला,मिडफील्डर- जावी हर्नांडेज़, मोबाशिर रहमान, सौरव दास,फॉरवर्ड- जॉर्डन मरे, समीर मुर्मू, इमरान खान।

## स्वतंत्रता सेनानी स्व. सुरेश चन्द्र डे की जयंती पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** साकची बाजार स्थित श्रीलेदर्स में उनके परिवार द्वारा श्रीलेदर्स के संस्थापक एवं स्वतंत्रता सेनानी पूज्यनीय स्व सुरेश चन्द्र डे के जन्मदिन के अवसर पर पुष्पगुछ अर्पित कर उन्हें याद किया गया। उक्त अवसर पर श्रीलेदर्स साकची के स्व आशिष डे के परिवार के सदस्य उपस्थित थे। इसके साथ ही एक सफल स्वपन द्रष्टा के दुरगामी योजनाओं को फलीभूत करने का प्रण भी दोहराया गया। उक्त अवसर पर स्व सुरेश चन्द्र डे द्वारा स्थापित मानवीय मूल्यों को अपने जीवन में अनुसरण का संकल्प लिया गया। देश के प्रति उनकी कुर्बानी और उनके सामाजिक दायित्वों को याद किया गया एवं उसे अक्षरसह पालन करने का संकल्प लिया गया।

## भाजपा ने हफीजुल अंसारी के बयान पर निकाला आक्रोश मार्च



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी के शरीयत संविधान से ऊपर है बयान के खिलाफ भाजपा ने जमशेदपुर में विराट आक्रोश मार्च निकाला। इस मार्च में हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं ने भाग लिया, जिसमें सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक पूर्णिमा साहू और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी प्रमुख रूप से शामिल हुए। मार्च साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय से शुरू होकर उपायुक्त कार्यालय तक पहुंचा।भाजपा नेताओं ने मंत्री के बयान को संविधान का अपमान और लोकतंत्र पर हमला करार दिया। उन्होंने झारखंड सरकार से मंत्री हफीजुल हसन को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की। भाजपा नेताओं ने कहा कि ऐसे बयान संविधान के खिलाफ हैं और इनसे राज्य में उन्मादी तत्वों को बढ़ावा मिल रहा है।

## स्वास्थ्य सेवा को मिली नई ताकत : पूर्वी सिंहभूम में 187 संविदा कर्मियों को नियुक्ति पत्र, तीन पीएचसी में लेबर रूम व कोल्ड चेन शुरू

### - हाट-बाजार स्वास्थ्य शिविर अभियान का राज्यस्तरीय शुभारंभ हुआ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए रविवार को एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत पूर्वी सिंहभूम में चयनित 187 स्वास्थ्यकर्मियों को टाउन हॉल, सिदगोड़ा में आयोजित भव्य समारोह में नियुक्ति पत्र सौंपा गया।स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने नियुक्ति पत्र सौंपते हुए राज्य के हर नागरिक तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि %जो राज्य शिक्षा और स्वास्थ्य में आगे है, उसे प्रगति से कोई नहीं रोक सकता। एएनएम, स्टाफ नर्स, जीएनएम, फार्मासिस्ट, नेत्र सहायक, सामाजिक कार्यकर्ता व पोषण परामर्शदाता जैसे कुल 187 अभ्यर्थियों को नियुक्त किया गया।मंत्री ने पटमदा के लावजोड़ा, जुगसलाई के घोड़ाबांधा और पोटका के आसनबनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लेबर रूम और कोल्ड चेन का उद्घाटन भी किया। डॉ. अंसारी ने पूरे झारखंड में



हाट-बाजार स्वास्थ्य शिविर अभियान का शुभारंभ भी यहीं से किया। उन्होंने कहा कि यह पहल दूर-दराज़ के ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने में मील का पत्थर साबित होगी। मंत्री ने कहा,ईमानदारी और सेवा भाव के साथ कार्य करें। मरीजों से अच्छा व्यवहार करें और राज्य सरकार की नीतियों को धरातल पर उतारें। आपकी सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी है।

**शिक्षा मंत्री ने बताई बहाली की दिशा**

कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि सरकार सभी विभागों में रिक्तियों को भरने की दिशा में तेज़ी से कार्य कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**विधायकों ने रखी क्षेत्रीय स्वास्थ्य ज़रूरतें**

विधायक समीर मोहंती ने घाटशिला में डायलिसिस सेंटर और गुड़ाबांदा में अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्रों की मांग की। विधायक मंगल कालिंदी ने ग्रामीण महिलाओं को अल्ट्रासाउंड जैसी सुविधाएं नजदीक में उपलब्ध कराने पर ज़ोर दिया।समारोह में जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, उपाध्यक्ष पंकज कुमार, उपायुक्त अनन्य मित्तल, उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान,

## पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला में आयोजित शिविर में 41 यूनिट रक्त संग्रह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना, उन्नत भारत अभियान व अन्वेषा संस्था जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर में 41 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। भीषण गर्मी के बावजूद कॉलेज के शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्राओं का हीमोग्लोबिन कम पाए जाने के कारण ज्यादातर छात्राएं रक्त देने से वंचित रहीं। शिविर में अतिथि के रूप में मौजूद विधायक प्रतिनिधि सह कॉलेज के सचिव चंद्रशेखर टुडू ने कहा कि क्षेत्र के किसान मजदूर वर्ग के लोगों को जब भी खून की जरूरत पड़ती है, तो मिलना काफी मुश्किल हो जाता है।इसे ध्यान में रखते हुए सभी के सहयोग के लिए कॉलेज परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सीओ डॉ. राजेंद्र कुमार दास ने कहा कि सुदूर देहात क्षेत्र के कॉलेज में भी छात्र-छात्राओं द्वारा शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना काफी सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम को सहयोगी संस्था अन्वेषा के संस्थापक सचिव अल्पना भट्टाचार्य एवं कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य कृष्णपद महतो व व्याख्याता विश्वनाथ महतो ने भी संबोधित किया। रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाने के लिए झामुमो के युवा नेता महावीर मुर्मू, समाजसेवी गिरिजा प्रसाद मिश्र, मृत्युंजय महतो, बुद्धेश्वर महतो, सुनील वरण महतो, अनिल कुमार तुलस्यान, पंचानन महतो, इंटर कॉलेज के प्राचार्य अरुण कुमार, शाश्वती महतो, चंद्रशेखर महतो, विश्वनाथ महतो, माधुरी, गीता चक्रवर्ती, संगीता महतो, भारती दास, डाकमनी मुर्मू व लक्ष्मी टुडू आदि शामिल हुए।

## फन वर्ल्ड डिजनीलैंड मेला 23 अप्रैल से आमबगान मैदान साकची में

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** बहुप्रतीक्षित फन वर्ल्ड डिजनीलैंड मेला 23 अप्रैल से साकची स्थित आमबगान मैदान में शुरू हो रहा है। उद्घाटन सिटी एसपी कुमार शिवाशिष करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में डीएसपी सुनील चौधरी, श्री भोला प्रसाद सिंह, नीरज, मनोज ठाकुर एवं इंस्पेक्टर आनंद मिश्रा रहेंगे। आयोजक चन्द्रशेखर पर्वत ने बताया कि इस वर्ष सुनामी झूला, रिवॉल्विंग चेयर, और सिंगापुर एयरलाइंस थीम गेट मुख्य आकर्षण होंगे। बच्चों के लिए टोरा टोरा सहित कई झूले होंगे। मेले में विभिन्न प्रांतों के हस्तशिल्प, वस्त्र व फर्नीचर



उपलब्ध रहेंगे। यह मेला न केवल मनोरंजन बल्कि बेरोजगारों को रोजगार देने का भी माध्यम है। गर्मियों की छुट्टियों में यह परिवारों के लिए मनोरंजन व स्वादिष्ट व्यंजनों का केंद्र बनेगा। आयोजन समिति में शत्रुघन गिरी, समरेन्द्र सिंह एवं कौशल किशोर पर्वत भी शामिल हैं।

## जमशेदपुर में योजनाओं की समीक्षा बैठक, समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** स्थित समाहरणालय सभागार में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश पर अनाबद्ध निधि, एमपी-एमएलए फंड, डीएमएफटी, सीएसआर, पर्यटन एवं तकनीकी विभाग की स्वीकृत योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान ने की। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि सभी अधूरे कार्यों को तय समयावधि में पूर्ण किया जाए।उप विकास आयुक्त ने कहा कि इन योजनाओं का मुख्य



उद्देश्य जनकल्याण है, जिनमें स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी, पुल-पुलिया निर्माण आदि शामिल हैं। उन्होंने कार्यों में गति लाने का आह्वान करते हुए गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की बात की। बैठक में कुछ योजनाओं में देरी के कारण कार्य शुरू नहीं हो पाए थे, जिनके लिए संबंधित अभियंताओं को एक सप्ताह के भीतर कार्य शुरू करने का निर्देश दिया गया। बैठक में एडीसी भगीरथ प्रसाद और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संविधान की रक्षा में सजग रहने की अपील : डॉ. इरफान अंसारी





प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी ने झारखंड सरकार के स्वास्थ्य और खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ. इरफान अंसारी का भव्य स्वागत किया। यह आयोजन कांग्रेस कार्यालय, तिलक पुस्तकालय, बिष्टूपुर में जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे की अध्यक्षता में हुआ। मंत्री का स्वागत अंगवस्त्र, गांधी टोपी और बुके देकर किया गया।स्वागत समारोह में जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी ने गठबंधन सरकार की जनहितकारी नीतियों की सराहना की और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लगातार जनहित में कार्य कर रही है। राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार बलमुचू ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनता की समस्याओं के समाधान में आगे रहें और पार्टी की नीतियों का पालन करें।मुख्य अतिथि डॉ. इरफान अंसारी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता संविधान की रक्षा के लिए सजग रहे। भाजपा के उकसावे में आकर हमारे संविधान को नुकसान न पहुंचाएं। उनका उद्देश्य केवल सभी की भलाई करना है।मंत्री ने घाटशिला अनुमंडल अस्पताल की समस्याओं जैसे ब्लड बैंक की आवश्यकता, चिकित्सक की कमी और अस्पताल सुधार पर भी चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इन मुद्दों पर कार्य करने का आग्रह किया।स्वागत समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे, जिनमें राजकिशोर यादव, शफी अहमद खान, रामलाल प्रसाद पासवान और अन्य प्रमुख नेता शामिल थे।

## बानतोड़िया में शिव चड़क पूजा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड की लच्छीपुर पंचायत अंतर्गत श्रीरामपुर, बानतोड़िया गांव में शिव चड़क पूजा के उपलक्ष्य में महादेव गोड़ा किसान समिति द्वारा एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो तथा प्रगतिशील किसान यदुनाथ गोराई उपस्थित रहे।समिति के सचिव अनूप कुमार महतो ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ, जिसमें पश्चिम



मेदिनीपुर की रेनबो नृत्य झंकार टीम ने नृत्य-संगीत प्रस्तुत किया। देर रात पश्चिम बंगाल के जुरू कुमार एवं बिड़रा के सनत महतो की टीम द्वारा छऊ नृत्य की प्रस्तुति दी गई।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी रही। आयोजन को सफल बनाने में भीम महतो, सुखदेव भुइंया, विभूति हांसदा, कालीपद प्रमाणिक, गणेश सिंह, राधागोविंद सिंह सहित कई कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

## बुगरासी में मुस्लिम यूथ एंड स्टूडेंट्स फाउंडेशन का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्तर प्रदेश के कस्बा बुगरासी में मुस्लिम यूथ एंड स्टूडेंट्स फाउंडेशन द्वारा वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 300 से अधिक बच्चों को सम्मानित किया गया। तीन जनपदों के करीब डेढ़ दर्जन केंद्रों से 750 से अधिक बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में सीनियर और जूनियर ग्रुप के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाणपत्र दिए गए।कार्यक्रम में शिक्षाविद जनाब आफाक उर रहमान रहीम खान की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि जुबेद उर रहमान खान उर्फ बब्बन मियां ने बच्चों को शिक्षा के महत्व पर बल दिया। समाजसेवी वक़ार खान ने बच्चों की शिक्षा के लिए हर मदद का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में अटेवा के जिलाध्यक्ष राजन खान, समाजसेवी अंसार खान सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित थे।

## टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में शेर और बाघों के नए बाड़ों का उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने जमशेदपुर स्थित टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में आज नए शेर और बाघों के बाड़ों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर चाणक्य चौधरी, टाटा स्टील जूलॉजिकल सोसाइटी के अध्यक्ष, ने शेरों के लिए बनाए गए नए बाड़े का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ये बाड़े जानवरों के लिए बेहतर आवास और आगंतुकों के लिए बेहतर अनुभव प्रदान करेंगे।इन बाड़ों को टाटा स्टील यूआईएसएल द्वारा डिजाइन किया गया है, जो ग्लास व्यू और खुले प्रकार के बाड़ों के साथ मुख्य जानवर प्रदर्शन क्षेत्र प्रदान करते हैं। यह बाड़े क्षेत्र में शेरों और



बाघों के लिए सबसे उन्नत आवासों में से हैं।वर्तमान में, चिड़ियाघर में दो बाघिनें, सलोनी और सुनैना हैं। हाल ही में, नागपुर के बालासाहेब ठाकरे जूलॉजिकल पार्क से एक नर और एक मादा बाघ, रुद्र और मेघना, को अफ्रीकी ग्रे तोतों के जोड़े के बदले में लाया गया है।टाटा ज़ू भारत का एकमात्र चिड़ियाघर है, जहाँ शुद्ध नस्ल के अफ्रीकी शेर पाए जाते हैं। वर्तमान में, चिड़ियाघर में तीन शेर (दो नर और एक मादा) हैं।

### श्रीलेदर्स के संस्थापक सुरेश चन्द्र डे की 114वीं जयंती पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित

## संस्थापक की दूरदर्शी सोच को नई ऊंचाई दे रहा है श्रीलेदर्स : शेखर डे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** शहर के प्रतिष्ठित उद्योगपति और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. सुरेश चन्द्र डे की 114वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को बिस्टुपुर स्थित श्रीलेदर्स शोरूम परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रीलेदर्स परिवार समेत शहर के कई गणमान्य जनों ने भाग लिया।श्रीलेदर्स के पार्टनर एवं स्व. सुरेश चन्द्र डे के सुपुत्र शेखर डे ने इस अवसर पर कहा कि %1952 में हमारे पिताजी ने साकची में जो सपना देखा था, वह आज एक मजबूत व्यवसायिक संरचना बन चुका है। श्रीलेदर्स आज



केवल एक ब्रांड नहीं, बल्कि लाखों लोगों की आजीविका का साधन है।% उन्होंने आगे कहा कि संस्थापक की दूरदर्शी सोच के अनुरूप आज श्रीलेदर्स देशभर में अपने विस्तार के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण और सुलभ उत्पाद प्रदान करने में जुटा है।कार्यक्रम की शुरुआत स्कूली छात्राओं द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत से हुई, जिसने पूरे वातावरण को भावनात्मक बना दिया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने संस्थापक की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।इस मौके पर श्री शेखर डे के साथ श्रीमती ज्योत्सना डे, श्री बरुण डे, श्रीमती मीरा शर्मा, श्रीमती प्रीतिलेखा रॉय, श्री भास्कर मित्रा, श्री सुरोजित चटर्जी, श्री पी. के. नंदी सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि श्रीलेदर्स का नेटवर्क वर्तमान में झारखंड, बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और दिल्ली जैसे राज्यों में फैला हुआ है। कंपनी अन्य राज्यों में भी अपने विस्तार की योजना पर कार्य कर रही है।

## गुड़ाबांदा में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की जमीन पर की गई घेराबंदी को प्रशासन ने हटाया

▷ **किसान बलराम पातर ने रैयती जमीन होने का किया दावा**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गुड़ाबांदा :** गुड़ाबांदा के वृहद जलापूर्ति योजना के लिए माछभांडार में प्रशासन द्वारा सोमवार को मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में रैयत द्वारा की गई घेराबंदी को हटा दिया गया। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को जिस जमीन पर बनाया गया है उसपर किसान बलराम पातर ने अपनी रैयती जमीन बताते हुए मुआवजा की मांग पर घेराबंदी की थी। उपायुक्त के निर्देश पर प्रशासन की टीम सोमवार को मौके पर पहुंची। बलराम पातर व उनके परिवार के



अन्य सदस्यों ने घेराबंदी बचाने की कोशिश भी की। लेकिन भारी संख्या में महिला बल समेत पुलिस की उपस्थिति के कारण जमीन में की गई घेराबंदी को हटा दी गई । मजिस्ट्रेट के रूप में उपस्थित सीओ मनोहर लिंडा ने जमीन के दावेदार को मंगलवार को अंचल कार्यालय आकर मुआवजा संबंधित आवेदन देने को कहा। इस मामले में जमीन के दावेदार बलराम पातर के मुताबिक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट उनकी रैयती जमीन पर बना दिया गया है। इसको लेकर प्रखंड से लेकर उपायुक्त तक आवेदन दिया जा चुका है। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रशासन द्वारा बिना मुआवजा दिए उनकी जमीन से बेदखल कर दिया गया। मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता दिनकर कुमार, कनीय अभियंता अखलेश कुमार सिंह, थाना प्रभारी सन्नी टोप्पो और सीओ मनोहर लिंडा उपस्थित थे।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# वक्फ कानून तो लागू है

**बेशक** सर्वोच्च अदालत ने वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 के कुछ प्रावधानों पर 'अंतरिम आदेश' जारी किया है, लेकिन कानून पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई है। 'अंतरिम आदेश' भी सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के जरिए, केंद्र सरकार की 'अंडरटेकिंग' के बाद ही, जारी किया गया है। केंद्र की सहमति रही कि अगले आदेश तक वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद में कोई नई नियुक्ति नहीं की जाएगी। यदि राज्य बोर्ड में ऐसी नियुक्ति की जाती है, तो उसे 'शून्य', अमान्य समझा जाए। 'वक्फ बाय यूजर' की संपत्तियों, पंजीकृत, राजपत्रित या गैर-पंजीकृत, को 'डी-नोटिफाई' नहीं किया जाएगा। बताया जाता है कि 'वक्फ बाय यूजर' की 4 लाख से अधिक संपत्तियां हैं। जांच या सर्वे के बाद कलेक्टर वक्फ संपत्ति पर कोई आदेश जारी नहीं करेंगे। इन प्रावधानों पर सॉलिसिटर जनरल ने सर्वोच्च अदालत की न्यायिक पीठ को आश्वस्त किया है कि यथास्थिति बनी रहेगी। केंद्र 7 दिनों की स्वीकृत अवधि के दौरान अपने साक्ष्यों, दस्तावेजों और दलीलों के साथ जवाब सर्वोच्च अदालत में दाखिल करेगा। वैसे न्यायिक पीठ ने सुनवाई की अगली तारीख 5 मई तय की है, लिहाजा तब तक यथास्थिति बनी रहनी चाहिए। यहां गौरतलब यह है कि 13 मई को प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जस्टिस भूषण गवई अगले प्रधान न्यायाधीश होंगे। जाहिर है कि नए सिरे से न्यायिक पीठ का गठन होगा। नए सिरे से मामले की सुनवाई होगी। सवाल है कि क्या यह मामला शीर्ष अदालत में लंबा खिंचेगा अथवा कुछ लटक कर रह सकता है। जस्टिस खन्ना ने इस मामले को 'अपवाद' के तौर पर ग्रहण किया। वह नहीं चाहते थे कि व्यापक स्तर पर कानूनी सुधार करने से पक्षकारों के मौलिक अधिकार प्रभावित हों, लिहाजा 'अंतरिम आदेश' भी जारी किया गया। बहरहाल वक्फ कानून के कुछ प्रावधानों पर यथास्थिति का 'अंतरिम आदेश' दिया गया है। परोक्ष भाव से उन प्रावधानों पर रोक लगाई गई है, लेकिन संशोधित कानून के लगभग 40 अन्य प्रावधान हैं, जिन पर न तो यथास्थिति का आदेश है और न ही रोक लगाई गई है। अर्थात नया कानून अक्षरशः लागू है। ऐसे बयान ओवैसी जैसे याचिकाकर्ताओं ने दिए हैं। सरकार उन प्रावधानों के तहत कार्रवाई कर सकती है। मुसलमान होने या इस्लाम के 5 साल के अभ्यास वाले प्रावधान को भी न्यायिक पीठ ने छुआ तक नहीं है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा है कि यह विशेष स्थिति है। हमने कुछ कमियों की ओर इशारा किया है। कुछ सकारात्मक चीजें भी हैं, लेकिन हम नहीं चाहते कि इतना बड़ा बदलाव किया जाए कि पक्षकारों के अधिकार प्रभावित हों। इस्लाम के 5 साल अभ्यास वाला प्रावधान भी है, लेकिन हम उस पर रोक नहीं लगा रहे।' न्यायिक पीठ ने 'लिमिटेशन एक्ट' वाले प्रावधान को भी नहीं छुआ और न ही उस पर कोई आदेश दिया। ओवैसी का मानना है कि हमें उसका नुकसान होगा, क्योंकि इससे वक्फ संपत्तियों पर कब्जेबाजों को फायदा होगा। बहरहाल यह फिलहाल अंतिम आदेश नहीं है। अभी लंबी कानूनी लड़ाई चलेगी। 'अंतरिम आदेश' पर ही जो नेता और पार्टी प्रवक्ता 'बड़ी जीत', 'मोदी को आईना', 'मोदी सरकार को बहुत बड़ा धक्का' और 'मुंह की खानी पड़ी' सरीखी टिप्पणियां कर फुलफुला रहे हैं, क्या ये अदालत की अवमानना नहीं है? अदालत ने सिर्फ वक्फ के नए कानून पर ही आदेश जारी नहीं किए हैं, बल्कि 1995 और 2013 के वक्फ कानूनों के कई प्रावधानों पर भी नोटिस भेजे हैं। वक्फ गली-गली फैले हैं। वक्फ की करीब 47 फीसदी संपत्तियां पंजीकृत नहीं हैं।


केंद्र की सहमति रही कि अगले आदेश तक वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद में कोई नई नियुक्ति नहीं की जाएगी। यदि राज्य बोर्ड में ऐसी नियुक्ति की जाती है, तो उसे 'शून्य', अमान्य समझा जाए। 'वक्फ बाय यूजर' की संपत्तियों, पंजीकृत, राजपत्रित या गैर-पंजीकृत, को 'डी-नोटिफाई' नहीं किया जाएगा। बताया जाता है कि 'वक्फ बाय यूजर' की 4 लाख से अधिक संपत्तियां हैं। जांच या सर्वे के बाद कलेक्टर वक्फ संपत्ति पर कोई आदेश जारी नहीं करेंगे। इन प्रावधानों पर सॉलिसिटर जनरल ने सर्वोच्च अदालत की न्यायिक पीठ को आश्वस्त किया है कि यथास्थिति बनी रहेगी। केंद्र 7 दिनों की स्वीकृत अवधि के दौरान अपने साक्ष्यों, दस्तावेजों और दलीलों के साथ जवाब सर्वोच्च अदालत में दाखिल करेगा। वैसे न्यायिक पीठ ने सुनवाई की अगली तारीख 5 मई तय की है, लिहाजा तब तक यथास्थिति बनी रहनी चाहिए। यहां गौरतलब यह है कि 13 मई को प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना सेवानिवृत्त हो रहे हैं।


**नेशनल हेराल्ड नाम के अंग्रेजी अखबार की स्थापना 1938 में पंडित नेहरू और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने की थी। इसका स्वामित्व एजेएल के पास था। इसी ने हिंदी में नवजीवन और उर्दू में कौमी आवाज अखबार निकाले थे।**

# नेशनल हेराल्ड : अदालती कार्यवाही का सम्मान करे कांग्रेस

प्रमोद भार्गव


इसी दिन अदालत में केस डायरी भी प्रस्तुत करनी होगी। ईडी इसी प्रकरण में नेशनल हेराल्ड और एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड (एजेएल) से संबंधित 661 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों पर कब्जे की कार्यवाही शुरू कर दी है। ये संपत्तियां दिल्ली, मुंबई और लखनऊ में हैं। इस कार्यवाही के बाद देशभर में कांग्रेस ने सड़कों पर उतरकर राष्ट्रपति के नाम को केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन भी दिए। कहा गया कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की आड़ में लोकतंत्र को कुचला जा रहा है।


**देश** के प्रथम व प्रतिश्ठित राजनीतिक गांधी परिवार की पुत्रवधू सोनिया गांधी और उनके पुत्र राहुल गांधी समेत अन्य के विरुद्ध नेशनल हेराल्ड मामले में मनी लॉनड्रिंग के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पहला आरोप पत्र अदालत में दाखिल कर दिया है। इस मामले में कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा और पत्रकार सुमन दुबे भी आरोपी हैं। दुबे राजीव गांधी फाउंडेशन के ट्रस्टी भी हैं। यह आरोप पत्र 9 अप्रैल 1925 को विशेश जज विशाल गोगने की अदालत में पेश किया गया। अब इस पर अगली सुनवाई 25 अप्रैल को होगी। इसी दिन अदालत में केस डायरी भी प्रस्तुत करनी होगी। ईडी इसी प्रकरण में नेशनल हेराल्ड और एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड (एजेएल) से संबंधित 661 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों पर कब्जे की कार्यवाही शुरू कर दी है। ये संपत्तियां दिल्ली, मुंबई और लखनऊ में हैं। इस कार्यवाही के बाद देशभर में कांग्रेस ने सड़कों पर उतरकर राष्ट्रपति के नाम को केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन भी दिए। कहा गया कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की आड़ में लोकतंत्र को कुचला जा रहा है। जबकि याद रहे यह मामला 2012 का है, उस समय यूपीए गठबंधन की केंद्र में सरकार थी और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। इस मामले की जांच 2015 से चल रही है। मालूम हो जनहित याचिकाएं दायर करने के बुद्धि विशेशज्ञ डॉ सुब्रामण्यम स्वामी ने इस प्रकरण से जुड़ी याचिका 2013 में दाखिल की थी। इस समय भी केंद्र में यूपीए की सरकार थी। अतएव कांग्रेस को ईडी और अदालती कार्यवाही का सम्मान करने की जरूरत है। नेशनल हेराल्ड नाम के अंग्रेजी अखबार की स्थापना 1938 में पंडित नेहरू और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने की थी। इसका स्वामित्व एजेएल के पास था। इसी ने हिंदी में नवजीवन और उर्दू में कौमी आवाज अखबार निकाले थे। दरअसल दो हजार करोड़ रुपए के नेशनल हेराल्ड से संबंधित स्वामित्व व परिसंपत्तियों के हस्तांतरण से जुड़ा एक मामला निजी इस्तगासे के तहत निचली अदालत में विचाराधीन है। याचिकाकर्ता सुब्रामण्यम स्वामी ने अदालत में दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करके यह दावा किया था कि अखबार का मालिकाना हक रखने वाली कंपनी 'द एसोसिएट्स जर्नल्स लिमिटेड' के स्वामित्व और परिसंपत्तियों के हस्तांतरण में धोखाधड़ी की गई है। इससे लाभान्वित होने वाले सोनिया गांधी और राहुल गांधी



हैं। न्यायालय ने पहली नजर में इस मामले को सुनने योग्य माना और प्रक्रिया आगे बढ़ा दी। तभी से कांग्रेस राजनीतिक प्रतिशोध के चलते इस मामले को झूठा ठहराने में लगी हुई है। साफ है, सोनिया, राहुल अपने को फंसता देख जानबूझकर मामले को सियासी साजिश करार देने में लगे हैं। यहां सोचने की जरूरत है कि वाकई न्यायपालिका राजनीति की कठपुतली है तो फिर 2013 में जब स्वामी ने अदालत में याचिका दाखिल की थी, तब अपनी राजनीतिक ताकत का इस्तेमाल इस याचिका को खारिज कराने में क्यों नहीं किया? याचिकाएं लगाने में सिद्धहस्त स्वामी ने कोई इकलौती यही याचिका दाखिल नहीं की, वे कई जनहित याचिकाएं लगाकर अपनी कानूनी लड़ाई को परिणाम तक पहुंचाने में सफल हुए हैं। टूजी स्पेक्ट्रम घोटाले से जुड़ी याचिका भी स्वामी ने शीर्ष न्यायालय में लगाई थी। 1.76 हजार करोड़ के इस घोटाले की याचिका लगाने के समय भी केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी और सोनिया सर्वेसर्वा थीं। बावजूद पुख्ता दस्तावेजी साक्ष्य होने के कारण कांग्रेस के सहयोगी दल के नेताओं को जेल के सींखचों में जाना पड़ा था। यदि न्यायालय राजनेताओं के दिशा-निर्देशन के अनुसार वाकई चलती हैं, तो माननीय सोनिया जी संप्रग सरकार की भद् पिटवाने वाली इस कार्यवाही को क्यों नहीं रोक पाईं? गोया पूरा देश जानता है कि अदालतों का राजनीतिक हस्तक्शेप से कोई वास्ता नहीं है। न्यायालयीन प्रक्रिया स्वतंत्र रूप से कानूनी दायरे में गतिशील रहते हुए अंतिम परिणाम तक पहुंचती है। इस लिहाज से कांग्रेस द्वारा केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को दोशी ठहराना उचित नहीं है। नेशनल हेराल्ड से जुड़ा मामला बेहद गंभीर है। प्रथम दृश्टया दस्तावेजी साक्ष्यों की पड़ताल करने से ही यह साफ हो जाता है कि दाल में कुछ काला है। दरअसल एजेएल नेशनल हेराल्ड अखबार की मालिकाना कंपनी है। कांग्रेस ने एजेएल को 90 करोड़ का कर्ज दिया। इसके बाद 5 लाख रुपए की अंश पूंजी से यंग इंडियन कंपनी बनाई गई। जिसमें सोनिया व राहुल की 38-38 फीसदी भागीदारी तय की गई। शेश बची 24 प्रतिशत की हिस्सेदारी कांग्रेस नेता और पार्टी के कोशाध्यक्श मोतीलाल बोरा और ऑस्कर फर्नांडीज को दी गई। अब दोनों नेता दिवंगत हो चुके हैं। इसके बाद एजेएल के 10-10 रुपए के नौ करोड़ शेयर यंग इंडियन को दे दिए गए। इसके बदले यंग इंडियन को कांग्रेस का कर्ज भी चुकाना था। 9 करोड़ शेयर के साथ यंग इंडियन का एजेएल की 99 फीसदी हिस्सेदारी मिल गईं। इसके बाद उदारता दिखाते हुए कांग्रेस ने 90 करोड़ जैसी बड़ी धनराशि का ॠण भी माफ कर दिया। मसलन कागजों में एक कंपनी का कृत्रिम वजूद खड़ा करके एजेएल का स्वामित्व बड़ी आसानी से हस्तांतरित कर दिया गया। स्वामी ने अदालत में अपनी दलील पेश करते हुए इस प्रकरण में हवाला करोबार को अंजाम देने का संदेह भी जताया था। जाहिर है, मामला बेहद गंभीर है। अब 2000 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति यंग इंडियन को गलत तरीके से स्थानांतरित की गई थी, आरोप है कि संपत्तियों का उपयोग करके फर्जी लेन-देन के जरिए लाखों-करोड़ों की रकम जुटाई गई। फर्जीदान, फर्जी अग्रिम किराया और फर्जी विज्ञापन के रूप में अवैध आय अर्जित की गई। जांच में पाए गए ऐसे ही दस्तावेजी साक्श्यों के आधार पर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया है। याद रहे ईडी ने 2021 से इस मामले की जांच कर रही है। ईडी ने जून 2022 में राहुल गांधी से पांच दिन में पचास घंटे और जुलाई 2022 में सोनिया गांधी से तीन दिन में करीब 12 घंटे पूछताछ की थी। इस मामले में मां-बेटे दिसंबर 2019 से जमानत पर हैं। वास्तव में अब जरूरत तो यह है कि एक जिम्मेदार और अनुभवी राजनीतिक दल होने के नाते सोनिया और राहुल समेत सभी आरोपियों को अपने निर्दोश होने के साक्श्यों के साथ अदालत में अपना पक्श रखना चाहिए। केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराने और संसद से सड़क तक हंगामे की बजाय कानूनी प्रक्रिया के अनुरूप व्यवहार जताने की आवश्यकता है, न कि सड़क पर प्रदर्शन की जरूरत? अदालती कार्यवाही पर भी उंगली उठाना, सर्वथा अनुचित आचरण का प्रतीक है। इस मामले में सोनिया गांधी को अपनी सास इंदिरा गांधी से भी प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने अदालत की कार्यवाही का सामना करने में कभी हिचक नहीं दिखाई। रायबरेली चुनाव में धांधली के आरोप की सुनवाई के दौरान श्रीमती गांधी 18 मार्च 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में हाजिर हुई थीं, वह भी प्रधानमंत्री रहते हुए।

कुछ अलग

# जंजाल की जेलें

**दरअसल** जेल बनाने का मूल मकसद देशकाल, परिस्थिति, भावनात्मक उद्वेग या आपराधिक मनोवृत्ति से अपराध की दुनिया में कदम रखने वाले लोगों में सुधार लाना ही रहा है। जिससे भटके हुए लोग समाज की मुख्यधारा से अलग रहकर आत्ममंथन कर सकें। सजा का मकसद दंड के बजाय सुधार रहा है। लेकिन भारतीय जेलें जिस हाल में हैं, उससे यह मकसद पूरा होता नजर नहीं आता। निस्संदेह, देश में जेलें संकटग्रस्त हैं। ये सभ्य नागरिकों की राह से भटके लोगों को भेड़-बकरियों की तरह भरने वाले स्थानों जैसी हैं। इस बाबत इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2025 कमोबेश इन्हीं स्थितियों का खुलासा करती है। वर्ष 2022 तक 4.36 लाख कैदियों के रहने हेतु बनायी गई जेलों में 5.73 लाख कैदी बंद थे। जो निर्धारित से 131 फीसदी अधिक है। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक जेलों में कैदियों की संख्या 6.6 लाख तक पहुंच सकती है। जो निर्धारित 5.15 लाख की अनुमानित क्षमता से कहीं अधिक होगी। निस्संदेह, यह संकट अनुमान से कहीं अधिक गहरा है। निश्चित रूप से इसे कैदियों के मानवाधिकार का आपातकाल कहा जा सकता है। लेकिन संकट सिर्फ भीड़भाड़ का ही नहीं है। विडंबना देखिए कि पूरी जेल आबादी के लिये सिर्फ 25 मनोचिकित्सक ही हैं। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2012 के बाद कैदियों में मानसिक रोग दुगने आंके गए हैं। इनमें ज्यादातर वे कैदी हैं जो विचाराधीन हैं। जिनका अपराध तय नहीं हो पाया है। न्यायिक प्रक्रिया में विलंब की कीमत उन्हें चुकानी पड़ रही है। वहीं दूसरी ओर जेलों में चिकित्सा व्यवस्था का संकट भी उतना ही गहरा है। जेलों में चिकित्सा अधिकारियों के 43 फीसदी पद रिक्त पड़े हैं। यह व्यवस्थागत खामियों की ही तसवीर है कि देश की राजधानी में 206 कैदियों पर एक चिकित्सक नियुक्त है। यही वजह है कि उचित देखभाल के अभाव में जेलों में तमाम कैदी मानसिक व शारीरिक कष्ट झेल रहे हैं।

आप का नजरीया

# बिजली को झटका

**जिस** राज्य में उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली दी जा रही हो, वहां बिजली चोरी का चिंताजनक स्थिति तक पहुंच जाना, निश्चित ही गंभीर मसला है। पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड को यदि वर्ष 2024-25 में दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है तो उसकी बड़ी वजह पंजाब में बिजली चोरी का बेहद गंभीर स्थिति को पार कर जाना है। ये नुकसान प्रतिदिन के हिसाब से 5.5 करोड़ रुपये बैठता है। इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात तो यह है कि यह नुकसान सिस्टम की विफलता या प्राकृतिक आपदाओं के कारण नहीं हुआ है बल्कि जानबूझ कर सुनियोजित तरीके से की जा रही बिजली चोरी की वजह से हुआ है। राज्य में घाटे में चल रहे लगभग 77 फीसदी फीडर सीमावर्ती और पश्चिमी क्षेत्रों में स्थापित हैं, जिनमें पट्टी, भिखीविंड, अजनाला और जीरा जैसे डिवीजन शामिल हैं, जिनमें से कई संगठित बिजली चोरी के लिए कुख्यात हैं। भूमिगत कुंडी कनेक्शन से लेकर मीटर से छेड़छाड़ और पिलर बॉक्स को निष्क्रिय करके चोरी करना एक आम तरीका बन गया है। आरोप है कि ये चोरी आमतौर पर राजनीतिक व धार्मिक संस्थाओं के संरक्षण में होती है। दरअसल, इस विडंबना को नजरअंदाज करना मुश्किल है कि जबकि लोगों को पहले ही छह सौ यूनिट तक सब्सिडी वाली यानी कि मुफ्त बिजली का लाभ उठाने का मौका मिल रहा है, लेकिन इसके बावजूद बिजली चोरी की प्रवृत्ति कम नहीं हो रही है। दरअसल, पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड का संकट यहीं खत्म नहीं हो जाता। पीएसपीसीएल कुप्रबंधन व व्यवस्थागत संकटों से भी गंभीर रूप से जूझ रहा है। पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड कर्मचारियों की भारी कमी की चुनौतियों से जूझ रहा है। बिजली विभाग में 4900 से अधिक लाइनमैनों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन फिलहाल केवल 1313 लाइनमैन काम कर रहे हैं। अकेले लुधियाना में ही जूनियर इंजीनियर के आधे पद खाली हैं। बिजली चोरी रोकने तथा बेहतर व्यवस्था के लिये कर्मचारी भर्ती अभियान को गति दी जानी चाहिए। दरअसल, पीएसपीसीएल में पर्याप्त कर्मचारी न होने के कारण विभागीय कार्यक्षमता बुरी तरह से प्रभावित है। जब भी किसी इलाके में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न होता है तो तत्काल कार्रवाई बिजली बहाल करने के लिये नहीं हो पाती। फलतः लंबे समय तक बिजली गुल रहने से लोगों की नाराजगी लगातार बढ़ती है। विभाग में पक्के मुलाजिमों की नियुक्ति न होने पर कम वेतन पाने वाले संविदा कर्मचारियों के जरिये व्यवस्था बनाने की कोशिश होती है। जिसके चलते संविदा कर्मचारियों द्वारा अकसर आंदोलन किया जाता है। वे खुद को पक्का करने की मांग करते रहते हैं। उनका आरोप होता है कि कम वेतन देकर उनसे ज्यादा काम कराया जाता है। जानकार मानते हैं कि सिर्फ संविदा कर्मचारियों पर अत्याधिक निर्भरता केवल तदर्थवाद को ही बढ़ाएगी। हालांकि, नियामक आयोग ने इस गड़बड़ी को भी चिन्हित किया है। लेकिन इससे ही समस्या का समाधान संभव नहीं है, संकट के निराकरण को गंभीर प्रयासों की जरूरत महसूस की जा रही है। इस समस्या का व्यापक स्तर पर समाधान तभी संभव है जब राज्य के नेतृत्व द्वारा इच्छा-शक्ति को दर्शाया जाएगा। समय की मांग है कि भारी घाटे वाले फीडरों में वित्तीय प्रबंधन के लिये लक्षित कार्रवाई की जाए। साथ ही लोगों को ईमानदारी से बिजली के उपयोग के लिये प्रोत्साहित किया जाए। उम्मीद की जानी चाहिए कि छेड़छाड़ न किये जा सकने वाले स्मार्ट मीटर लगाने से बिजली चोरी की घटनाओं पर अंकुश लग सकेगा। इस दिशा में उठाए गए कदम समस्या का वास्तविक निस्तारण करने वाले होने चाहिए। साथ ही बिजली चोरी रोकने के लिये सख्त दंड का भी प्रावधान किया जाना जरूरी है। बिजली चोरी में लिप्त लोगों की पहचान होने पर उन्हें दंडित किया जाना जरूरी है। साथ ही ऐसे लोगों को मुफ्त बिजली पाने की योजना का लाभ उठाने के अधिकार से भी वंचित किया जाना चाहिए। दरअसल, सख्त व पारदर्शी दंड व्यवस्था ही चोरी की प्रवृत्ति पर अंकुश लगा सकती है।

देश दुनीया से

# अधिक निवेश से गहन तकनीक को संबल

**भारतीय** स्टार्टअप्स (नव उद्यमों) के ध्यान के केंद्र को लेकर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा की गई टिप्पणी से शुरू हुई बहस नवाचार और रोजगार सृजन के इर्द-गिर्द घूमती रही। मंत्री जी चाहते हैं कि हमारे स्टार्टअप्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रोबोटिक्स, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और ग्लोबल लॉजिस्टिक्स जैसे डीप टेक (गहन तकनीकी) क्षेत्रों में काम करें। जिस तरह सरकार स्टार्टअप्स को बढ़ावा देना चाह रही है, दरअसल, विशाल आकार वाले हमारे उपभोक्ता बाजार से जितने अवसर बन सकते हैं, उसके मद्देनज़र यह अपेक्षा करना उचित भी है। हालांकि, जिस स्थिति का बखान मंत्री महोदय ने किया, उसके पीछे की वजहों पर जब तक हम ध्यान नहीं देंगे, तब तक स्टार्टअप्स के लिए उनकी इस उम्मीद पर खरा उतरना मुश्किल होगा। अधिकांश भारतीय स्टार्टअप्स ने नई तकनीकों के अनुप्रयोग और अपनाने में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन बहुत कम स्टार्टअप्स नई तकनीक को विकसित करने, उसका व्यवसायीकरण करने या फिर भारतीय संस्थाओं द्वारा विकसित तकनीकों एवं खोजों को उद्यमशील उपक्रमों में फलीभूत करने का काम कर रहे हैं। प्रौद्योगिकी विकास को मौलिक अनुसंधान, विश्वविद्यालयों के साथ समन्वय और यथेष्ट जनशक्ति की आपूर्ति वाले पारिस्थितिकी तंत्र की आवश्यकता होती है। भारत ने तकनीकी सेवाओं में अच्छा प्रदर्शन किया है क्योंकि इस क्षेत्र के लिए सुयोग्य इंजीनियरिंग जनशक्ति पर्याप्त मात्रा में थी और इस व्यवसाय में मौलिक शोध की आवश्यकता नहीं पड़ती। देश ने शोध प्रणाली, शिक्षाविदों को साथ



जोड़कर और प्रशिक्षित जनशक्ति के साथ जीवन विज्ञान क्षेत्र में ठीक-ठाक प्रदर्शन किया है। विदेशी कंपनियों के आउटसोर्स रिसर्च एंड डेवेलपमेंट केंद्रों में काम करने वाले भारतीय उनके लिए नए उत्पाद और बौद्धिक संपदा विकसित कर रहे हैं। वे ऐसा इसलिए कर पाते हैं क्योंकि वहां उन्हें भरपूर निवेश का फायदा प्राप्त होता है और तमाम जरूरी उपकरण उपलब्ध हैं। डीप टेक क्षेत्र अत्याधुनिक खोजों और उच्च-स्तरीय नवाचार द्वारा संचालित होते हैं, जो आगे चलकर बुनियादी शोध और विश्वविद्यालयों के उन्नयन में गहन और निरंतर निवेश के माध्यम से ही प्राप्त हो सकते हैं। जब देश अपने सकल घरेलू उत्पाद का 1 प्रतिशत से भी कम अनुसंधान और विकास पर खर्च करेगा, तो स्टार्टअप्स से बिल्कुल नई चीज़ें बनाने की उम्मीद करना अवास्तविक होगा। उदाहरण के लिए, पिछले कुछ वर्षों से भारत में सुर्खियों में रहने वाले डीप टेक विषयों में एक है क्वांटम कंप्यूटिंग। सरकार ने 2031 तक 6,000 करोड़ रुपये (लगभग 735 मिलियन डॉलर) के वित्तपोषण के साथ राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (जिसमें मुख्य ध्यान का केंद्र क्वांटम कंप्यूटिंग पर है) बनाने की घोषणा की है। देखने में यह एक बड़ी राशि लग सकती है, लेकिन अन्य देशों की तुलना में यह कुछ भी नहीं है – चीन ने अपनी क्वांटम प्रौद्योगिकी पहल के वास्ते 15 बिलियन डॉलर का सार्वजनिक निवेश आरक्षित कर रखा है। किसी भी क्षेत्र में शोध पत्रों का प्रकाशन मौलिक शोध का एक अन्य महत्वपूर्ण अवयव होता है। चीन का राष्ट्रीय प्राकृतिक विज्ञान फाउंडेशन क्वांटम कंप्यूटिंग अनुसंधान प्रकाशनों में अपने अमेरिकी समकक्षों से काफी आगे है। हालांकि जब बात पेटेंट की आती है तो आईबीएम, माइक्रोसॉफ्ट और गूगल के अलावा डी-वेव और क्वांटिनम जैसी विशेषज्ञ क्वांटम कंपनियों के पास क्वांटम कंप्यूटिंग से संबंधित पेटेंट बड़ी संख्या में हैं। ये क्वांटम सॉफ्टवेयर स्टैक के मूल स्रोत हैं, जिन पर अन्य कंपनियां निर्भर करती हैं। नतीजतन, इस क्षेत्र में हमारी निर्भरता भविष्य में अंतरराष्ट्रीय कंपनियों पर बढ़ती जाएगी, क्योंकि ऊर्जा से लेकर चिकित्सा तक के क्षेत्रों में समस्याओं के समाधान के लिए डीप टेक का इस्तेमाल पहले से हो रहा है। एक उदाहरण है, नई बैटरी सामग्री की खोज के लिए एआई और उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग (हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग) का संयोजन। हैरानी की बात है कि माइक्रोसॉफ्ट द्वारा विकसित एक एआई मॉडल का उपयोग करके, अमेरिकी ऊर्जा विभाग के पैसिफिक नॉर्थवेस्ट नेशनल लेबोरेटरी के वैज्ञानिक 32 मिलियन संभावित उम्मीदवार सामग्रियों की स्क्रीनिंग करने में सक्षम हुए। वे एक ऐसी नई सामग्री का पता लगा पाए हैं जिसमें लिथियम इलेक्ट्रोलाइट की जरूरत को लगभग 70 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। इस महत्वपूर्ण कार्य का नेतृत्व वैज्ञानिक विजय मुरुगेसन ने किया, जिन्होंने तमिलनाडु के भारथिअर विश्वविद्यालय से पीएचडी की है।

भारत की विरासत

## महाराष्ट्र

# एलोरा की गुफाएं



*गुफाएँ 6वीं और 10वीं शताब्दी के बीच निर्मित हिंदू, जैन और बौद्ध धार्मिक कला का मिश्रण प्रदर्शित करती हैं। इन गुफाओं में धार्मिक नक्काशी के साथ 34 चट्टानी मंदिर और मठ हैं। ये गुफाएँ हिंदू और जैन दोनों संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करने वाली धार्मिक विविधताओं का प्रतीक हैं। दुनिया भर में सबसे बड़ी अखंड संरचनाओं में से एक गुफा 16 में भगवान शिव की प्रतिमा है जो भक्ति के साथ विस्मित करने के लिए एक कलात्मक उत्कृष्टता है। चालुक्य, राष्ट्रकूट और यादव जैसे राजवंशों के प्रभाव को इन गुफाओं के डिजाइनों में योगदान करते हुए देखा जा सकता है। ये गुफाएँ पर्यटकों को समृद्ध सांस्कृतिक और विरासत महत्व के साथ समृद्ध अनुभव प्रदान करती हैं।*

दृष्टि कोण

# खाद्य और जल सुरक्षा को गंभीर चुनौती

**ग्लेशियरों** का तेजी से पिघलना वैश्विक जलवायु संकट का गंभीर संकेत है। यूनेस्को की विश्व जल विकास रिपोर्ट 2025 के अनुसार, यदि यह प्रक्रिया यूं ही जारी रही तो इसके परिणाम विनाशकारी होंगे। इससे दो अरब से अधिक लोगों को पानी और भोजन की भारी किल्लत झेलनी पड़ सकती है। ग्लेशियर पृथ्वी के जल चक्र को संतुलित रखने में अहम भूमिका निभाते हैं, और इनके पिघलने से नदियों का अस्तित्व संकट में पड़ रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना और पर्वतीय क्षेत्रों में घटती बर्फबारी पूरी दुनिया की खाद्य और जल सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। दुनिया में मौजूद 2.75 लाख से अधिक ग्लेशियरों का सात लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र जलवायु परिवर्तन की मार झेल रहा है। संयुक्त राष्ट्र और विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार, सभी 19 ग्लेशियर क्षेत्रों में लगातार तीन वर्षों से नुकसान देखा गया है, जिनमें नार्वे, स्वीडन और स्वालबार्ड जैसे क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित हैं। कोलोराडो नदी का सूखना इस संकट की भयावहता को दर्शाता है। यूनेस्को के अनुसार, दुनिया के 70 फीसदी पेयजल का स्रोत ग्लेशियर ही हैं और इनके विलुप्त होने से जल संकट और भी विकराल हो सकता है। नासा और नेशनल स्नो एंड आइस डेटा सेंटर के शोध के अनुसार वर्ष 2010 से अब तक आर्कटिक और अंटार्कटिका की बर्फ में लाखों वर्ग किलोमीटर की कमी आ चुकी है। वर्तमान में वहां केवल 143 लाख वर्ग किलोमीटर बर्फ शेष रह गई है, जो 2017 के रिकॉर्ड निचले स्तर से भी कम है। वर्ष 2000 से 2023 के बीच ग्रीनलैंड और अंटार्कटिका के ग्लेशियरों से हर साल करीब 270 अरब टन बर्फ पिघल रही है, जो वैश्विक आबादी द्वारा 30 वर्षों में उपयोग किए जाने वाले पानी के बराबर है। नासा के वैज्ञानिक लिनेन बोइसवर्ट के अनुसार, अगली गर्मियों में और भी कम बर्फ बचने की आशंका है। इसका मुख्य कारण मानवीय गतिविधियों द्वारा तापमान में हुई वृद्धि है, विशेषकर जीवाश्म ईंधनों के अत्यधिक उपयोग से। जैसे-जैसे वैश्विक तापमान बढ़ता है, ग्लेशियर बनने की तुलना में कहीं अधिक तेजी से पिघलते हैं, जिससे उनका अस्तित्व खतरे में पड़ रहा है। यह संकट केवल बर्फ के खत्म होने का नहीं, बल्कि पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व पर मंडराते खतरे का संकेत है। सरकारी रिपोर्टों और वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, हिमालयी ग्लेशियर जलवायु परिवर्तन के कारण अलग-अलग दरों से तेज़ी से पिघल रहे हैं। यह न केवल पर्यावरणीय



असंतुलन का संकेत है, बल्कि दक्षिण एशिया की लगभग 160 करोड़ आबादी के लिए जल संकट और प्राकृतिक आपदाओं का खतरा भी बढ़ा रहा है। करीब 33,000 वर्ग किलोमीटर में फैले ये ग्लेशियर ताजे पानी के विशाल भंडार हैं, जिन पर गंगा, सिंधु और ब्रह्मपुत्र जैसी नदियों की जलापूर्ति निर्भर करती है। इन्हें 'एशिया की जल मीनार' और 'दुनिया का तीसरा ध्रुव' कहा जाता है। बीते 40 वर्षों में 440 अरब टन बर्फ हिमालय से पिघल चुकी है, और केवल वर्ष 2010 में ही 20 अरब टन बर्फ का नुकसान हुआ। यह स्थिति और भी चिंताजनक तब हो जाती है जब वैज्ञानिक चेतावनी देते हैं कि यदि वैश्विक तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होती है तो सदी के अंत तक एक-तिहाई और यदि यह वृद्धि 2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचती है तो दो-तिहाई हिमालयी ग्लेशियर समाप्त हो सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने चेतावनी दी कि नेपाल के पहाड़ों से एक-तिहाई बर्फ पहले ही खत्म हो चुकी है। भारत और चीन जैसे प्रमुख कार्बन उत्सर्जकों के बीच बसे इस क्षेत्र में नेपाल के ग्लेशियर 65 फीसदी तक पिघल चुके हैं, और अगर यही हाल रहा तो हिंदूकुश-हिमालय क्षेत्र के 75 फीसदी ग्लेशियर इस सदी के अंत तक नष्ट हो सकते हैं। ग्लेशियरों के इस संकट से यह स्पष्ट है कि अब समय शब्दों का नहीं, कार्यों का है। जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता खत्म करना, वैश्विक तापमान वृद्धि को सीमित करना और जल स्रोतों को संरक्षित करना मानवता की सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। आर्यभट्ट प्रेक्षण एवं विज्ञान शोध संस्थान नैनीताल एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के अध्ययन से पता चला है कि हिमालय में वायु प्रदूषण का मुख्य कारण जीवाश्म ईंधनों का बढ़ता उपयोग है, विशेषकर वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण। हिमालयी क्षेत्र अब शहरीकरण और जनसंख्या दबाव से जूझ रहा है।

## बालूमाथ-खलारी पथ निर्माण कार्य कर रही उपकार इंफ्रा ने रेलवे का पत्थर का धड़ल्ले से कर रहा उपयोग, जिला प्रशासन मौन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ- खलारी मुख्य पथ निर्माण कार्य कर रही उपकार इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड ने धड़ल्ले से टोरी शिव पुर रेल लाइन निर्माण कार्य के दौरान निकाले गए पत्थर का उपयोग कर रही है ।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सड़क निर्माण कार्य में अभी तक लगभग 500 हाईवा अवैध पत्थर का उपयोग किया जा चुका है। यही नहीं इस कंपनी द्वारा तेतरिया खाड कोलयरी से ओबी निर्माण कार्य के दौरान निकल गए पत्थर का भी उपयोग इनके द्वारा कर लिया गया है ।यह कार्य पिछले कई महीनो से लगातार किया जा रहा है। ज्ञात हो कि टोरी शिवपुर रेल लाइन निर्माण कार्य भी इसी कंपनी उपकार इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा कराया गया था। और इसी का फायदा उठा कर रेलवे का पत्थर का उपयोग कर सड़क निर्माण कार्य मे लगा रहा है। रेलवे का पत्थर गोपाली ढाबा के समीप लगभग चार से पाँच सौ हाईवा पत्थर जमा किया था। जिसका उपयोग इस कंपनी के द्वारा हाईवा में पोकलेन लगाकर ढुलाई कर ले जा रहा है। इस तरह देखा जाए तो अभी वर्तमान में एक हाईवा का कीमत लगभग 25 से 30 हजार बाजार मूल्य होती है अभी तक जितना पत्थर का उपयोग किया गया है वह कुल मिलाकर देखा जाए तो लगभग एक करोड रुपए का अवैध पत्थर से गाढ़वाल ,पुल पुलिया का निर्माण कर चुका है। इस संबंध में उपकार इंफ्रा कंपनी के मैनेजर सतीश रेड्डी से पूछे जाने पर कहा कि पत्थर रैयती भूमि से उठाया जा रहा है। यह पूछे जाने पर उठाये जा रहे पत्थर वाला भूमि का आपका लीज है या नहीं तो उन्होंने चुप्पी साध ली। वही लातेहार जिला खनन पदाधिकारी नदीम सैफी ने कहा कि इस तरह का मामला सामने आया है तो जांच कर निश्चित ही कार्रवाई की जाएगी।

## जमीन विवाद को लेकर अंचल में दिया आवेदन मामला का किया निष्पादन सीओ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड अंतर्गत मसूरिया गांव में दो गुटों में जमीन विवाद के मामले में सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा ने सोमवार को निष्पादन किया। सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा ने बताया कि मसोमात निरमा देवी ने गांव के भुनेश्वर यादव, चूरामन यादव, चंद्र यादव, बीरेंद्र यादव व एक अन्य के द्वारा जमीन संबंधी विवाद को लेकर सिमरिया एसडीओ को आवेदन दिया था। जिसे लेकर दोनों पक्षों को बुलाकर कागजात की मांग किया।सीओ ने बताया कि जो जमीन का विवाद दोनों पक्षों का है। उस जमीन का कोर्ट चल रहा है। साथ ही चूरामन यादव द्वारा गैरमजरूआ भूमि पर बनाए जा रहे आवास निर्माण कार्य को सीओ ने रोक लगा दिया है।उन्होंने कहा कि रैयती जमीन पर ही आवास बनाएं, गैरमजरुआ जमीन पर नहीं। इस मौके पर बड़ाबाबु हसमुद्दीन अंसारी समेत अन्य मौजूद थे।

## सीसीएल सीएसआर की बड़ी पहल: चतरा ज़िले के 750 एचआईवी/एड्स मरीज़ों को मिली मच्छरदानियां



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड आम्रपाली-चन्द्रगुप्त क्षेत्र द्वारा अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) योजना के तहत चतरा ज़िले के 750 एचआईवी/एड्स मरीज़ों के बीच मच्छरदानियाँ वितरित की गईं। यह पहल एचआईवी/एड्स प्रभावित मरीज़ों को मलेरिया और डेंगू जैसी जानलेवा मच्छरजनित बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। इस अवसर पर सीसीएल आम्रपाली-चन्द्रगुप्त क्षेत्र के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने मच्छरदानियाँ, हज़ारीबाग डिस्ट्रिक्ट नेटवर्क फॉर पीपल लिविंग विद एचआईवी/एड्स के सचिव बहादुर उराँव और उनके सहयोगियों को सौंपीं। इस कार्यक्रम में महाप्रबंधक (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेक्नोलॉजी) संतोष कुमार सिंह, स्टाफ अधिकारी (असैनिक) रंजन प्रधान समेत अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। सीसीएल की इस पहल का उद्देश्य न केवल स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है, बल्कि समाज में संवेदनशीलता और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करना है। एचआईवी/एड्स मरीज़ों की प्रतिरक्षा क्षमता सामान्य लोगों की तुलना में कमज़ोर होती है, जिससे मलेरिया और डेंगू का ख़तरा अधिक बढ़ जाता है। ऐसे में मच्छरदानियाँ उनके लिए एक सुरक्षित कवच का कार्य करेंगी।

## जेएसएलपीएस के तहत बिरहोर परिवारों के बीच समूह की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत जपुआ में निवास करने वाले आदिम जनजाति के बीच जेएसएलपीएस के तहत समूह का गठन किया गया है। जीस समूह का बैठक सोमवार को किया गया। बैठक आईपीआरपी सुनीता देवी के निर्देशानुसार किया गया। बैठक में सुनीता देवी ने बिरहोर परिवार के सभी महिलाओं को कई जानकारियां बताइए। जिसमें सीआईएफ की राशि बिरहोर परिवार के महिलाओं को दी गई है। उसे वापस करने की बात कही गई। साथ ही साथ आर एफ की राशि भी बिरहोर परिवार के महिलाओं के द्वारा अब तक चुकाया नहीं गया है। जिसे वापस करने के लिए सुनीता देवी ने महिलाओं को बताई है। समूह का नाम चंपा आजीविका सखी मंडल है। जिसका सचिव सुदानी विरवानी कोषाध्यक्ष मुनी बिरहोरीन है।

## चिलचिलाती धूप से त्रस्त हो जंगल से जानवर चढ़ने लगे गांव की ओर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत जंगल से जंगली जानवर गांव के समीप चढ़ने लगे हैं। बताते चलें की इस चिलचिलाती धूप से जानवर व्याकुल हो रहे हैं। उन्हें पानी नहीं मिल पा रहा है। जिसके चलते जंगल से जानवर गांव की ओर जाकर अस्थाई हो जा रहे हैं।बता दे की गांगपुर गांव में मुस्लिम मोहल्ला में एक घर के द्वार पर बंदर भूख और प्यास से ग्रस्त होकर बैठ गया। घर के मालिक के द्वारा जब उस बंदर को बाल्टी में पानी दिया। तो वह पीकर संतुष्ट हुआ। उसके बाद बंदर को कुछ फल खिलाया। तब जाकर बंदर मुस्लिम मोहल्ला से उसके द्वार पर से चला गया। इस तरह से जंगली जानवर गांव में आ



रहे हैं। जिसे देखने को लेकर ग्रामीण भी पहुंच रहे थे।

## पंचायत सचिव ने दर्जनों अबुआ आवास का किया जांच



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय अन्तर्गत सलगा गांव में पंचायत सचिव दिगम्बर पांडेय सोमवार को एक दर्जन अबुआ आवास निर्माण कार्य की जांच किया। इस दौरान पंचायत सचिव दिगम्बर पांडेय ने बताया कि कई अबुआ आवास लाभुकों का छत ढलाई के लिए तीसरी किस्त की राशि देना है। जिसका जिओ टैग कर भुगतान किया जाएगा। साथ ही स्थल का जांच कर लाभुकों को अबुआ आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया है।

## संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडांड़ का 'उन्नत भारत अभियान' ग्रामीण विकास की दिशा में सार्थक पहल




**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** संत जेवियर्स महाविद्यालय, महुआडांड़ द्वारा उन्नत भारत अभियान के तहत गांवों के समग्र विकास को लेकर चलाया जा रहा प्रयास सराहनीय एवं प्रेरणादायक बनता जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य शिक्षित, स्वच्छ, स्वस्थ, स्वावलंबी और संपन्न भारत का निर्माण करना है। कॉलेज के विभिन्न विभागों ने मिलकर आसपास के गांवों में जनजागरूकता, सामाजिक सेवा और संसाधन वितरण का कार्य किया। भूगोल विभाग द्वारा अहिरपुरवा गांव में स्वच्छता सामग्री जैसे चटाई, दरी, झाड़ू, हैंडवॉश आदि वितरित की गई और बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। हिन्दी एवं गणित विभाग ने ऑवराटोली गांव में पर्यावरण संरक्षण और सामूहिक जिम्मेदारी पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यहां ग्रामीणों को पानी के ड्रम, पौधे, दरी और तिरपाल भेंट किए गए। वहीं भौतिकी और वाणिज्य विभाग ने बेहराटोली गांव में कूड़ादान, साबुन, बोतलें आदि वितरित कर अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। बॉटनी और इतिहास विभाग ने चैनपुर गांव में बच्चों के साथ शैक्षणिक गतिविधियां और खेलों का आयोजन किया तथा जैविक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला। राजनीति विज्ञान विभाग के छात्रों ने सेम्बुरभुर्णी गांव का अध्ययन भ्रमण कर ग्रामीण जीवन को नजदीक से समझा। कॉलेज प्रशासन ने इस अभियान को आगे भी जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई है। यह अभियान न केवल ग्रामीणों को लाभ पहुंचा रहा है, बल्कि छात्रों को भी सामाजिक जिम्मेदारी की गहरी समझ दे रहा है।

## सड़क दुर्घटना में दो गंभीर रूप से घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर थाना क्षेत्र के सरयू मार्ग के तरवाडीह पेट्रोल पंप के पास सोमवार की दोपहर तकरीबन 2:30 बजे अज्ञात ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार को पीछे से धक्का मार दिया जिससे मोटरसाइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलो की पहचान सुभाष राणा (बगोदर), अनिकेत सौरभ (दुमका) के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों व्यक्ति शिक्षक थे। तरवाडीह स्कूल से पढ़ाकर लातेहार की और आ रहे थे की इसी बीच ट्रक ने पीछे से धक्का मार दिया। जिससे दोनों व्यक्ति रोड के किनारे जा गिरे। राहगिरो ने घायल अवस्था में देख 108 में फोन कर एंबुलेंस को बुलाया गया और एंबुलेंस की मदद से दोनों घायल को इलाज को लिए लातेहार अस्पताल लाया गया। जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

### आरसीएम का बरवाडीह में एक दिवसीय सेमिनार आयोजन

## स्वास्थ्य रक्षा, स्वावलंबन और महिला सशक्तिकरण मुख्य उद्देश्य : शिव कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** सोमवार को बरवाडीह में राइट कंसेप्ट मार्केटिंग (आरसीएम) के तत्वाधान में सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिंद हरियाणा से स्टार एमराल्ड शिव कुमार शर्मा की उपस्थिति रही।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शर्मा ने बताया कि आरसीएम के तीन उद्देश्य हैं जिनमें स्वास्थ्य रक्षा, स्वावलंबन और महिला सशक्तिकरण। उन्होंने आरसीएम से फायदे गिनाए जिसमें बाजार से कम कीमत पर वस्तु, शुद्धता की गारंटी, स्वयं की खरीद पर दश प्रतिशत आय, बिना पूंजी लगाए एक बड़ा व्यापार, परिवार की आर्थिक सुरक्षा, बेरोजगारों को एक नया रोजगार एवं 45 प्रतिशत कंपनी के मुनाफे में साझेदारी। उन्होंने बताया कि आज लगभग हर इंसान के




समक्ष गरीबी, बेरोजगारी, मंहगाई एवं समय की कमी कई समस्याएं हैं और ये सिस्टम हमें इन सभी समस्याओं से मुक्ति दिलाता है। वहीं स्टार पर्ल अभिमन्यु मेहता द्वारा कार्यक्रम में आरसीएम के सभी उत्पादों की जानकारी दी गई। बताया कि बेहतर स्वास्थ्य रक्षा के लिए बेहतरीन प्रोडक्ट आपको आरसीएम देती है। इसके माध्यम से एक आम आदमी अपने जीवन के सारे सपने पूरे कर सकता है। महिलाओं के लिए बिना कोई रिस्क एक बहुत बड़ा अवसर है। इस मौके पर स्टार पर्ल दीनानाथ मेहता, रॉयल्टी अचीवर रांची से डॉक्टर एसके सुमन, एस के ठाकुर, पीयूसी होल्डर रविंद्र कुमार, शिव कुमार मेहरा, अरुण कु. शर्मा, डॉ.राजू कु. प्रजापति, केदार सिंह, पताली तिवारी समेत सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल रहे।

## आजसू की पहल लाई रंग, सड़क किनारे फ्लैंक भरने का काम शुरू, हादसे के बाद जागा विभाग




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आजसू पार्टी के द्वारा उठाए गए मामले का असर यह हुआ कि सोमवार की दोपहर नगर पंचायत क्षेत्र के मेन रोड के फ्लैंक भरने का काम विभाग द्वारा शुरू कर दिया गया है।आसपास के सड़क के किनारे बने गड्ढों को भरा जा रहा है। यहां बताते चले कि गत दिनो इस स्थान के समीप सड़क दुर्घटना हुई थी। जिसके कारण एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस घटना को आजसू जिलाध्यक्ष अमित पांडेय द्वारा नगर पंचायत और एनएच विभाग की लापरवाही बताया था। और सड़क किनारे फ्लैंक को अविलंब भरवाने की मांग की गई थी। ताकि उक्त बने फ्लैंक के कारण दुर्घटना से बचा जा सके। इस संबंध मे आजसू जिलाध्यक्ष क्या कहते हैं जिलाध्यक्ष अमित पाण्डे ने कहा कि दुर्भाग्यवश, जिस स्थान पर फ्लैंक नहीं भरे गए थे, वहां एक महिला की जान चली गई। यह घटना नगर पंचायत और एनएच विभाग की घोर लापरवाही का परिणाम थी। हमने विभाग से अविलंब कार्रवाई की मांग की थी, ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाएं न हों। आज यह देखकर संतोष हो रहा है कि विभाग ने हमारी मांग पर संज्ञान लेते हुए फ्लैंक भरने का कार्य शुरू कर दिया है। हमारी लड़ाई आगे भी जनता के हित में जारी रहेगी।

## पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में 15वीं संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आगाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में तीन दिवसीय संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ 21 अप्रैल को किया गया। विद्यालय के सांस्कृतिक कला केंद्र में प्रतियोगिता का शुभारंभ आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई ने किया। इस प्रतियोगिता में झारखंड, बिहार और बंगाल के 11 स्कूलों के 67 प्रतिभागी भाग लेगें। इसके पूर्व मुख्य अतिथि श्री गगराई का पारंपरिक आदिवासी लोकनृत्य व गीत के साथ स्वागत किया गया।उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। स्वागत भाषण देते हुए प्राचार्य प्रदीप कुमार ने प्रतियोगिता के रूपरेखा की जानकारी दी। श्री गगराई ने प्रतियोगिता प्रारंभ की घोषणा की। उन्होने कहा कि खेल से ना सिर्फ शारीरीक बल्कि मानसिक मजबूती मिलती है। आज हमारे देश के खिलाड़ी पूरे विश्व में भारत का परचम लहरा रहे है। यहां आज खेलने वाले खिलाड़ी भविष्य में देश का मान बढ़ाएंगे। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा की खेल को खेल भावना से खेलें, क्योंकि खेल में किसी की जीत तो किसी हार तय है। हारने पर निराश ना हों बल्कि और कड़ी मेहतन करें ताकि भविष्य में आप भी जीत सकें। इस कार्यक्रम में लातेहार जिला के योग संरक्षक बलराम सिंह व अभिभावक प्रतिनिधि के रूप में प्रफुल्ल कुमार मौजूद थे।

## भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान संगोष्ठी का आयोजन

### भाजपा नेताओं ने बाबा साहेब के योगदान को किया याद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार रजक के नेतृत्व में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय उपस्थित हुए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान विभाजन के बाद दलित शरणार्थियों की उपेक्षा की गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने बाबा साहेब के निधन के उपरांत दिल्ली में उनके अंतिम संस्कार के लिए दो गज ज़मीन तक नहीं दी। इसके विपरीत, भारतीय जनता पार्टी की नरेंद्र मोदी सरकार ने बाबा साहेब की दूरदर्शी सोच को अपनाते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाएं पहुँचाई हैं और उनके सम्मान में अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास, लातेहार जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, किसान मोर्चा पलामू प्रमंडल प्रभारी गुड्डू सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी यादव, जिला उपाध्यक्ष बृजमोहन राम, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शिला देवी सहित कई भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश कुमार पांडे ने किया।

# झील में डूबे बाबूगांव कोर्रा निवासी आलेख गौरव

❍ घटनास्थल पहुंचे सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, एनडीआरएफ टीम को बुलाया गया हजारीबाग

❍ झील की सुरक्षा और सौंदर्यीकरण अब अनिवार्य है, इसे मैं विधानसभा में उठाऊंगा : प्रदीप प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबूगांव कोर्रा निवासी आलेख गौरव, (उम्र लगभग 35 वर्ष), की सोमवार तड़के एक दर्दनाक हादसे में मृत्यु हो गई। प्रातः लगभग 3ः00 बजे वे झील के किनारे पहुंचे और वहां रखी नाव के माध्यम से झील में तैरने का प्रयास किया। प्रारंभ में सब कुछ सामान्य प्रतीत हुआ, किंतु लगभग 4 से 5 घंटे के भीतर नाव पानी में डूब गई और आलेख गौरव झील की गहराई में समा गए। इस हृदयविदारक घटना की जानकारी जैसे ही उनके परिजनों, मित्रों और स्थानीय निवासियों को मिली, लोग तत्काल झील पर पहुंच गए और उन्हें बचाने के हरसंभव प्रयास किए गए।







कई स्थानीय तैराकों ने भी प्रयास किया, परंतु सफलता नहीं मिली। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए परिजनों द्वारा प्रशासन को सूचना दी गई। तत्पश्चात सदर विधायक प्रदीप प्रसाद को भी इस घटना की जानकारी दी गई। विधायक ने तत्काल जिला प्रशासन एवं उच्च अधिकारियों से संवाद कर एनडीआरएफ की टीम को घटनास्थल पर बुलाने का आग्रह किया।करीब 5 घंटे बीत जाने के बावजूद एनडीआरएफ टीम घटनास्थल पर नहीं पहुंच पाई थी, जिस पर विधायक स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे और वहां मौजूद परिजनों एवं स्थानीय लोगों से बात की। उन्होंने झील क्षेत्र की सुरक्षा और व्यवस्थापन को लेकर चिंता प्रकट की। उन्होंने कहा यह झील हजारीबाग की खूबसूरती का प्रतीक है, परंतु सुरक्षा के मानकों की घोर अनदेखी के कारण आज एक युवा की जान चली गई। इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए मैं विधानसभा में इस विषय को मजबूती से उठाऊंगा। यहां तत्काल सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था आवश्यक है। विधायक ने मृतक के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और प्रशासन से मुआवजा देने तथा जल्द से जल्द शव की खोजबीन में तेजी लाने की मांग की। उन्होंने झील पर खड़े रहकर उच्च अधिकारियों को फोन कर लगातार एनडीआरएफ टीम की लोकेशन ट्रैक की और दबाव बनाया कि रेस्क्यू ऑपरेशन में कोई ढिलाई न हो। खबर लिखे जाने तक एनडीआरएफ की टीम हजारीबाग नहीं पहुंची थी, इस घटना ने एक बार फिर हजारीबाग के पर्यटन स्थलों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकार की अप्रत्याशित घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कड़े कदम उठाए जाएं।

# भीषण सड़क हादसे में एक युवक की गई जान, पाँच घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत बनासो के बिलण्डी में बनासो-अचलजामो मार्ग पर सोमवार को करीब 12ः30 बजे होंडा लिवो पंजीयन सँख्या- जे एच 11ए एफ 2400 और हीरो स्प्लेंडर पंजीयन सँख्या- जे एच 10 ए एफ 6335 की बिलण्डी मोड़ में जोरदार भिंड़त हुई जिससे दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गए। राहगीरों एवं ग्रामीणों ने सड़क दुर्घटना की सूचना विष्णुगढ़ पुलिस को दी, सीएचसी लाने के दौरान गंभीर रूप से घायल मुकेश दास पिता सोबरन रविदास कसियाडीह, जिसकी पुष्टि ड्यूटी पर तैनात डॉ. शाहबान जांचोपरांत की।बाकी पाँच घायलों का डॉ. शाहबान ने अपनी टीम के साथ मिलकर पूरी तत्परता से घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल सचिन कुमार मंडल पिता गंगाधर प्रसाद,कोरिया टांड़,विष्णुगढ़,उम्र करीब 17 वर्ष, डमर रविदास,पिता देवकी रविदास,हरली, पिपचो दारू,उम्र करीब 27 वर्ष कोबेहतर इलाज को लेकर हज़ारीबाग रेफर कर दिया गया। वहीं मृतक की पत्नी शान्ति कुमारी, पति मुकेश दास,पिता मुकेश दास कसियाडीह, सरिया उम्र करीब 7-8 माह एवं मुकेश कुमार पिता सुरेश महतो,सरैयाटांड़ विष्णुगढ़ उम्र करीब 17 वर्ष को दुर्घटना में मामूली चोट आई है।

# एनटीपीसी ने 50 प्रशिक्षित महिलाओं को सिलाई मशीन दिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के द्वारा बड़कागांव एनटीपीसी आईटीआई कॉलेज मैती ढेंगा के सभागार भवन में कंडाबेर पंचायत के 50 प्रशिक्षित महिला के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया गया। यह सिलाई मशीन का वितरण कंडाबर के उन महिलाओं के बीच किया गया जिन्हें जून 2024 में एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के द्वारा सिलाई का प्रशिक्षण दिया गया था। सिलाई मशीन एनटीपीसी सीएसआर विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक कमल राम रजक एवं कंडाबेर के मुखिया दिनेश साव की उपस्थिति में वितरण किया गया। मौके पर एनटीपीसी के पदाधिकारी देवयान दत्ता, रजनीश कुमार और सतीश कुमार मौजूद थे।

# भीमराव अम्बेडकर को देशद्रोही कहने वाली भाजपा राजनीतिक लाभ के लिए गोष्ठी कार्यक्रम कर रही है : साजिद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भाजपा द्वारा निकाली गई आक्रोश रैली एवं आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर गोष्ठी कार्यक्रम पर अपनी प्रतिक्रया देते हुए जिला कांग्रेस कमेंटी अल्पसंख्र्यक विभाग के जिलाध्यक्ष सह कांग्रेस नेता साजिद अली खान ने कहा है कि बीजेपी संविधान को सर्वोपरि कहती है परन्तु संविधान को मानती नही हैं इनके सांसद निशिकांत दूबे सर्वोच्च न्यायालय पर टीका-टिप्पणी करते है ये बेजेपी की दोहरी चरित्र है बीजेपी पूरे भारतवर्ष मे आराजकता फैलाकर केंद्र और राज्य की सता में काबिज रहना चाहती हैं इनको जनता के मुद्दो से कोई सरोकार नही है ये लोग सिर्फ वोट का तुष्टीकरण करना चाहते हैं। हफीजुल हसन के बयान को राष्ट्रविरोधी बतलाने



वालों को यह भी बतलाना चाहिए कि निशिकांत दूबे का बयान किस श्रेणी में आता है जो लोग महात्मा गांधी के हत्यारे नाथुराम गोडसे को पूजते हैं उन्हे संविधान के पक्ष खडे रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है भीमराव अंबेडकर विचार गोष्ठी का आयोजन महज राजनैतिक लाभ प्राप्त करने के लिए यह महज राजनैतिक ड्रामेबाजी है । डा.भीमराव अंबेडकर जब 31 अगस्त 1948 मे हिन्दू कोड बिल लेकर आए थे तो बीजेपी विचारधारा एंव संघ के नेताओ ने इसका घोर विरोध किया श्यामा प्रसाद मुखर्जी, एनसी चटर्जी ) सोमनाथ चटर्जी के पिता) विरोध में खडे थे भीमराव अंबेडकर कि शव यात्रा निकाली थी अंबेडकर जी के जिते जी उनके पुतले दहने किए गए बीजेपी का नेतृत्व नब्बे के दशक तक कोई अम्बेडकर जी का नाम तक नही लेते थे अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में केबिनेट मंत्री सह बीजेपी नेता अरूण शौरी ने अपने लिखी हुई पुस्तक 2शब्ह्यद्बद्बश्चश्चद्बठ्ठद्ग स्रुड्डद्यह्यद्ग त्नशस्त्रह्य मे डा.भीमराव अंबेडकर जी को लालची,स्वार्थी,देशद्रोही, सता का भुखा अंग्रेजो का गुलाम जैसे इत्यादि दर्जनो अपमानजनक शब्द भीमराव अंबेडकर के बारे में लिखे ऐसे चरित्र की बेजेपी डा.भीमराव अम्बेडकर पर गोष्ठी करती है तो पूर्ण रूप से हास्यास्पद मालूम पड़ता है बीजेपी पार्टी नेता और कार्यकर्ता को गोष्ठी कार्यक्रम नही बल्कि पश्चात्ताप कार्यक्रम चाहिए।

# साँसद प्रतिनिधि एवं पत्रकार बंधुओ के बीच चली चाय पर चर्चा

❍विष्णुगढ़ कोनार डीवीसी में उठी थर्मल पावर प्लांट लगाने की माँग।

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ भाजपा पश्चिमी मंडल सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार बरनवाल( दीपू भाई ) रविवार संध्या को अपने आवासीय कार्यालय में विष्णुगढ़ के तमाम पत्रकारों से औपचारिक मुलाकात कर पत्रकारों को अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। साँसद प्रतिनिधि व पत्रकारों के साथ चली चाय पर चर्चा के दौरान साँसद प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार बरनवाल ने कहा कि विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल का विकास व उत्थान कैसे होगा इसमें आप सभी पत्रकार बंधुओं की भी भूमिका अहम होगी। आप सभी हमे इसके सुझाव दें ताकि मैं हज़ारीबाग साँसद मनीष जायसवाल को इन बातों से अवगत कराकर इस क्षेत्र का हमसब मिलकर विकास करें।चर्चा के दौरान बात निकलकर आई कि इस क्षेत्र में पलायन की समस्या रोजगार नही रहने से है,इस समस्या के समाधान के लिए विष्णुगढ़ कोनार डीवीसी क्षेत्र में एक पॉवर प्लांट की स्थापना हो जाये तो इससे हजारों रोजगार के अवसर सृजन किये जा सकते है। थर्मल पॉवर प्लांट के लिए जितनी अहर्ता होती उसकी पूरी अहर्ता यह क्षेत्र रखता है,बस हमारे साँसद की इच्छाशक्ति पर निर्भर करती है। पूर्व में भी इस कार्य को लेकर टीम आ चुकी थी परन्तु उस समय सिर्फ नक्सलवाद ही एक समस्या बनी थी,परन्तु अब वह भी लगभग समाप्त सी हो गई है।कार्यक्रम में जिला कार्यकारिणी सदस्य अमूलयचंद्र पाण्डेय,प्रेस क्लब उपाध्यक्ष संतोष शर्मा,प्रेस क्लब सचिव जीवन सोनी,राजेन्द्र दुबे,ललित कुमार मिश्र, विनय कुमार पाठक,मिथिलेश कुमार बर्मन,श्रीप्रसाद सोनी,घनश्याम पाठक,अजीत कुमार मिश्रा,धीरज शर्मा राजेश्वर महतो, पुरषोत्तम कुमार गुप्ता( पारस ), भाजपा पश्चिमी मंडल कार्यकारी अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल मौजूद थे।



# बरही अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए स्टेट टीम ने दिए कई निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से स्टेट रिव्यू मिशन के तहत सोमवार को बरही अनुमंडलीय अस्पताल का छह सदस्यीय स्टेट टीम ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दल का नेतृत्व डिप्टी डायरेक्टर सह नोडल ऑफिसर डॉ. पंकज कुमार ने किया। उनके साथ राज्य कार्यक्रम समन्वयक राठौड़ विकास, आईडीएसपी राज्य डाटा प्रबंधक सौरभ कुमार, राज्य नर्सिंग सेल की कार्यक्रम सहायक उषा राय, डाटा सहायक एकता कुमारी तथा यूएनडीपी प्रतिनिधि डॉ. श्वेता झा भी मौजूद थीं। निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल की ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, पोस्टमार्टम हाउस, प्रसव कक्ष सहित अन्य महत्वपूर्ण विभागों का जायजा लिया। इस दौरान कई खामियों पर चिंता जताई गई और



सुधार के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के बाद डॉ. पंकज कुमार ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं के संचालन की समीक्षा के तहत यह दौरा किया गया था। उन्होंने कहा कि अस्पताल में मानव संसाधन की भारी कमी है, विशेषकर विशेषज्ञ डॉक्टर जैसे गाइनकॉलजिस्ट और रेडियोलॉजिस्ट की अनुपलब्धता एक गंभीर समस्या है। निरीक्षण टीम ने अस्पताल में बंद पड़ी आरओ मशीन को चालू कराने के साथ ही स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए। टीम ने अस्पताल की समग्र स्थिति पर रिपोर्ट तैयार कर उच्च स्तर पर भेजने की बात कही। निरीक्षण के दौरान जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ. कपिलमुनि प्रसाद, डीएस डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी, बीपीएम नारायण राम, बैम प्रमोद श्रीवास्तव, बिजेंद्र कुमार, लेखा प्रबंधक राकेश पांडेय, मुकेश कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रविशंकर, मृत्युंजय चौरसिया, कुलदीप कुमार, टीपू सुल्तान, मो शमशाद, मोती कुमार समेत कई स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

# विस्थापितों की समस्या का स्थाई निराकरण हेतु बनने वाली कमेटी में देरी होने पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने किया शिकायत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह, चट्टी बरियातू, केरेडारी के विस्थापित प्रभावित ग्रामीणों की समस्याओं के स्थाई निराकरण हेतु बनने वाली कमेटी का गठन नहीं होने पर बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त को आवेदन देकर शिकायत किया है। उन्होंने कहा है कि बड़कागांव विधानसभा अंतर्गत एनटीपीसी के ?द्वारा संचालित कोल माइंस( पंकरी बरवाडीह, चट्टी बरियात, केरेडारी, बादम) के भू-अर्जन, विस्थापन, पुनर्वास मुआवजा निर्धारण, मुआवजा भुगतान, स्थानीय विस्थापितों को नियोजन, पर्यावरण मानकों का अनुपालन, श्रम कानून का अनुपालन, खनन अधिनियम का अनुपालन, जिसमे पांच प्रकार की समस्याएं उभर कर आई,भू-अर्जन, भू-अर्जन की प्रक्रिया, भू अर्जन



विरुद्ध मुआवजा राशि का निर्धारण मुआवजा राशि का भुगतान में विलंब, भूमि पर मुआवजा भुगतान के बिना कब्जा एवं उत्खनन, मकान एवम स्थायी संरचना का मापी सरकारी एजेन्सी से नहीं होना, मकान एंव स्थायी संरचना के मापी के बाद मुआवजा निधर्धारण में अनियमित, विस्थापन, पुनर्वास के लिए निर्धारित नियम अधीनियम, मापदंडों का अनुपालन नहीं होना ,स्थानीय विस्थापितों के नियोजन एवं रोजगार सृजन की पर्याप्त व्यवस्था न होना,सड़क निर्माण, सडक दुर्घटनाएं सार्वजनिक संरचना (स्कूल पंचायत भवन, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र, सरना स्थल, मशान स्थल, मंदिर, मस्जिद, स्मशान घाट, इत्यादि) का निर्माण नहीं होना और पुराने संरचना को ध्वस्त करना,पर्यावरण मानकों के अनुपालन, श्रम कानून का अनुपालन, खनन अधिनियमों का अनुपालन नहीं होना, उपरोक्त बैठक में हुई सहमति के आधार पर वर्णित विषयों की निराकरण हेतु अलग-अलग समिति गठित कर समस्याओं का निराकारण किया जाना था।जनहित एंव विस्थापित हित में स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ-साथ संबंधित विस्थापितों के प्रतिनिधि को भी सदस्य के रूप में सम्मिलित करते हुऐ समिति गठित कर एनटीपीसी विस्थापित की समस्या का स्थायी निराकरण किया होने के लिए समिति गठन किया जाना था।

# फूड सेफ्टी ऑफिसर ने कई खाद्य प्रतिष्ठानों में जांच अभियान चलाया

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त नैंसी सहाय एवं एसीएमओ डॉ शशि जायसवाल के निर्देशानुसार खाद्य प्रतिष्ठानों में नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज सोमवार 21 अप्रैल को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी के द्वारा मैसर्स अनुप कैंटीन, के.बी. महिला महाविद्यालय, मैसर्स होटल उपकार, मैसर्स कमांडो सिक्योरिटी फोर्स, सर्किट हाउस कैंटीन, मैसर्स योलो कैफे एंड लाउंज और मैसर्स बीकानेर एक्सप्रेस के खाद्य पदार्थों निरीक्षण किया गया।इस दौरान एफएसओ द्वारा शहरी क्षेत्र के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने परिसर में साफ-सफाई, स्वच्छता बनाए रखने का निर्देश दिया।उन्होंने कोर्ट परिसर के पास विभिन्न फेरीवालों, खाद्य वेंडिंग प्रतिष्ठानों, सत्तू शरबत ठेलों आदि का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने भोजन और सत्तू तैयार करते समय साफ पानी का उपयोग करने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने ढके हुए कूड़ेदान का उपयोग करने का निर्देश दिया। स्ट्रीट फूड विक्रेता को ऑन स्पॉट फूड रजिस्ट्रेशन निर्गत करते हुए प्रमाण पत्र वितरण किया।खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा लगातार अभियान चला कर किसी भी प्रकार के मिलावट या खाद्य सुरक्षा से संबंधित अपराध को रोकने के लिए कार्रवाई की जा रही है।



# ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं के प्रगति की हुई समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद की अध्यक्षता में सोमवार को ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं राज्य सरकार के द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई।इस बैठक में डीआरडीए निदेशक मां देव प्रिया एवं जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी मौजूद थे। समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में उपविकास आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना, अम्बेकर आवास योजना, अबुआ आवास योजना, मनरेगा अंतर्गत बिरसा कूप संवर्धन योजना, डोभा, आंगनबाड़ी योजना की प्रगति, बिरसा हरित ग्राम योजना, बागवानी योजना, वीर शहिद पोटो हो खेल विकास योजना, पीड़ी जेनरेसन जेएसएलपीएस के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।बैठक में उप विकास आयुक्त ने प्रखंडवार मनरेगा के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति में लक्ष्य के विरुद्ध कम प्रदर्शन करने वाले बीडीओ व बीपीओ पर अप्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कम



प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों के बीडीओ को कार्य की प्रगति में सुधार करने और क्रियान्वित योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने ब्लॉक स्तर पर डीपीएम जेएसएलपीएस, बीपीएम और बीपीओ को समन्वय स्थापित करते हुए कार्य की प्रगति को लेकर नियमित बैठक करने का निर्देश दिया। योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर नियमित ग्राम सभा का आयोजन करने को कहा। बागवानी योजना के मद्देनजर जमीन चिन्हितिकरण कार्य में गति लाने का निर्देश दिया। पोटो हो खेल योजना अंतर्गत खेल के मैदान को विकसित करने के लिए पंचायतों के उच्च विद्यालय,मध्य विद्यालय के मैदान को चिन्हित करने को कहा। बैठक में टीसीबी के कार्य को प्राथमिकता तथा लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बीडीओ को निदेशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सही एवं योग्य लाभुको को ही इस योजना का लाभ मिले। बैठक में सभी बीडीओ को पीएम जनमन योजना के तहत संचालित योजनाओं को जल्द पूर्ण करने का निदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त ने कहा कि सभी पदाधिकारी फील्ड विजिट कर संचालित योजनाओं की गुणवत्ता की जांच करें और उसकी रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित करें। बैठक में सभी प्रखंड के बीडीओ, बीपीओ सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# हजारीबाग मे 11 से 15 मई तक होगा राष्ट्रीय स्तर का ऑल इंडिया चेस टूर्नामेंट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग के खेल इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ने जा रहा है। हजारीबाग डिस्टिक चेस एसोसिएशन के तत्वावधान में ऑल इंडिया चेस फेडरेशन एवं ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन की अनुमति से 11 मई से 15 मई 2025 तक एक भव्य ऑल इंडिया शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता हजारीबाग के प्रतिष्ठित एंजल हाई स्कूल परिसर में आयोजित की जाएगी, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है। इस कार्यक्रम को लेकर सोमवार को एक विशेष प्रेस वार्ता टूर्नामेंट के डायरेक्टर करण जायसवाल,अध्यक्ष विजय कुमार सिंह,सचिव मनमीत अकेला ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता किया. प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के डायरेक्टर करण जायसवाल ने बताया की इस टूर्नामेंट में देशभर से 1000 से भी अधिक प्रतिभागियों के भाग लेने की संभावना है, जिसमें 500 स्थानीय खिलाड़ी एवं 500 अन्य राज्यों से आए हुए प्रतिभागी सम्मिलित होंगे। यह आयोजन न केवल हजारीबाग बल्कि पूरे झारखंड राज्य के लिए गौरवपूर्ण क्षण है। इस पांच दिवसीय शतरंज महोत्सव के लिए 4,50,000/- (चार लाख पचास हजार रुपये) की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। जिस3में प्रथम स्थान 71,000,द्वितीय स्थान 40,000,तृतीय स्थान 25,000,चतुर्थ स्थान 15,000, पाँचवाँ स्थान 11,000 छठा से 10वाँ स्थान 8,000 प्रति विजेता 11वाँ से 15वाँ स्थान 6,500 प्रति विजेता,16वाँ से 25वाँ स्थान 5,500 प्रति विजेता,26वाँ से 35वाँ स्थान 3,500 प्रति विजेता को दिया जाएगा.प्रतियोगिता नौ राउंड्स में आयोजित की जाएगी, जिसमें हर राउंड के लिए तकनीकी व्यवस्था एवं निर्णायकों की पूरी टीम तैनात की जाएगी। इस टूर्नामेंट के



लिए देशभर से आने वाले प्रतिभागियों के ठहरने की व्यवस्था पुलिस अकादमी हजारीबाग में की गई है, जहाँ उन्हें सुरक्षित और सुविधाजनक रात्रि विश्राम की सुविधा दी जाएगी। पुलिस अकादमी से कार्यक्रम स्थल तक प्रतिदिन बस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी ताकि प्रतिभागियों को कोई असुविधा न हो। रजिस्ट्रेशन शुल्क बिहार एवं झारखंड के स्कूली बच्चे से 1000 रु, बिहार एवं झारखंड के वरिष्ठ खिलाड़ी (सीनियर) से1200 रु अन्य राज्यों के स्कूली बच्चे 1200 रु, अन्य राज्यों के वरिष्ठ खिलाड़ी- ?1500 रु लिया जा रहा है. प्रतिभागी 10 मई से ही हजारीबाग पहुँचना शुरू करेंगे। संघ के सचिव मनमीत अकेला ने कहा, इस आयोजन को सफल बनाने के लिए एक छोटी सी टीम दिन-रात मेहनत कर रही है। हम चाहते हैं कि हजारीबाग में चेस को फ्रेंडली स्पोर्ट्स के रूप में देखा जाए और बच्चे डिजिटल युग में भी मानसिक विकास के लिए इस खेल को अपनाएं।मौके पर कोषाध्यक्ष राजन कुमार, संयुक्त सचिव बृजेश कुमार, एवं सदस्य सुमन जायसवाल सहित कई लोग प्रेस वार्ता में मौजूद रहे. यह आयोजन न केवल एक प्रतियोगिता है, बल्कि हजारीबाग के गौरव, सामूहिक संकल्प और युवा प्रतिभाओं के लिए एक मंच है। यह राष्ट्रीय स्तर का आयोजन हजारीबाग की पहचान को नये आयाम देगा।

# बाबा साहब का अपमान सबसे अधिक कांग्रेसी शासन में किया गया : भोला सिंह

❍ कांग्रेसी शासन में संविधान का दुरुपयोग जितना अधिक किया गया किसी शासन में नहीं किया गया :प्रदीप प्रसाद

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान संगोष्ठी का कार्यक्रम हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के कार्यालय में जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह की अध्यक्षता में हुई । सांसद मनीष जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा की देश संविधान से चलता है, ना की शरीयतसे, कांग्रेस पार्टी स्वयं पार्टी हित में देश के संविधान को संशोधन 86 बार कर चुका है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का शासन आने पर ही संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में देश रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का प्रतिमा लगाया गया ।कार्यक्रम को बरकट्ठा विधायक अमित यादव ,हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, सिमरिया विधायक उज्जवल कुमार दास ,अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारी विनोद राम, सुरेंद्र राजमणि द्वारा भी संबोधन की गई हेमंत सरकार के मंत्री हफीजुल हसन द्वारा यह कहां जाने पर की सरकार शरीयत से चलेगी संविधान से नहीं इसके प्रतिक्रिया स्वरूप मंत्री और झारखंड सरकार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी, जिला इकाई द्वारा एक आक्रोश मार्च, निर्मल महतो पार्क से समाहरणालय गेट तक किया गया ।तत्पश्चात भारतीय जनता पार्टी के जिला डेली गेट के द्वारा उपायुक्त हजारीबाग के माध्यम से राज्यपाल को एक ज्ञापन सोपा गया, की तत्काल मंत्री हफीजुल हसन को मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए। कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य केपी ओझा, सुदेश चंद्रवंशी ,हरीश श्रीवास्तव, अशोक यादव, जिला पदाधिकारी रेणुका साहू, रमेश ठाकुर ,आनंद देव ,दामोदर सिंह ,जय नारायण प्रसाद ,कुणाल किशोर, टोनी जैन, शेफाली गुप्ता ,साक्षी राणा ,कृष्णा राम ,मनोज गिरी ,अजीत चंद्रवंशी, मनमीत अकेला ,तनवीर अहमद ,इंद्र नारायण ,कुंवर मनोज सिंह ,रानी शुक्ला, कृष्णा मेहता ,अजीत बक्शी, रणधीर पांडे ,कैलाश यादव ,गुड़िया देवी, फुलवा देवी ,मीरा मेहता ,सत्यभामा शर्मा, अनिल मेहता, प्रकाश कुशवाहा, अरुण राणा ,रामस्वरूप पासवान ,रोहित जी यदिसैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मंत्री जयनारायण प्रसाद द्वारा दी गई।



# वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ सड़क पर उतरे मुस्लिम समाज के लोग, किया विरोध





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सोमवार को एदार ए शरिया रामगढ़ के द्वारा वकफ संशोधन कानून के खिलाफ में मुस्लिम समाज के लोग सड़क पर उतरे विरोध प्रदर्शन किया। सिद्धू कानू मैदान से पैदल मार्च निकाला गया ।जो छतर मांडू स्थित समाहरणालय में जाकर संपन्न हुआ ।रामगढ़ उपायुकत को एक ज्ञापन सोपा गया और कानून को वापस लेने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में शहजादा अनवर ,रियाज अंसारी, मुकीम आलम, कारी मुशताक महशर, मुफ्ती अब्दुल कुद्दूस मिस्बाही कारी मुनौवर सैफी नसीम अख्तर इम्तियाज अंसारी रुस्तम अंसारी मोहम्मद नौशाद शाहिद सिद्दीकी हाजी रईस खान मोहम्मद जाफर आदि के नाम शामिल है।

**विरोध प्रदर्शन में ये थे शामिल**

मौलाना अनवर हुसैन मौलाना हबीब कारी अताउल मुस्तफा मौलाना वाजिद मौलाना सिद्दीक उल कादरी मौलाना सद्दाम कारी मुजाहिद मौलाना कमरुद्दीन कारी बहरुल्लाह हाफिज आरिफ मौलाना अब्दुल मन्नान कारी मुशताक हाफ़िज़ वसीम गुलाम मुस्तफा हाजी अब्दुल रशीद वली हसन मोहम्मदी इजलाल गुलाम ताहा नसीर अहमद मोहम्मद हसीब मोहम्मद सफाकत मोहम्मद इनामुल अंसारी तनवीर मोहम्मद सुल्तान मोहम्मद अनवर मोहम्मद परवेज मोहम्मद आजाद मोहम्मद इरफान मोहम्मद अख्तर मोहम्मद साजिद मोहम्मद सद्दाम गुलाम जिलानी मोहम्मद शमीम गुलाम कादिर वजाहत अली अब्दुल जब्बार मोहम्मद फिरदौस मोहम्मद तय्यब शेर मोहम्मद मोहम्मद इस्लाम शमशेर अंसारी गुलजार अंसारी आदि उपस्थित थे।

# रजरप्पा से सटे गाँव भूचुंगडीह के अवैध आधा दर्ज़न सुरंगनुमा खदान मे भयंकर आग लगी

## कोयला के जहरीला धुआँ से भूचुंगडीह के ग्रामीणो मे दहशत का माहौल





रामगढ़ उपायुक्त, सीसीएल महाप्रबंधक ने आग लगी स्थल मे पहुँचे, लिया जायजा।



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** सीसीएल रजरप्पा से सटे गाँव भूचुंगडीह के समीप भैरवी नदी के किनारे कोयला तस्करो द्वारा वर्षो से संचालित अवैध सुरंगनुमा माइंस मे आग लग गई है आग कैसे लगा कोई अता पता नहीं जिससे जिससे पूरा ग्रामीण क्षेत्र मे दहशत का माहौल बना हुआ है,सीसीएल अधिग्रहित क्षेत्र से बाहर वन विभाग के जमीन पर कोयला तस्करो द्वारा माइंस संचालित किया जा रहा था, 18 अप्रैल को ग्रामीणों द्वारा एक सुरंग से आग का जहरीला धुआँ निकलता देख सीसीएल रजरप्पा के अधिकारियो को दिया गया था परन्तु अधिकारीयों ने सुलगता हुआ आग को गंभीरता से नहीं लिया गया 2 दिनों के बाद अधिकारी पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया गया परन्तु तब तक खदान मे लगे आग विकराल रूप ले चूका था और अन्य सुरंगों मे आग की लहर बहुत अधिक फ़ैल चुकी और काफ़ी भयावह बन गया है, जिससे पास पड़ोस के ग्रामीण दहशत के माहौल मे जीने को मजबूर है।अवैध तरीके से संचालित खदान मे लगी आग को देखने पहुँचे रामगढ़ उपायुक्त चन्दन कुमार एसडीओ अनुराग तिवारी सीओ चितरपुर सहित कई लोग घटना स्थल पर पहुंचकर लिया जायजा, कहा की खदान मे लगी आग को हर हाल मे बुझाने का कार्य किया जाएगा,दोषी कोयला तस्करो पर होगी कार्रवाई, उपायुक्त ने रांची हेड क्वार्टर से पहुँचे सीसीएल के सेफ्टी अधिकारीयों को आवश्यक दिशनिर्देश दिया की अविलम्ब आग की लहर को काबू मे किया जाए तथा पूरी तरह से खदान मे लगी आग को बुझाया जाए।रजरप्पा सीसीएल महाप्रबंधक कल्याण जी प्रसाद 21 अप्रैल को सुबह आग लगी सुरंग नुमा खदान मे पहुँचे और लिया जायजा आग की लपट सुरंग से उड़ता काला धुँवा को देख कहा की बहुत जल्दी आग को बुझाने का त्वरित कारवाई की जाएगी तथा बहुत जल्द आग पर काबू पा लिया जाएगा, फिलहाल सीसीएल द्वारा आग पर काबू पाने के लिए जेसीबी से काम किया जा रहा है तथा पाइप लाइन से पानी लाकर आग को बुझाने का काम सुरु कर दिया गया है। आधा दर्ज़न से अधिक सुरंगों से आग की स्थित भयावह और गंभीर होते जा रहा है, आग पर काबू पाने के लिए लगभग 3 से 4 दिन लग सकता है।जिला प्रशासन और प्रबंधन वन विभाग के प्रयास से बहुत जल्द आग को बुझा लिया जाएगा।

# खनन और औधोगीकरण के नाम पर कॉरपोरेट लूट बंद करो : आदिवासी संघर्ष मोर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** आदिवासी संघर्ष मोर्चा के देशव्यापी कार्यक्रम के तहत आदिवासी संघर्ष मोर्चा रामगढ़ इकाई के देवकीनंदन बेदिया,सरयू बेदिया,रामबृक्ष बेदिया, महादेव मांझी, नागेश्वर मुंडा,लाल कुमार बेदिया, उमेश बेदिया,शंकर मुंडा, फेकन बेदिया इन्द्रदेव करमाली के नेतृत्व में और भाकपा माले के हीरा गोप देवानन्द गोप व पवन कुमार यादव ने रामगढ़ शहर में एक विरोध मार्च निकाला गया जो माले कार्यालय से पुराने बस स्टैंड और पुनः वापस सुभाष चौक में आदिवासी संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक देवकीनंदन बेदिया ने वक्तव्य रखते हुए कहा कि हम राष्ट्रपति महोदया से अपील करते हुए कहना चाहते हैं कि - आदिवासी विरोध प्रदर्शनों के खिलाफ न्यायेतर हिंसा की नीति पूरी तरह से संवैधानिक कानून के विपरीत है और सरकार को माओवादियों से लड़ने की आड़ में ऐसी नीति अपनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। हम राष्ट्रपति महोदया से आग्रह करते हैं कि आप उन आदिवासियों के साथ खड़े हों जो खनन और औद्योगीकरण के नाम पर राज्य के सैन्य समर्थन से की जा रही कॉर्पोरेट लूट के खिलाफ लड़ रहे हैं। कि आप सभी मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, जनांदोलनों के नेताओं और निर्दोष आदिवासियों की रिहाई सुनिश्चित करें जिन्हें गलत तरीके से फंसाया गया है और झूठे मामलों में जेल में डाला गया है।

# वक़्फ़ संशोधन विधेयक धर्मांध कानून निर्माण का खुल्लम खुल्ला कृत्य है : हीरा गोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भाकपा (माले) रामगढ़ जिला सचिव कॉमरेड हीरा गोप ने प्रेस बयान जारी कर कहा की दृढ़ता पूर्वक वक़्फ़ संशोधन विधेयक के खिलाफ है और मोदी सरकार के इस सांप्रदायिक और संविधान विरोधी दांव की निंदा करती है.यह कानून स्पष्ट रूप से दुराग्रहपूर्ण है और मुस्लिम समुदाय व उन्हें संविधान में प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता पर प्रत्यक्ष हमला है. यह विधेयक धर्मांध कानून निर्माण का खुल्लम खुल्ला कृत्य है 2006 की न्यायमूर्ति राजिंदर सच्चर कमेटी की रिपोर्ट ने माना कि वक़्फ़ सामाजिक धार्मिक संस्थान हैं जो कल्याणकारी गतिविधियों में लगे हैं. रिपोर्ट ने वक़्फ़ बोर्डों को पर्याप्त आर्थिक और कानूनी सहयोग के जरिये इन्हें प्रशासनिक तौर पर मज़बूत किये जाने की जरूरत पर बल दिया. इसके ठीक विपरीत प्रस्तावित विधेयक कानून में हिंदुत्व की राजनीतिक विचारधारा की कूटरचना कर देना चाहता है।वक़्फ़ बोर्डों, वक़्फ़ परिषद और अन्य हित धारकों से किसी भी तरह के अर्थपूर्ण विचार विमर्श का सचेत अभाव विधेयक में रेखांकित किया जा सकता है. इसके अलावा विधेयक गैर मुस्लिम सदस्यों को वक़्फ़ बोर्डों में शामिल करने का प्रावधान करता है, जो जानबूझ कर मुस्लिमों को उनके संस्थानों के नियंत्रण से वंचित करता है.हमारे भाकपा (माले) सांसदों ने संसद में इस विधेयक को असंवैधानिक और जन विरोधी करार देते हुए, इसका पुरजोर विरोध किया.मोदी सरकार मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाने, संविधान को तोड़ने- मरोड़ने और सभी नागरिकों के अधिकारों व स्वतंत्रताओं का क्षरण करने के नित नए रास्ते ढूंढने का अभियान जारी रखे हुए है. नागरिकता संशोधन अधिनियम (सी ए ए) ने मुस्लिमों को नागरिकता के मामले में निशाना बनाया, जो कि धर्म के आधार पर भेदभाव न करने के मूलभूत संवैधानिक सिद्धांत के विपरीत था. एकरूपता के आवरण में समान नागरिक संहिता (यू सी सी) मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाती है और अब उत्तराखंड के यू सी सी ने अंतर धार्मिक व अंतर जातीय विवाहों के साथ ही सहमति से वयस्कों के लिव इन संबंधों पर भी तीखा प्रहार कर दिया है.इस विधेयक ने एक बार फिर - राज्य मशीनरी का प्रयोग अल्पसंख्यक अधिकारों को ध्वस्त करने तथा संवैधानिक गारंटियों को समाप्त करते हुए अपने सांप्रदायिक फासीवादी हमले को बढ़ाने- के भाजपा के वास्तविक एजेंडे का पर्दाफ़ाश कर दिया है. भाकपा (माले) इस विधेयक को राज्य सभा से तत्काल खारिज करने की मांग करती है और पूरे देश की जनता का आह्वान करती है कि इस असंवैधानिक कदम के विरुद्ध उठ खड़े हों.

# रजरप्पा छनमस्तिके मंदिर में ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य तथा पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय एवं स्थानीय विधायक ममता देवी ने की पूजा-अर्चना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य तथा पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय तथा रामगढ़ क्षेत्र की विधायक ममता देवी ने रजरप्पा स्थित प्रसिद्ध माँ छनमस्तिके मंदिर में पूजा-अर्चना की। दोनों जनप्रतिनिधियों ने माँ छिन्नमस्तिका से प्रदेश की खुशहाली, विकास और जनकल्याण के लिए आशीर्वाद माँगा। इस दौरान मंदिर परिसर में विधि-विधान से पूजा संपन्न की गई। पूजा के पश्चात मंत्री एवं विधायक ने मंदिर क्षेत्र के सौंदर्यीकरण एवं सुविधाओं के विस्तार के लिए भी प्रतिबद्धता जताई। मौके पर जयशंकर पाठक बजरंग महतो अमित महतो सुधीर मंगलेश सातनू मिश्रा गौरीशंकर मानिक पटेल सगीर अहमद तसलिम अंसारी आदि उपस्थित थे।

# रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर सांसद प्रतिनिधि ने मांडू अंचल अधिकारी से उनके कार्यालय में जाकर मुलाकात की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडू :** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर रामगढ़ नगर परिषद के सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी ने मांडू अंचल अधिकारी से उनके कार्यालय में जाकर मुलाकात की मुलाकात के दौरान क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई वही रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के मानुवा कब्रिस्तान के बगल के तालाब का भूमाफियाओं के द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा तालाब को अतिक्रमण होने से रोका जाए। वहां के ग्रामीणों ने इसके लिखित सूचना सांसद महोदय हजारीबाग उपयुक्त रामगढ़ पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अंतराधिकारी मांडू थाना प्रभारी रामगढ़ को ग्रामीणों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया गया है वही राजस्व कर्मचारियों के द्वारा समय पर दाखिल खारिज मेल जाति आवासीय आय रामगढ़ नगर परिषद में चल रहे प्रधानमंत्री आवास का भूमि जांच प्रतिवेदन प्रमाण पत्र ऑनलाइन खतियान पंजी तू रसीद निर्गत करने की मांग की है मिलने वालों में सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी नगर परिषद भाजपा महामंत्री गौतम राम उपाध्यक्ष विजय गिरी समाजसेवी देवेंद्र गिरी सुरेश कुमार रोहित कुमार प्रदीप गिरी इत्यादि शामिल थे।

# भुचुंगडीह में कोयले की अवैध खदान में लगी आग, दोषियों पर हो कड़ी कार्रवाई : राजीव जायसवाल

- कोयला तस्करी पर सख्त दिखे सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, जिला प्रशासन को घेरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रामगढ़ जिला के विभिन्न क्षेत्रो में कोयला की तस्करी धड़ल्ले से जारी हैं। कोयला तस्करी पर रोक लगाने में जिला प्रशासन विफल साबित हो रहा हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण हैं भुचुंगडीह के अवैध खदान में आग लगना। उक्त बातें रामगढ़ जिला के सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने कहा। सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि भुचुंगडीह गांव में लगभग 5 हज़ार लोग रहते हैं। दो दिन पूर्व भुचुंगडीह के अवैध खदान में आग लग गयी हैं। जो दुःखद घटना हैं। आग आखिर लगा कैसे और कौन कौन अवैध खदान से कोयला की तस्करी कर रहे हैं। इसपर उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। ताकि ऐसे अवैध खदानों को बंद किया जा सके। साथ ही कोयला तस्करों पर कानूनी कार्रवाई हो सकें। उन्होंने जिला प्रशासन के कार्यशैली पर भी सवाल खड़ा किया। उन्होंने यह भी कहा की जहाँ आग लगी है वह क्षेत्र वन भूमि के अंतर्गत आता है और वहाँ अवैध माइनिंग का कार्य में वन विभाग चुप्पी साधे हुए है ।सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि राज्य की सरकार हर मोर्चे में फेल है। कोयला तस्करों के बल्ले बल्ले हैं। रात के अंधेरे में कोयला की तस्करी हो रही है। पर कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर रही है। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि इस मामले की जानकारी हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल को दे दिया गया हैं। यह मामला संसद भवन में भी उठाया जाएगा। आखिर अवैध खदान किसके संरक्षण में चल रहा हैं और भुचुंगडीह में भीषण आग के पीछे दोषी कौन हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी घटना से भुचुंगडीह के लोग डरे सहमे हैं। लोगो के इस दुख की घड़ी में सांसद मनीष जायसवाल खड़े हैं। हर बिंदु की जांच होगी और दोषियों पर कार्रवाई करवाया जाएगा।प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सह रामगढ़ विधानसभा सांसद प्रतिनिधि चंद्र शेखर चौधरी ने कहा कि भूचुंगडीह के अवैध खदान में आग लगना लापरवाही और अवैध उत्खनन का परिणाम है, यह क्षेत्र वन विभाग के अंतर्गत आता है,लेकिन वन विभाग के क्षेत्र में अवैध माइनिंग का कार्य चल रहा है और वन विभाग मूकदर्शक बना हुआ है ।प्रेस कॉन्फ्रेंस में रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल के साथ रामगढ़ विधानसभा सांसद प्रतिनिधि चंद्र शेखर चौधरी,पूर्व जिला मंत्री रमेश वर्मा,चितरपुर मंडल सांसद प्रतिनिधि अर्जुन वर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे ।

# राधा गोविंद विश्वविद्यालय ऑडोटोरियम में पुस्तक विमोचन समारोह भव्य रूप में हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सोमवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ झारखंड के ऑडोटोरियम हॉल में पुस्तक विमोचन कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा,कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह, विशिष्ट अतिथि चतरा सांसद कालीचरण सिंह ,पूर्व सांसद हजारीबाग लोकसभा प्रो (डॉ) यदुनाथ पाण्डेय, समाजसेवी तिलक राज मंगलम,विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी, कुलाधिपति महोदय की धर्मपत्नी फूलमती देवी,प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार,परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार, प्रमुख शिक्षाविद,बुद्धिजीवी वर्ग एवं समाज सेवी उपस्थित थे।आगंतुक सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया।पुस्तक विमोचन सभी आगंतुक अतिथियों द्वारा सभी मुख्य एवं गणमान्य अतिथियों के कर कमलों द्वारा डॉ संजय कुमार की लिखित पुस्तक का विमोचन हुआ। जिसके बाद पुस्तक पर चर्चा- परिचर्चा किया गया। स्वागत भाषण कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार के स्वागत भाषण से हुआ।नृत्य और संगीत का आयोजनकार्यक्रम का शोभा बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय के छात्र- छात्राओं द्वारा झारखंड की संस्कृति पर आधारित स्वागत गान,नृत्य एवं संगीत का शानदार प्रस्तुति रहा। उसके बाद उन्होंने कहा की डॉ संजय प्रसाद सिंह द्वारा लिखित संस्कृति- संस्कार के सुपथ पुस्तक समाज को नई दिशा - दशा प्रदान करेगा।मैं लेखक की लगन और समर्पण की सराहना करता हूं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा विभाग के व्याख्याता डॉ रंजना पांडेय और डॉ अमरेश पांडेय ने किया।धन्यवाद ज्ञापन डॉ संजय प्रसाद सिंह ने सभी आगंतुक अतिथियों एवं समस्त राधा गोविंद विश्वविद्यालय परिवार को आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान गाकर हुआ।मौके पर विजय जायसवाल, दिलीप सिंह,प्रवीण मेहता, सी पी सनतन, प्रो आलोक कुमार, राजू चतुर्वेदी, मनोज मंडल, कमल बगड़िया, संजय प्रभाकर, रंजन कुमार सिंह, अनुपमा सिंह, कृति गौरव, रवीन्द्र शर्मा ,पंकज सिंह, अमरेंद्र गुप्ता, राजेंद्र कुशवाहा, विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, व्याख्यातगण, कर्मचारीगण, एवं सैकड़ों छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे।

# श्री अग्रसेन स्कूल में मना राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस

- कठिन मेहनत बनाती है परीक्षाओं को आसान : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस के अवसर पर सोमवार को श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में सम्मान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पतरातू बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता ने क्लास 12 के विद्यार्थियों को संबोधित किया।बीडीओ श्री गुप्ता ने कहा कि सिविल सेवा दिवस सिविल सेवकों के लिए नागरिकों के हित में खुद को फिर से समर्पित करने, सार्वजनिक सेवा और कार्य में उत्कृष्टता के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने का अवसर है। सरकारी सेवक नीतियों के क्रियान्वयन और सुशासन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। श्री गुप्ता ने बच्चों को मोटिवेट करते हुए कहा कि कोई भी परीक्षा आसान नहीं होती है। लेकिन यदि समर्पण भाव से तैयारी करें, तो यह कठिन भी नहीं होती है। आपकी सफलता इस बात पर निर्भर है कि आप अपने लक्ष्य के प्रति कितनी ईमानदारी से मेहनत कर रहे हैं।बीडीओ ने विद्यार्थियों को यूपीएससी, जेपीएससी, बीपीएससी एवं अन्य परीक्षाओं की तैयारी, इनके सिलेबस, तैयारी के लिए पढ़ाई के घंटे आदि पर चर्चा किया। साथ ही साइंस, आर्ट्स, कॉमर्स के क्षेत्र में कॅरियर की जानकारी दी।स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि लोक सेवक सरकार की व्यवस्था की रीढ़ होते हैं। इनके समर्पण से ही सरकार की योजनाएं लाभुकों तक पहुंच पाती हैं। हमें इनके योगदान का हमेशा सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर बच्चों ने बीडीओ श्री गुप्ता से सिविल सेवा से जुड़े कई सवाल भी पूछा। कार्यक्रम के अंत में निदेशक श्री राजगढ़िया ने बीडीओ को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया।

**क्यों मनाया जाता है सिविल सेवा दिवस।**

बीडीओ श्री गुप्ता ने बच्चों को बताया कि भारत के स्वतंत्र होने के बाद देश के सिविल सेवकों के पहले बैच को सरदार वल्लभ भाई पटेल ने संबोधित किया था। देश के सिविल सेवकों को समर्पित प्रेरक भाषण में सरदार वल्लभ भाई पटेल ने उन्हें भारत का स्टील फ्रेम कहा था। उसी वक्त सरदार वल्लभ भाई पटेल ने घोषणा किया था कि देश के लिए सिविल सेवकों के योगदान का सम्मान करने के लिए हर साल राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस मनाया जाएगा। तब से 21 अप्रैल को यह दिन हर साल मनाया जाता है।

## अनमोल कुमार ने जेईई मेंस सेकंड सेशन में किया बेहतर प्रदर्शन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झरिया चौथाई कुल्ही स्थित किड्स गार्डन स्कूल के छात्र अनमोल कुमार ने जेईई मेंस सेकंड सेशन में 97.11 अंक हासिल कर विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया। वहीं विद्यालय के प्राचार्य स्नेह लता के द्वारा पुष्प कुछ देकर देकर सम्मानित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जबकी विद्यालय के संरक्षक असित कुमार बनर्जी सहित कई शिक्षकों ने अनमोल के इस उपलब्धि पर बधाई एवं अपनी शुभकामनाएं प्रेषित किया। बता दें कि छात्र अनमोल के पिता पेशे से अधिवक्ता हैं और चाचा पत्रकार हैं। अनमोल इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों और पूरे परिवार को दिया। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत ही इस सफलता का श्रेय है।

## जनता श्रमिक संघ के सैकड़ो समर्थकों ने अनुपमा सिंह के नेतृत्व में थामा राष्ट्रीय कोलयरी मजदूर यूनियन



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जनता श्रमिक संघ लोदना एरिया के पूर्व क्षेत्रीय सचिव शैलेन्द्र सिंह (छोटू) एवं रविकांत पासवान ने अपने कमिटी के पदाधिकारियों एवं दर्जनों समर्थकों के साथ राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष अनुपमा सिंह एवं महामंत्री ए के झा से उनके जेयलगोरा कार्यालय में मुलाकात कर मजदूर हित मे साथ कार्य करने की इच्छा जाहिर की। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की कार्यकारी अध्यक्ष ने इस पर प्रसन्नता प्रकट की एवं आश्वासन दिया कि मजदूर हित को ध्यान में रखते हुए आप सभी के साथ एवं सहयोग से भविष्य में सभी कार्य किये जायेंगे। मौके पर महेश सिंह, अजय पासवान, राजकुमार राम, मुरली राम, अमरेंद्र कुमार सिंह, राजू सिंह, मुन्ना चौहान, जदू राम, लाल यादव, संजय निषाद, पवन पासवान, चंपा पासवान, ममता गुप्ता, मिट्ठू गुप्ता, सोनू सिंह, राहुल सिंह, सूरज पासवान, रंजीत रवानी, वीरेंद्र यादव, गुड्डू सिंह, पवन पासवान, अनिल बावड़ी, छोटू बावड़ी, जीतू भुइया, कपिल राय, हरे राम मल्लाह, धर्मेंद्र सिंह, गणेश पासवान, सूरत सिंह, राजू सिंह इत्यादि विशेष रूप से उपस्थित थे।

## डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के निमित संगोष्ठी का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अग्रवाल धर्मशाला, झरिया में भाजपा, अनुसूचित जाति मोर्चा, धनबाद महानगर द्वारा भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के निमित संगोष्ठी आयोजित हुई। वक्ताओं ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन हम सभी के लिए सतत प्रेरणा-पुंज है। उनका सम्पूर्ण जीवन सामाजिक न्याय, समानता एवं मानव बंधुत्व जैसे उच्च आदर्शों की प्रतिष्ठा का अनुपम उदाहरण है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के पूर्व प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, धनबाद सांसद ढुल्लू महतो, जिलाध्यक्ष श्रवण राय, धनबाद विधायक राज सिन्हा, झरिया विधायक रागिनी सिंह, जिला पदाधिकारीगण सहित सैकड़ों कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### पुनर्वासिन एवं पुनर्व्यवस्थापन को लेकर बैठक आयोजित

# उपायुक्त ने दिया अच्छा पैकेज बनाने का निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय के सभागार में टासरा ओपन कास्ट प्रोजेक्ट के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें पूर्व में आर एंड आर पॉलिसी के तहत लिए गए निर्णय को किस हद तक और कैसे कार्यान्वित किया जा रहा है, पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही भविष्य में आने वाली चुनौतियां एवं विस्थापित होने वाले लोगों को बेहतर सुविधा तथा आवश्यकता अनुसार रोजगार देने की चर्चा की गई। इसके अलावा समाज में समानता और आर्थिक मजबूती बनाए रखने के लिए नन टाइटल होल्डर को पुनर्व्यवस्थापित करने पर चर्चा की गई।बैठक में उपायुक्त ने सेल के प्रतिनिधि को बैठक में उठाए गए मुद्दों को अगली बैठक से पहले, सभी विकल्पों पर कंपनी की सहमति से एक अच्छा पैकेज बनाने का निर्देश दिया। वहीं विधायक सिंदरी ने स्थानीय लोगों को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित कर रोजगार मुहैया कराने का अनुरोध किया। साथ ही उनको दिए जाने वाले आवास के संबंध में अपने सुझाव दिए। बैठक में सेल के महाप्रबंधक ने विस्थापित होने वाले परिवारों के लिए कई बिल्डिंग प्लान तथा विस्थापन पैकेज के संबंध में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन से प्रस्तुति दी।बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, विधायक सिंदरी चंद्रदेव महतो, नगर आयुक्त रविराज शर्मा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राम नारायण खलको, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक शिबाराम बनर्जी, महाप्रबंधक टासरा एस.के. कुरील, वार्ड 53 की निवर्तमान पार्षद चंपा देवी के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## प्रभात सरोलिया ने वन नेशन वन इलेक्शन का किया विरोध

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** बैंक मोड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष प्रभात सरोलिया ने गैर राजनीतिक संगठन चैंबर ऑफ कॉमर्स के राजनीतिकरण का विरोध किया है। बैंक मोड़ उन्होंने कहा कि धनबाद ज़िला चैंबर ऑफ कॉमर्स जो खुद का चुनाव समय पर नहीं कर पाता है, हिसाब किताब का ऑडिटेड बैलेंस शीट नहीं दे पाता है, वो आज वन नेशन वन इलेक्शन जैसे गंभीर मुद्दे पर एक पार्टी से जुड़े लोगों की भीड़ बुला कर ज्ञान बाँट रहा है। इतना गंभीर विषय जिस पर संसद के दोनों सदन के नेताओं की ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमिटी चर्चा कर रही है, उस जे.पी.सी के सदस्य देश के बड़े बड़े महानुभाव है, सुप्रीम कोर्ट के लॉयर्स हैं, लेकिन धनबाद के जिला चैंबर को ईस पर चर्चा करनी है। व्यापारियों से जुड़े मुद्दों पर तो इस चैंबर को सांप सूंघ जाता है। देश मे इतना इंफ्रास्ट्रक्चर है ही नहीं की एक साथ चुनाव करवा सके। जब हर चुनाव कई चरणों मे दो-तीन महीने मे होता है तो पुरे देश और राज्यों का एक साथ चुनाव तो साल भर मे भी नहीं हो पायेगा। ऐसे मे लगातार साल भर अचार सहिंता व्यापारी, आम आदमी झेलेगा क्या।

## काव्य ओ संस्कृति प्रमेर खुशीमना द्वैरथ ने नाट्यसम्राज्ञी विनोदिनी यात्रा अनुष्ठान का किया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** हीरापुर हरि मंदिर में काव्य ओ संस्कृति प्रेमेर खुशीमना द्वैरथ द्वारा नाट्यसम्राज्ञी विनोदिनी यात्रानुष्ठान का आयोजन किया गया। यात्रा का निर्देशन तपन राय ने किया। रामकृष्ण की भुमिका तपन राय ने, गिरिश घोष की भुमिका सुदीप विश्वास ने, सुरत की भूमिका अनिन्दिता साहा ने, विनोदिनी की भुमिका वन्दना घोषाल ने, हृदय की भुमिका मनोजित सान्याल ने, राम की भुमिका मनोज मजुमदार ने, गुर्मुख राय की भुमिका कल्याण गुप्त ने, रसराज की भुमिका आशीष भट्टाचार्य ने, रांगाबाबु की भुमिका सोमनाथ चक्रवर्ती ने और अतुल की भुमिका अनुप कुमार दत्त ने निभाई। यात्रा समाप्त होने के बाद धनबाद के जाने माने साहित्यकार एवं कवि स्वर्गीय प्रभात कुमार भट्टाचार्य का बंगाला उपन्यास साल शिमुलेर गन्धो जिन्होंने अपना छद्द नाम हुल के नाम से प्रसिद्ध थे। इस उपन्यास का विमोचन बिनोद विहारी माहातो कोयलांचल विश्वविद्यालय के बंगला विभाग के एसिसटेण्ट प्रोफेसर मानस आचार्य ने किया। इसके बाद आरात्रिका साहा, निर्झर वक्सी ने संगीत और श्रेया, सृष्टि, आदि नृत्य प्रस्तुत किया।

## अल्प मानदेय कर्मियों को भी मिले आयुष्मान और आवास योजना का लाभ : डिम्पल चौबे



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा महिला धनबाद जिला अध्यक्ष डिंपल चौबे ने सरकार से मांग किया है कि अल्प मानदेय में काम कर रहे कर्मचारियों की जीवन स्तर नर्क से भी बत्तर जीने को विवश है चाहे पारा शिक्षक हो, आंगनबाड़ी सेविका, पोषण सखी, संविदा में कार्यरत कर्मी, अनुबंध कर्मचारी इस महंगाई में घर खर्च अपनी दवाई बेटी की विदाई अल्प मानदेय में संभव नहीं हो सकता। या तो गठबंधन की सरकार इन्हें समान काम का सामान वेतन उपलब्ध कराए अन्यथा यथा शीघ्र इन्हें आयुष्मान और आवास योजना से जोड़ा जाए। विगत बीस बाईस वर्षों से ये अपनी सेवा अल्प मानदेय में झारखंड को दे रहे है।

## श्रद्धा माँ पृथ्वी को स्वस्थ रखने की भूली हुई कुंजी : गुरुदेव



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पृथ्वी केवल अंतरिक्ष में तैरता हुआ एक निर्जीव पत्थर नहीं है। यह सजीव है। सभी प्राचीन और जनजातीय संस्कृतियों को यह रहस्य पता था। इसी कारण, प्राचीन हिन्दू ग्रंथों में भी पृथ्वी को केवल 'पृथ्वी' नहीं कहा गया, बल्कि भूमि देवी, अर्थात् माँ धरती, के रूप में सम्मानित किया गया। नदियाँ केवल जल-स्रोत नहीं थीं।उन्हें देवी के रूप में पवित्र माना गया और पूजा गया। पेड़, पर्वत, जानवर, यहाँ तक कि प्रकृति की प्रत्येक वस्तु को पूजनीय माना गया।हमें अपनी आध्यात्मिक जड़ों की ओर लौटना होगा और इस चेतना को फिर से जगाना होगा। हमें यह समझना होगा कि कैसे मानसिक अवस्था किसी व्यक्ति को पर्यावरण के प्रति असंवेदनशील बना देती है, और कैसे उसे स्नेही और संरक्षक बना देती है। जब भीतर करुणा और संवेदना जगती है, तो वह हमारे व्यवहार में झलकती है, और एक पवित्रता की भावना अपने आप आती है।

---

### कार्यालय:-जिला अभियंता, लातेहार

**शुद्धि पत्र**

अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा संख्या–33/2024–25 ग्रुपसंख्या– 01(2nd Call) **प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत मुरपा ग्राम जिपुवा में दरहाबांध नाला में पुलिया निर्माण** कार्य प्रकाशित की गई थी जिसका PNR No-342944 Rural Development 24_25 D है। जिसे अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

जिला अभियंता,
लातेहार

PR 350746 Rural Development(25-26).D

---

### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग।

**सर्वसाधारण के लिये सूचना।**



बड़कागांव थाना दैनिकी प्रविष्टी सं0–14/2025, दि0– 12.04.2025 के आलोक में लापता महिला– सिया देवी, पिता–जीतन राम, सा0–गौंसाई बलिया, थाना–बड़कागांव, जिला–हजारीबाग दिनांक–11.04.2025 को सुबह 02:00 बजे दिन में मार्केट जाने को बोलकर निकली थी किन्तु वापस अभी तक अपने घर नहीं लौटी है। काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है। **हुलियाः–उम्र–करीब 20 वर्ष, लम्बाई–05 फीट करीब, रंग–साँवली, पहनावा–परपल रंग का साडी पहनी हुई है।**

इस सबंध में यदि किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी बड़कागांव/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागांव, हजारीबाग के कार्यालय के निम्नाकिंत फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

सम्पर्क सूत्रः–

**अनु0पु0पदा0 बड़कागांव, हजारीबाग :– 9430336100, 7004550684**
**थाना प्रभारी बड़कागांव, हजारीबाग :– 9431706313, 8210710802**

पुलिस अधीक्षक,
हजारीबाग।

PR 350762 (Police) 25-26 (D)

---

### झारखण्ड सरकार
### झारखण्ड सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुगमीकरण परिषद
उद्योग निदेशालय, तृतीय तल, नेपाल हाउस, डोरण्डा, राँची- 834002

**प्रेस विज्ञप्ति**

झारखण्ड सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुगमीकरण परिषद, रांची द्वारा दिनांक 04.04.2025 को सम्पन्न सुनवाई/ बैठक में वाद संख्या– JHMSEFC – 59/24 [M/s Promag Metallics Pvt. Ltd, Asansol site, Chas, Gurudawara Road, Bokaro, Jharkhand V/s Bhavya Bharat Infrastructure & Construction Pvt. Ltd, Sanjeevani Marg, Vaishali Nagar, Jaipur] से संबंधित मामले में प्रतिवादी पक्ष को उपस्थित होने हेतु निदेश दिया गया था। किन्तु प्रतिवादी पक्ष उक्त तिथि की सुनवाई/बैठक में अनुपस्थित थे। यह भी उल्लेखनीय है कि झारखण्ड सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुगमीकरण परिषद, रांची के पत्रांक–8 दिनांक– 03.01.2025 एवं पत्रांक– 557 दिनांक– 17.03.2025 के क्रम में प्रतिवादी पक्ष द्वारा अबतक विषयगत वाद के संबंध में जवाब/आपत्ति परिषद को समर्पित नहीं किया गया है।

अतएव उक्त वाद में Conciliation Process के लिए झारखण्ड सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुगमीकरण परिषद रांची के समक्ष स्वयं/प्रतिनिधि के माध्यम से (10) दिनों के अंदर उपस्थिति दर्ज करने हेतु जनसाधारण के माध्यम से सूचना दी जाती है। इसे अंतिम सूचना के रूप में लिया जाए। अनुपस्थिति की स्थिति में MSME Council द्वारा एकतरफा निर्णय लिया जायेगा।

ह0/–
निदेशक, उद्योग–सह–अध्यक्ष
झारखण्ड सूक्ष्म एवं लघु उद्यम
सुगमीकरण परिषद

PR 350733 Industries (25-26)_D

---

### कार्यालय झुमरीतिलैया नगर परिषद

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना सं0– J.M.C/01/2025-26 Date–19-04-2025

| क्रं0 सं0 | मद् का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (in Rupees) | अग्रधन की राशि (in Rupees) | निविदा शुल्क (in Rupees) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 15वें वित्त | CONSTRUCTION OF MULTIPURPOSE BUILDING COMPLEX NEAR KODERMA RAILWAY STATION. | 1,94,48,730 | 3,89,000 | 10,000 | 12 Month |
| 2. | 15वें वित्त | CONSTRUCTION OF DEVELOPMENT OF VENDING ZONES/SHOPS WITH BASIC INFRASTRUCTURE AND PUBLIC AMENITIES FOR STREET VENDOR NEAR GANDHI SCHOOL. | 1,71,14,457 | 3,42,300 | 10,000 | 12 Month |
| 3. | 15वें वित्त | CONSTRUCTION OF RCC DRAINS FROM RAMESHWAR YADAV HOUSE TO INDERWA CHOWK VIA HOUSE OF JAGESHWAR YADAV, LAXMAN GOP, CHANDRADEO MODI AND GAUTAM MODI IN WARD NO. 5 UNDER JHUMRI TELAIYA NAGAR PARISHAD. | 62,47,500 | 1,25,000 | 10000 | 6 Month |
| 4. | 15वें वित्त | CONSTRUCTION OF PCC ROAD FROM DILIP RAM HOUSE TOWARDS PRIMARY SCHOOL MORIYAWA AT WARD NO. – 28 | 24,79,000 | 49,600 | 5000 | 4 Month |
| 5. | 15वें वित्त | CONSTRUCTION AND DEVELOPMENT OF VENDING ZONES WITH BASIC INFRASTRUCTURE IN FOLLOWING EARMARKED LOCATION ACROSS JHUMRI TELAIYA MUNICIPAL COUNCIL : NEAR GOVERDHAN PARK NEAR GOVERDHAN TALAB WARD NO.28. | 59,24,904 | 1,18,500 | 10000 | 6 Month |
| 6. | 15वें वित्त | CONSTRUCTION AND DEVELOPMENT OF VENDING ZONES WITH BASIC INFRASTRUCTURE IN FOLLOWING EARMARKED LOCATION ACROSS JHUMRI TELAIYA MUNICIPAL COUNCIL : PROPOSED BLOCK CAMPUS GROUND KODERMA STREET FOOD. | 68,52,799 | 1,37,056 | 10000 | 6 Month |
| 7. | शहरी परिवहन | CONSTRUCTION OF PCC ROAD FROM BALESHWAR YADAV HOUSE TO PRAKASH HOUSE AT WARD NO -28. | 15,17,800 | 30,356 | 5000 | 4 Month |
| 8. | जिला अनाबद्ध योजना | कोडरमा प्रखण्ड के नगर परिषद झुमरी तिलैया अन्तर्गत शिवनगर मुहल्ला वार्ड संख्या–01 में कंचन कुमारी के मकान से अनिल यादव के मकान तक सड़क एवं नाली निर्माण। | 12,57,100 | 25,200 | 5000 | 4 Month |

1. Only E-Tender will be accepted
2. नगर विकास एवं आवास विभाग अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
3. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 26.04.2025 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
4. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 05.05.2025 अपराहन 5.00 बजे।
5. निविदा खोलने की तिथि : 06.05.2025 अपराहन 5.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 7903772765, 9572100949, 8505948858
7. E-Procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रोद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड, राँची का आदेश ज्ञापांक – 120, दिनांक– 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 05/विविध (e-tender)–12/2023/न0वि0–4847 (अनु0), दिनांक– 11.10.2023 के तहत ली जायगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।

विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

प्रशासक
झुमरी तिलैया, नगर परिषद

PR 350709 Urban Development (25-26)_D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया

**सूचना**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या **02/JMT/2025-26**, PR No. **349862** Left out work of detailed survey, designing and drawing, Construction of 10.0 M dia R.C.C. Intake well cum pump house, Gangway 75.1 mtr. length and 3.95 mtr. wide, Pipe Bridge 70.0 mtr. length and 2.00 mtr. wide, Pipe Bridge 50 mtr. length and 2 mtr. wide, Pipe Bridge 100 mtr. length and 2 mtr. wide Pipe Bridge 60 mtr. length and 2 mtr. wide. 19.50 MLD capacity Water Treatment Plant, Compound wall, Supplying and laying Raw/Clear Water rising main & Laying Distribution Network, , Supplying and Installation of Vertical turbine and Centrifugal pump motor, and Five years Operation and Maintenance with allied works etc. all complete job for work of **Jainagar ,Domchanch & Koderma** Block MVS Rural Water Supply Scheme under Drinking Water & Sanitation Division, **Jhumritelaiya** on turnkey basis. Year 2025-2026.को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

(ई0 अनुज कुमार सिन्हा)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया

**PR 350703 Drinking Water and Sanitation(25-26)#D**

---

### कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग
जिला समाहरणालय, हजारीबाग- 825301
E-Mail – deo_hazaribagh@rediffmail.com

**अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में "बढ़ते कदम" कार्यक्रम के तहत् कस्तूरबा गाँधी मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय चुरचू की 11वीं एवं 12वीं की छात्राओं को आई०आई०टी० एवं मेडिकल परीक्षा में उत्तीर्ण कराने के उद्देश्य से विभिन्न कोचिंग संस्थानों से कोचिंग देने से संबंधित "प्रस्ताव के लिए अनुरोध (Request for Proposal)" आमंत्रित की जाती है। इच्छुक कोचिंग संस्थान विभिन्न शर्त्तों के अनुरूप अपना सीलबंद प्रस्ताव "प्रस्ताव के लिए अनुरोध (Request for Proposal)" अन्तर्गत दिनांक–05.05.2025 के अपराह्न 05.00 बजे तक कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग में समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। दिनांक–06.05.2025 के पूर्वाह्न 11.00 बजे प्राप्त निविदा समिति के समक्ष बीड खोला जायेगा जिसमें इच्छा की अभिव्यक्ति में भाग लेने वाले संस्थानों के प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् जमा किये जाने वाले "प्रस्ताव के लिए अनुरोध" पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। निविदा की नियम एवं शर्त्ते हजारीबाग जिला के वेबसाईट https://www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है। बिना कोई कारण बताये इस इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

ह0/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR 350706 School Education and Literacy (25-26)_D

---

### उप विकास आयुक्त–सह–अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक का कार्यालय, गुमला
(मनरेगा कोषांग)

**बिरसा हरित ग्राम योजना से संबंधित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

विभागीय पत्रांक (N)244(अनु०) दिनांक 27.02.2025, पत्रांक (N)273 (अनु०) दिनांक 03.03.2025 एवं मनरेगा आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक (N)265(अनु०) दिनांक 03.03.2025 के आलोक में बिरसा हरित ग्राम योजना (वित्तीय वर्ष 2025–26) के कार्यान्वयन हेतु गुमला जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्ड के पंचायतों में बागवानी से संबंधित विभिन्न सामग्रियों का क्रय किया जाना है, जिसके लिए इच्छुक निर्माताओं/आपूर्तिकर्त्ताओं से सामग्रियों का मुहरबंद निविदा इस कार्यालय के ज्ञापांक 124(ii)/म०को० दिनांक 08.03.2025 एवं ज्ञापांक 164(ii)/म०को० दिनांक 28.03.2025 द्वारा की गई थी परन्तु किसी भी निविदादाता द्वारा निविदा समर्पित नहीं किये जाने के कारण पुनः अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रित हेतु इच्छुक निर्माताओं/आपूर्तिकर्ताओं से निम्न सामग्रियों का मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है –

| क्र० | सामग्री का नाम | विवरणी | मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | खाद | केंचुआ खाद या समतुल्य (in Kg) | 7 किलो प्रति फलदार पौधा एवं 2 किलो प्रति इमारती या Timber पौधा |
| | | गोबर खाद या FYM (in Kg) | 20 किलो प्रति फलदार पौधा एवं 6 किलो प्रति इमारती या Timber पौधा |
| | नोट :– केचुआ खाद या गोबर खाद में से किसी एक सामग्री का क्रय किया जायेगा। | | |
| | | नीम/करंज खल्ली (in Kg) | 1 किलो प्रति फलदार पौधा |
| | | बोनमील (Bone Meal) या SSP (in Kg) | 500 ग्राम प्रति फलदार पौधा |
| | | Dolomite (in Kg) | 1 किलो प्रति फलदार पौधा एवं 500 ग्राम प्रति इमारती या Timber पौधा |
| 2 | फफुन्दनाषक (Pesticides) | Trichoderma Viridi 1.5%WW (2x10^6-10^8CFU/gm (in Kg) | 10 ग्राम प्रति पौधा |
| | | Chlorothalonil 75%WP (in Kg) | 1.5 ग्राम प्रति पौधा (फलदार एवं इमारती सहित) |
| | | Copper Oxychloride (Blue copper or equivalent) (in Kg) | 2 ग्राम प्रति पौधा (फलदार एवं इमारती सहित) |
| 3 | कीटनाषक (Insecticides) | Fipronil 0.3 GR (in Kg) | 10 ग्राम प्रति पौधा (फलदार एवं इमारती सहित) |
| | | Azadirechtin 3000 PPM (in Ltr.) | 2ml प्रति पौधा (फलदार एवं इमारती सहित) |
| | | Lamda-Cyhalothrin 5% EC (in Ltr.) | 1ml प्रति पौधा (फलदार एवं इमारती सहित) |
| | | दीमकनाशक (Bifenthrin 2.5% EC, Biflex TC or equivalent) (in Ltr.) | 3ml प्रति पौधा (फलदार एवं इमारती सहित) |
| 4 | रसायनिक खाद (Fertilizer) | सूक्ष्म–पोषक तत्व (Toto Care/Agromin या Equivalent) (in Ltr.) | 1ml प्रति पौधा (फलदार एवं इमारती सहित) |
| | | यूरिया (in Kg) | प्रथम वर्ष 50 ग्राम एवं द्वितीय वर्ष से 75 ग्राम प्रति पौधा |
| | | NPK 10:26:26 (सुफला या समतुल्य)(in Kg) | 75 ग्राम प्रति पौधा |
| | | SSP (in Kg) | 50 ग्राम प्रति पौधा |
| | | MoP (पोटाश) (in Kg) | 50 ग्राम प्रति पौधा |
| 5 | एंटी बायोटिक (Antibiotic) | Plant Antibiotic (Kasugamycin 5% या समतुल्य) | 1.5 ml प्रति पौधा |
| 6 | प्लास्टिक | जलकुंड हेतु 250 माईक्रोन का UV resistant पॉलिथीन | एक जलकुंड हेतु 6 Kg पॉलिथीन जिसका लम्बाई 18 फीट एवं चौड़ाई 14 फीट हो |
| 7 | स्थानीय स्तर पर क्रय की जानेवाली सामग्री (जैसे– गोबर खाद, बांस, कील (Nail) तार (GI wire) आदि) | | |

इच्छुक आवेदक/आपूर्तिकर्त्ता द्वारा निविदा **दिनांक 26.04.2025 के पूर्वाह्न 11:30** बजे तक उप विकास आयुक्त–सह–अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, गुमला के कार्यालय (समाहरणालय भवन, चन्दाली, गुमला) में प्राप्त की जायेगी तथा **दिनांक 26.04.2025 के अपराह्न 12:30 बजे** निविदादाताओं या प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

**नोटः**– निविदा से संबंधित नियम/शर्त्तों को www.gumla.nic.in में देखा जा सकता है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, गुमला।

PR 350698 (Rural Development) 25-26 (D)

चेकडैम निर्माण से जल संरक्षण के साथ सिंचाई सुविधा में होगी बढ़ोतरी : विधायक भूषण बाड़ा

# करमगड़ा नाला में बनेगा चेकडैम, विधायक भूषण बड़ा ने किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कुरडेग प्रखंड के चड़रीमुण्डा पंचायत के करमगड़ा नाला में जल संसाधन विभाग द्वारा प्रस्तावित एकल चेकडैम निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। उन्होंने ने शिलापट्ट का अनावरण कर योजना का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक भूषण बड़ा ने कहा कि हमारे क्षेत्र की सबसे बड़ी जरूरत पानी है। खेती के लिए, पीने के लिए और जीवन के लिए पानी बहुत जरूरी है। यह चेकडैम न सिर्फ सिंचाई की सुविधा को बढ़ावा देगा, बल्कि जल संरक्षण का स्थायी समाधान भी बनेगा। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार का सपना है कि गांव,गरीब, किसान के हक की



हर योजना जमीन तक पहुंचे। विधायक ने विकास की रफ्तार को आगे भी यूं ही जारी रखने का भरोसा जताया। साथ ही कहा कि यह चेकडैम हमारे युवाओं के लिए भी प्रेरणा बनेगा कि अगर सोच मजबूत हो, तो बदलाव जरूर आता है। इधर चेकडैम बनने की खबर सुनते ही ग्रामीणों में उत्साह का माहौल दिखा। वर्षो से पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार प्रकट किया। साथ ही कहा कि चैक डैम निर्माण होने से उनकी खेती और जीवन दोनों में बड़ा परिवर्तन आएगा। शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक की धर्मपत्नी एवं जिप सदस्य जोसिमा खाखा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष तेलेसफोर टोप्पो, सांसद प्रतिनिधि देवनिस खलखो, विधायक प्रतिनिधि गुड्डू खान, शीतल तिर्की, दीपक जायसवाल, ओबीसी प्रखंड अध्यक्ष अरुण जायसवाल सहित कांग्रेस कार्यकर्ता व भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**चैक डैम निर्माण से पानी के किल्लत होंगी दूर : जोसिमा खाखा**

कार्यक्रम में उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी विधायक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए गर्व का दिन है। जिस तरह हमारे विधायक भूषण बाड़ा ने क्षेत्र की जरूरतों को समझते हुए इस चेकडैम परियोजना की पहल की, वह काबिले-तारीफ है। महिलाएं, किसान और ग्रामीण इससे सीधे तौर पर लाभ ले पाएंगे। पानी की किल्लत की समस्या का

## जनता दरबार के माध्यम से उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्या तुरंत कार्रवाई के दिये निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** आम जनता के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जनता दरबार में दाखिल खारिज मोटेशन निरस्त करने, नाली साफ कराने, जमा वृद्धि योजना अंतर्गत जमा राशि का भुगतान करने सहित अन्य विषय से संबंधित मामले आये। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने एक-एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया।

## सांसद सुखदेव भगत जीपीसी की बैठक में भाग लेने हेतु दिल्ली रवाना



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 22 अप्रैल को दिल्ली में आयोजित लोकसभा और विधानसभा का चुनाव एक साथ करने के प्रावधान वाले विधेयक (वन नेशन वन इलेक्शन) पर विचार करने हेतु गठित संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) बैठक में भाग लेने आज लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद सह कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय ऑब्जर्वर सुखदेव भगत लोहरदगा से रवाना हुए। सांसद सुखदेव भगत बैठक के उपरांत दो दिनों के लिए कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत हर स्तर पर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के उद्देश्य से गुजरात जाएंगे। वहां कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से मिलकर संगठन के मजबूती पर चर्चा करेंगे।

## भरण-पोषण की राशि पत्नी को नही मिलने पर पति को गिरफ्तार कर जेल भेज गया जेल



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधान न्यायधीश कुटुम्ब न्यायालय लोहरदगा के निर्देश पर सेन्हा थाना क्षेत्र के अलग अलग गांव से भरण पोषण नही देने के मामला में दो लोगों को सेन्हा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर सोमवार को भेजा जेल गया। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू निवासी बरतु उरांव का पुत्र मनोज उरांव की पत्नी सुषमा उराइन ने न्यायालय में भरण पोषण का अर्जी लगते हुए न्याय का गुहार लगाई थी। जिसके आलोक में प्रधान न्यायधीश कुटुम्ब न्यायालय लोहरदगा द्वारा केश नम्बर 3/11 को संज्ञान में लेते हुए मनोज उराँव के विरुद्ध गिरफ्तरी वारंट जारी कर सेन्हा पुलिस को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया था?जबकि दूसरा मामला सेन्हा गांव का है। जो 17/24 के तहत सेन्हा निवासी जफरुद्दीन अंसारी का पुत्र एजाज अंसारी के विरुद्ध भरण पोषण की राशि पत्नी को नही देने के आरोप में न्यायालय के आदेशनुसार गिरफ्तार किया गया। वही एजाज अंसारी की पत्नी परिना उर्फ जरेना खातून ने भी भरण पोषण की राशि नही मिलने पर न्यायालय में अर्जी लगाई थी। और न्यायालय से न्याय का अनुरोध की थी। गौरतलब हो कि दोनो मामला में प्रधान न्यायधीश कुटुम्ब न्यायालय लोहरदगा ने संज्ञान लेते हुए दोनो मामला में आरोपी पतियों का गिरफ्तारी का वारंट जारी कर सेन्हा पुलिस को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था। जिसके आलोक में सेन्हा पुलिस ने दोनो आरोपी पतियों को निवास स्थान से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संदर्भ में एस आई मनीष कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि कोर्ट ने दोनो आरोपी पतियों के खिलाफ वारंट जारी किया था। जिसपर सेन्हा पुलिस आदेश का पालन करते हुए सोमवार को मनोज उराँव और एजाज अंसारी को अलग अलग केश संख्या में गिरफ्तार कर मेडिकल जांचोपरांत न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया।

## बच्चों का सर्वांगीण विकास करना ही ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य : धनंजी भाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा में मातुश्री काशीबा हरिभाई गोटी चेरिटेबल ट्रस्ट,सूरत गुजरात के ट्रस्टी धनंजी भाई और उनके साथ में आये अतिथि ललित जी एवं राकेश कुमार झा जी का स्वागत किया गया। आश्रम के ब्रह्मचारियों के द्वारा उन सभी को पुष्प एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। आश्रम के आचार्य शरद चंद्र आर्य ने आश्रम पर रहकर शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों के विषयों में जानकारी देते हुए आश्रम की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी एवं आश्रम में हो रहे परेशानियां के विषयों पर भी ध्यान आकृष्ट कराये। इन सभी विषयों को गंभीरता से लेते हुए ट्रस्टी धनंजी भाई ने आश्रम पर पूर्ण सहयोग करने की बात कही उन्होंने बताया कि हमारे ट्रस्ट के द्वारा पूरे भारतवर्ष में इसी तरह के गुरुकुल आश्रमों पर शिक्षा ग्रहण कर रहे शिष्यों का पूर्णतः ध्यान रखते हुए कई योजनाएं चला रही है जिससे कि अपना भारतवर्ष सशक्त



एवं सुदृढ़ होने के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी विश्व में अपना एक अलग जगह बना सके। और उन्होंने कहा कि स्वर्गीय दयासागर जी का लोहरदगा से बहुत लगाव रहा है और उनका सपना था कि इस आश्रम का विकास हो और हमें खुशी है कि उनका किया हुआ अधूरा कार्य हमें करने का मौका मिल रहा है और मैं इसके लिए जल्द से जल्द बच्चों की सुविधा हेतु कार्य कराऊंगा। ट्रस्ट के लोगों ने आश्रम का निरीक्षण किया और उन्हें आश्रम मे रह रहे ब्रह्मचारियों से भी मिलकर काफ़ी हर्ष महसूस हुआ, उसके उपरांत ट्रस्ट के लोगों के द्वारा प्रबुद्ध जनों के साथ विचार विमर्श की गई। उनके स्वागत पर आचार्य शरद चंद्र आर्य, ओम प्रकाश सिंह, लाल नवल नाथ शाहदेव, सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, आश्रम के अर्जुन देव, गणेश शास्त्री, जोगिंदर आर्य, प्रकाश चंद्र आदी उपस्थित थे।

## मजदूर, मजदूरों का परिवार की समस्याओं का निदान एवं जहां मजदूर रहते हैं उसका सर्वांगीण विकास करना इंटक का मुख्य उद्देश्य : आलोक साहु

सांसद सुखदेव भगत के प्रयास से जल्द धुवा मोड़ से पाखर होते हुए सांगोडीह तक सड़क का निर्माण होगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** इंटक के अध्यक्ष आलोक कुमार साहू दिनांक 8 अप्रैल को धुर्वा मोड़ में मजदूर, ट्रक मालिकों एवं ट्रक अनलोडर मजदूरों के द्वारा आयोजित बैठक में शामिल हुए थे तो उसे समय श्री साहू ने कहा था कि इंटक न केवल मजदूर बल्किमजदूर उनके परिजनों की समस्याओं के निदान करने के साथ-साथ मजदूर जहां रहते हैं उसका सर्वांगीण विकास करना इंटक का मुख्य उद्देश्य है।उस दिन बैठक में मजदूरों ने बताया था कि ध्रुवा मोड़ से पाखर सांगोडीह तक आरईओ सड़क को आईसीडी में हस्तांतरित कराकर उसका निर्माण विभाग को करना है लेकिन मामला डेढ़ वर्षो से लंबित है तथा लोहरदगा से धुर्वा मोड तक जर्जर सड़क का निर्माण कराया जाए श्री साहू ने



मजदूरों की मांगों को सांसद सुखदेव भगत के समक्ष रखा था तो उसने कहा था कि दोनों सड़कों का निर्माण करने के लिए प्रयास करेंगे। आज सांसद सुखदेव भगत के निर्देश पर आलोक कुमार साहू ने ग्रामीण विकास विभाग के सचिव के श्रीनिवासन से वार्ता कर धुर्वा मोड़ से पाखर होते हुए सांगोडीह तथा धुर्वा मोड़ से मक्का तक 16.5 किलोमीटर तक का सड़क को आरईओ विभाग से पथ निर्माण विभाग को स्थानांतरित करना है लगभग डेढ़ वर्षो से मामला लंबित है ।श्री साहू ने जल्द से जल्द इस सड़क को पथ निर्माण विभाग को हस्तनांतरित करने का आग्रह किये ताकि पथ निर्माण विभाग इस पथ का निर्माण प्रारंभ कर सके।श्री साहू ने लोहरदगा पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता से वार्ता कर लोहरदगा से ध्रुवा मोड़ तक जर्जर सड़क का निर्माण जल्द कराने की बात कहें।

## अजय उद्यान पार्क की देखरेख में ध्यान दें नगर परिषद : कंवलजीत सिंह



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामाजिक विचार मंच के संयोजक कंवलजीत सिंह ने नगर परिषद से मांग की है कि लोहरदगा शहरी क्षेत्र में मात्र एक ही पार्क है जिसमें लोग बाहर से आए हुए अतिथियों या बच्चों को लेकर जाते हैं, किन्तु पिछले कई महीनो से देखा जा रहा है कि वहां की ट्राय ट्रेन खराब पड़ी हुई है, दो-तीन झूले टूटे हुए हैं, लेकिन कोई देखने वाला नहीं है, नगर परिषद ने जिनको पार्क मेंटेनेंस की जिम्मेवारी दी है, नगर परिषद को पूछना चाहिए कि शहरी क्षेत्र में एकमात्र पार्क होने के बावजूद इस तरह की लापरवाही क्यों बरती जा रही है, सामाजिक विचार मंच नगर परिषद से यह मांग करती है की सुव्यवस्थित ढंग से पार्क की देखरेख की जाए एवं गर्मी के मौसम को देखते हुए पार्क को शाम में 5:00 बजे की जगह 6:00 बजे बंद किया जाए।

## अनुभव का ज्ञान सर्वश्रेष्ठ ज्ञान होता है : त्रिवेणी दास



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा वरिष्ठ नेता त्रिवेणी दास ने विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि शास्त्रों में कहा गया है कि अनुभव का ज्ञान सर्वश्रेष्ठ ज्ञान होता है। सैद्धांतिक ज्ञान तभी फलीभूत होता है जब वह व्यवहारिक ज्ञान में परिवर्तित होते हुए अनुभव के ज्ञान में परिपक्व हो जाता है। 15 वर्ष राज्य सरकार चलाने का अनुभव, 11 वर्ष केंद्र सरकार चलने का अनुभव, उसके पहले का जमीन से जुड़ा हुआ अतिरिक्त अनुभव और देश-विदेश के परिदृश्य से साक्षात्कार का ठोस अनुभव के भंडार से कोई भी व्यक्ति सहजता से निर्णय ले लेता है कि कब तथा किस समय कौन सा नट बोल्ट को टाइट करना है और उसके कौन से औजार उपयुक्त होंगे। कोई भी पायलट केवल भावना के आधार पर हवाई जहाज को सफलतापूर्वक नहीं उड़ा सकता है। हवाई जहाज को उड़ाने के लिए उसके कल पुर्जो का सही समय में सही उपयोग आवश्यक होता है। वर्षो से एक ही ढर्रा में चल रहे सिस्टम को एक-एक करके दुरुस्त करने की प्रक्रिया चल रही है। शुभ कार्य में विघ्न बाधा होते रहते हैं परंतु दृढ़ संकल्पित व्यक्ति अपने लक्ष्य को प्राप्त करके ही रहता है।

## पूर्व सांसद तिलकधारी बाबू के निधन पर सांसद सुखदेव भगत ने गहरी संवेदना की प्रकट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कोडरमा संसदीय क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस सांसद तिलकधारी बाबू का आज निधन हो गया। वे काफी समय लंबे समय से बीमार चल रहे थे। लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद सह कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय ऑब्जर्वर श्री सुखदेव भगत ने अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि तिलकधारी बाबू सार्वजनिक जीवन में विभिन्न जिम्मेदारियां निभाते हुए संगठन और समाज के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं। जनता से सीधा जुड़ाव उन्हें जननेता के रूप में विशेष पहचान बनाए थे। श्री भगत ने कहा कि इस दुख के घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ है। ईश्वर उनकी आत्मा को श्री चरणों में स्थान दें।

# राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा ने स्व बिरसा उरांव को श्रद्धांजलि अर्पित किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार को एम जी रोड स्थित झखरा कुम्बा सभागार में जिला धर्मगुरु फुलकेशवर उरांव की अगुवाई में पूर्व कोषाध्यक्ष राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा जिला अंतर्गत किस्को प्रखंड के ग्राम किस्को निवासी बिरसा उरांव का निधन कोरोनावायरस की चपेट से 2023 में हो गयी थी। इसके मृत्यु से लोहरदगा जिला राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के एक ईमानदार, कर्मठ सदस्य को खो दिया है। आज के दिन 20 अप्रैल को उसका निधन हुआ था। उसी का आज शोक सभा व श्रद्धांजली अर्पित लोहरदगा राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष सोमदेव उरांव ने कहा कि स्व बिरसा उरांव एक कर्मठ ईमानदार व्यक्ति थे। उन्होंने



अपने जीवन काल के दिनों भारतीय सेना में सेवा कर देश सेवा किये थे, वे सेना से सेवानिवृत्त होकर अपने गांव घर में सामाजिक सेवा किया। बिरसा उरांव ज्यादा पढ़े-लिखे व्यक्ति नहीं थे परंतु इंसानियत और ईमानदारी के सच्चे सपूत थे। उन्होंने समाज को नौ वर्षो तक अपने जीवन काल तक पद पर बने रहे। वे 68 वर्ष की आयु में मां चाला एवं धर्मेश बाबा ने अपने पास बुला लिया। मां चाला उन्हों कुण्डी राजी में स्थान दें और आत्मा को शांति प्रदान करें। शोक सभा में जिला धर्मगुरु फुलकेशवर उरांव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सोमे उरांव, जिलाध्यक्ष सोमदेव उरांव, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष जयंती उरांव, सचिव सुकेनदर उरांव, कोषाध्यक्ष मंगलदास उरांव, सावित्री उरांव, चन्द्रमनी उरांव आदि उपस्थित थे।

## अधिवक्ता संघ द्वारा विदाई एवं स्वागत समारोह का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सोमवार को जिला अधिवक्ता संघ के प्रांगण में जिला अधिवक्ता संघ द्वारा आज प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुभाष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम अखिलेश तिवारी का विदाई समारोह तथा सिविल जज सीनियर डिवीजन 2 अभिषेक कुमार का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम, जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय प्रधान मुख्य न्यायिक पदाधिकारी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, न्यायिक अनुमंडल दंडाधिकारी की उपस्थिति में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार पुजारी, उपाध्यक्ष अमरिंदर सिंह एवं महासचिव दीपक सहदेव के द्वारा बुके देकर उनका अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन प्रशासनिक सचिव लाल धर्मेंद्र देव एवं धन्यवाद ज्ञापन दीपक सहदेव के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता



मुनेंद्र प्रसाद, अनिल कुमार पांडे, राखा साहू, मनोज प्रसाद, सुमन कुमार पांडे,विवेक कुमार, विवेक सिंघल, जमील अहमद, फूनी साहू, सुमन भगत, दीपक कुमार, सतीश कुमार विद्यार्थी, पारन प्रसाद अग्रवाल , मथुरा प्रसाद अग्रवाल, सोनू पांडे, जयप्रकाश पांडे, जितेंद्र नाथ ठाकुर, निखिल तिवारी, गौसुल मिर्धा, प्रमोद अग्रवाल,शशांक कुमार सचिन कुमार, युगल किशोर, नारायण साहू, सुमन भगत, पवन देवघरिया, तरुण देवघरिया, अजीत सिंह,सरीला देवी, प्रतिमा केरकेटा, नेहा गुप्ता, विक्रम कुमार, इमरान अंसारी, चंद्र प्रकाश पाठक, बृजमोहन नाथ शाहदेव, बुद्धनाथ साहू, दीपक कुमार, फनी साहू, शिवदयाल साहू, चंदन साहू, विक्रम कुमार, नरेंद्र मिंज, राकेश अखोरी, राज ललित प्रसाद, चंद्रशेखर, हेमंत कुमार, प्रवीण कुमार भारती, तरुण देवघरिया, इंद्राणी कुजूर, नसीम अंसारी, इमरान अंसारी, अब्दुल रब, जयप्रकाश नारायण, बिपिन बिहारी दुबे, जेरोम तिग्गा, चंदन साहू, विनय साहू, उमेश कुमार, देवाशीष कर, बुधनाथ साहू, हेमंत देवरिया, अजीत कुमार सिंह, मोमिना खातून, उज्जवल कुमार, अरुण कुमार साहू, राधा कृष्ण शर्मा के अलावे काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे।

# मनरेगा मजदूरों को 3 माह से नहीं हो रहा भुगतान, मजदूर काम करने से कर रहे हैं इनकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारत सरकार द्वारा संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत संचालित मनरेगा योजना अब पूरी तरह से विफल हो रही है साबित। मनरेगा योजना भारत में सबसे बड़ा और सबसे महत्वाकांक्षी सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम माना जाता है। मनरेगा योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब परिवारों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष कम से कम 100 दिनों की गारंटीकृत रोजगार प्रदान करती है। जिससे विकास वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक मदद करने के लिए तैयार है। लेकिन भारत सरकार के द्वारा मनरेगा योजना में लगभग 3 महीनों से मनरेगा मजदूरों को मजदूरी भुगतान नहीं की गई है साथ ही मनरेगा के कई ऐसी योजनाएं हैं जो पूर्ण हो गई है लेकिन अब तक कई वर्षो से मैटेरियल की भी राशि भुगतान नहीं की गई है। मनरेगा लाभुकों के पास



इतनी पर्याप्त राशि नहीं है कि वे मजदूरी भुगतान कर सके। कुछ ऐसे भी लाभुक है जो योजना को पूर्ण करने के लिए कर्ज लिए है लेकिन भुगतान नहीं होने के कारण दिन प्रतिदिन कर्ज में डूबता जा रहे हैं। जिससे मनरेगा योजना अब आधी-अधूरी होते दिख रही है और मनरेगा मजदूरों भुखमरी के कगार पर आकर खड़े हो गए हैं। जिसके कारण व्यापक रूप से लोहरदागा जिला क्षेत्र से कई मनरेगा मजदूरों पलायन करने पर मजबूर हो गए है। अगर इस माह भी मनरेगा मजदूरी भुगतान नहीं होती है तो जिला क्षेत्र से हजारों -हजार की संख्या में मनरेगा मजदूरों पलायन करेंगे। जबकि सरकार के द्वारा यह भी कहा जाता है कि मनरेगा में इतना पैसा है कि लोग खर्च नहीं कर पाते हैं जब मनरेगा एक कानून है और इसमें 100 दिन की मजदूर को काम मिलता है इस पर भी मजदूर संकट झेल कर के भी काम कर रहे हैं लेकिन यह कानून के आधार पर भी मजदूर को पैसा नहीं मिल पा रहा है जबकि सरकार के पास पैसा अवेलेबल है तो फिर मजदूर को पेमेंट क्यों नहीं किया जा रहा है मजदूर प्रत्येक दिन काम करता है तो शाम में चावल रहकर अपना बाल बच्चा को किसी तरह से भरण पोषण करता है और 3 माह से मजदूरों को पेमेंट नहीं किया गया है तो सोच कर देखा जाए कि मजदूर किस हालत में आकर मनरेगा में काम कर रही है ऐसा स्थिति अगर और कुछ दिन रहा तो मनरेगा असफल होने में देर नहीं लगेगी मजदूर का कहना है किसी भी हालत में हम लोगों को मजदूरी का पैसा देने का कृपा करें और हम लोगों को सहयोग करने का कृपा करें क्योंकि हम लोग किसी के पास जा नहीं सकते हम लोग गरीब मजदूर हैं इसलिए सरकार से सादर अनुरोध है कि यथाशीघ्र मनरेगा कि मजदूरों को पेमेंट करने का कृपा करें।

## चलते चलते एक नजर

### एक राष्ट्र एक चुनाव देश के लिए उपयोगी : बेबी

**प्रयागराज :** एक राष्ट्र एक चुनाव देश और जनता के लिए उठाया गया उपयोगी कदम है। जिसकी बात राष्ट्र हित में भाजपा कर रही है। अगर एक साथ सभी चुनाव हो तो इसके कई फायदे हैं। यह देश और जनता के लिए उपयोगी कदम है। यह बातें मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्या ने कही।मंत्री सोमवार को एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर आर्य कन्या डिग्री कॉलेज मुट्ठीगंज में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रही थी। उन्होंने आगे कहा कि एक लोकसभा चुनाव में कई लाख करोड़ रुपये खर्च होता है। एक साथ चुनाव होने से देश का बहुत सारा पैसा बचेगा। जो लोग चुनाव के लिए काला धन इकट्ठा करके रखते हैं वो भी बंद हो जाएगा। एक साथ चुनाव कराने से देश को आर्थिक लाभ होगा। इसी के दृष्टिगत भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में एक कमेटी बनाई गई। जिससे संबंधित अपनी रिपोर्ट में उन्होंने कहा कि 32 दलों ने एक राष्ट्र एक चुनाव का समर्थन किया है। कई देशों में एक राष्ट्र एक चुनाव होता है। पूर्व चुनाव आयुक्त, पूर्व राजनयिक व पूर्व जजों ने भी एक राष्ट्र एक चुनाव का समर्थन किया है।उन्होंने कहा कि बार बार चुनाव से जनता में नकारात्मकता आती है और बार बार वोट डालने जाना पड़ता है। पुलिस व अन्य सुरक्षा बल भी एक राज्य से दूसरे राज्य में चुनाव कराते कराते थक जाते हैं। एक साथ चुनाव होने से हमारा देश और उन्नति करेगा और 2047 तक हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जो विश्व गुरु बनने का सपना है वो भी पूरा होगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय विजय लक्ष्मी ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव का मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक मशीनरी का कम उपयोग करना है। जैसे प्राइमरी टीचर को भी चुनाव में लगा दिया जाता है। जिससे बच्चों की शिक्षा बाधित होती है। संसद में भी इस पर वोटिंग हुई। इसके पक्ष में अधिक वोट पड़े।

### समस्याओं का निराकरण करना प्रशासन का लक्ष्य : डॉ आनंद

**नारनौल :** मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सीएम विंडो तथा एसएमजीटी की समीक्षा बैठक की। जिला महेंद्रगढ़ की ओर से अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने जिला महेंद्रगढ़ की प्रगति रिपोर्ट पेश की।इसके बाद एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सीएम विंडो तथा एसएमजीटी सरकार द्वारा शुरू किया गया ऐसा डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिस पर कोई भी नागरिक बड़ी आसानी से अपनी समस्या रख सकता है। सरकार व जिला प्रशासन का मकसद है कि नागरिकों की हर समस्या निश्चित अवधि में निपटाई जाए। ऐसे में अधिकारियों का कर्तव्य बनता है कि वे निर्धारित समय पर इन समस्याओं का निराकरण करें।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री खुद इन दोनों प्लेटफार्म पर नजर रखे हुए हैं। ऐसे में अधिकारी सुनिश्चित करें कि प्रत्येक समस्या को निश्चित अवधि में पूरा किया जाए। शिकायतकर्ता से अधिकारी खुद बात करके तसल्ली के साथ उनकी बात सुनें।उन्होंने निर्देश दिए कि सबसे ज्यादा लंबित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर दूर करें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में लगातार समीक्षा होती रहेगी।

# शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर लाखों की ठगी, दो गिरफ्तार

एजेंसी

**फरीदाबाद :** शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने के मामले में साइबर थाना एनआईटी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि चार्मवुड विलेज सुरजकुंड रोड फरीदाबाद की रहने वाली एक महिला ने आरोप लगाया कि उसको एक व्हाट्सएप ग्रुप से जोडा गया, जिसका नाम स्टॉक मार्केट प्रॉफिट टिप्स था जिसमें स्टॉक विश्लेषण बारे सिखाया जाता था। इसके बाद शिकायकर्ता को एक अन्य ग्रुप में जोड़ा गया जिसका नाम स्टॉक मार्केट स्ट्रेजीज-15 था, जिसमें



स्टॉक मार्केट के तकनीकी विश्लेषण के बारे में सिखाया जाता था इसके बाद शिकायतकर्ता का एलएसवी एसेट मैनेजमेंट पर डीमैट अकाउंट खोला गया जिसमें शिकायतकर्ता ने विभिन्न ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 98 लाख 27 हजार रूपये स्टाक मार्केट में इन्वेस्ट किए तथा जब निकालने चाहे तो नहीं निकाल पाया। जिस संबंध में साइबर थाना में ठगी का मामला दर्ज किया गया। साइबर थाना एनआईटी की टीम ने आरोपी जिसान अंसारी (28) निवासी गांव धुनिया उत्तर प्रदेश व अंश(20) निवासी चन्द्रावली उत्तर प्रदेश को अयोध्या उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी जिसान अंसारी (28) खाताधारक है जिसने बी कॉम की पढाई की हुई है तथा आरोपी बेरोजगार है, उसने कमीशन के लालच मे आकर अपना खाता अंश(20) को दिया था। वहीं अंश ने यह खाता आगे किसी और को कमीशन पर दिया था। आरोपी अंश बारहवीं फेल है। दोनो आरोपी दोस्त है। खाते मे ठगी के कुल 77 लाख 27 हजार रुपये आए थे। आरोपियों को सोमवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# गुजरात के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की



एजेंसी

**नई दिल्ली :** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और राज्य के समग्र विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। वहीं मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा, आज उन्होंने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री से मुलाकात की। हमने उनके साथ गुजरात के समग्र विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और उनसे इस बारे में बहुमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त किया कि किस प्रकार सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक लाभार्थी तक अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए।

# निगम अधिकारी सुधारे अपनी कार्यशैली : घनश्याम दास अरोड़ा

एजेंसी

**यमुनानगर :** यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने अपने यमुनानगर निर्वाचन क्षेत्र में विकास कार्यों का निरीक्षण करने हेतु शहर में यमुना गली में पहुंचे। यहां पर जलभराव और अन्य जन सामस्याओं को लेकर निगम अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।सोमवार को यमुना गली में बारिश से होने वाले जलभराव, सीवरेज की समस्यायों व नगर निगम यमुनानगर से सम्बंधित समस्याओं को लेकर स्थानीय निवासियों ने विधायक घनश्याम दास अरोड़ा को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर पहुंचे भाजपा विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने सम्बंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश



दिए।विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि विधानसभा चुनाव व नगर निगम चुनावों में जनता ने हमें विकास कार्यों के लिए वोट देकर जितवाकर भेजा है। जनता द्वारा बताए गए कार्यों को करवाना हमारा दायित्व व प्राथमिकता है।उन्होंने अधिकारीयों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अधिकारी अपनी कार्य प्रणाली में सुधार ले। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी अपने कार्यों में लापरवाही करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्थानीय निवासियों को भरोसा दिलाया कि यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र की जनता को बिजली, पानी, सडें, पक्के रास्ते, गलियां और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

# रिश्वतखोर पटवारी को एसीबी ने 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

एजेंसी

**कोरबा :** कोरबा में एक बार फिर एक पटवारी को एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि आरोपित पटवारी कलेक्टर कार्यायल के सामने ही ग्रामीण से पैसे ले रहा था, तभी एसीबी की टीम ने मौके पर उसे रिश्वत लेते धर दबोचा। एसीबी की इस कार्रवाई के बाद एक बार फिर राजस्व विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।जानकारी के अनुसार रिश्वत लेते पकड़े गये पटवारी का नाम सुलतान सिंग बंजारे है। मौजूदा वक्त में पटवारी की पदस्थापना अजगरबहार तहसील में होना बताया जा रहा है।



आरोप है कि पटवारी सुलतान सिंग बंजारे पसान क्षेत्र के ग्राम दुल्लापुर में जमीन के रिकार्ड को आनलाइन अपडेट करने के लिए 10 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था। ग्रामीण ने इसकी शिकायत एसीबी में कर दी थी। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद बिलासपुर एसीबी की टीम ने आज सोमवार को ग्रामीण को पैसे देकर पटवारी के पास भेजा गया।बताया जा रहा है कि कलेक्टर कार्यायल में पटवारियों का आज प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा था। लिहाजा ग्रामीण ने जब पटवारी को पैसे देने के लिए काल किया, तब उसने कलेक्टर कार्यालय के बाहर ही उसे बुला लिया। जैसे ही ग्रामीण कलेक्टर कार्यालय के बाहर पटवारी को पैसे दे रहा था, तभी एसीबी की टीम ने उसे रंगे हाथों पैसे लेते धर दबोचा। इस बात की जानकारी मिलते ही राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि एसीबी की टीम ने रिश्वतखोर पटवारी को हिरासत में ले लिया है।

# निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर आयोजित, 20 मरीजों की हुई जांच

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** जायंट्स ग्रुप एवं नारायणा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल गुडगांव के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन ग्रुप अध्यक्ष राकेश केशरी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। शिविर में गढ़वा जिले के साथ साथ निकटवर्ती डाल्टनगंज, रामानुजगंज एवं विश्रामपुर के लगभग 20 मरीजों की निःशुल्क जांच की गयी। रोगियों को हृदय रोग से संबंधित जांचों की सलाह दी गयी।मौके पर वरिष्ठ हार्ट सर्जन डॉ विकास केशरी ने बताया कि क्षेत्र के रोगियों में जागरूकता का अभाव है। कई रोगी रोग की जानकारी होने के बाद भी वर्षो तक उसका समुचित उपचार नहीं करवाते हैं और घरेलू नुस्ख़ों को अपनाते हुए समय व्यर्थ व्यतीत करते हैं जो अत्यधिक घातक सिद्ध हो सकता है। क्योंकि हृदय के



विकारों का दुष्परिणाम शरीर के अन्य सभी अंगों पर पड़ता है एवं विलंब के कारण उपचार और भी ज्यादा जटिल हो जाता है। डॉ विकास केशरी के साथ-साथ जायंट्स ग्रुप के सभी सदस्यों ने भी रोगियों से अपने रोग एवं उसके सही उपचार के बारे में जागरूक एवं तत्पर रहने की अपील की। डॉ केशरी ने पुनः जिले के गरीब मरीजों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि 20 वर्ष की आयु तक के रोगियों को ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता पड़ने पर कुछ अन्य संस्थाओं की मदद से आर्थिक सहायता दिलवाने हेतु वह एवं अस्पताल प्रशासन प्रतिबद्ध है। अन्य रोगियों के लिए भी न्यूनतम संभव शुल्क पर ओपन हार्ट सर्जरी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर ग्रुप अध्यक्ष राकेश केशरी, फेडरेशन के पूर्व स्पेशल कमेटी सदस्य विजय केशरी, जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी एवं एम पी केशरी, फेडरेशन के उपाध्यक्ष मनोज केशरी (रूपा गंजी), वित्त निदेशक अशोक केशरी, मनोज केशरी सन रेडियो मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### घौंसलों में दाना-पानी की व्यवस्था का दिलाया संकल्प

**गुरुग्राम :** इंसान के साथ-साथ धरती पर मौजूद सभी प्राणियों को जीने का पूरा अधिकार है। इसी सोच को सार्थक करते हुए नवकल्प फाउंडेशन ने दाना-पानी नेस्ट अभियान के जरिए मानवता की मिसाल पेश की है। भीषण गर्मी में इंसानों के साथ-साथ पशु-पंछी भी बेहाल हैं। हमारा दायित्व है कि इन पंछियों के लिए हम दाना-पानी की व्यवस्था करें।नवकल्प फाउंडेशन अभियान के माध्यम से न केवल इस सेवा में जुटा हुआ है बल्कि लोगों को इसके लिए जागरूक भी कर रहा है। अभियान के तहत गुड़गांव के सेक्टर-10 में प्रमुख समाजसेवी शम्मी अहलावत की अगुवाई में नवकल्प टीम ने शिव पार्क, मॉडल पार्क और योगा पार्क, सेक्टर-51 के प्रिंसटोन फलोर्स में अतुल जायसवाल, नूंह में वरिष्ठ पत्रकार अंतराम खटाना, तावडू में प्रमुख समाजसेवी फतेहचंद अग्रवाल के सहयोग से दाना-पानी नेस्ट लगाकर पंछियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की।

# लोक सेवा का अर्थ जनता की भलाई के लिए कार्य करना : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**जयपुर :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाए रखने में लोक सेवकों की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत व विकसित राजस्थान के निर्माण के लिए अन्तिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को विकास की योजनाओं से लाभान्वित करना बेहद जरूरी है एवं इस कार्य के सफल क्रियान्वयन की जिम्मेदारी लोक सेवकों की है। उन्होंने कहा कि लोक सेवक को सुशासन के लिए कर्तव्यनिष्ठा, दृढ़ इच्छाशक्ति एवं पूर्ण संवेदनशीलता के साथ काम करना चाहिए।शर्मा सोमवार को झालाना डूंगरी स्थित हरिशचन्द्र माथुर राज्य लोक प्रशासन संस्थान में लोक सेवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद व्यक्ति अभाव में जब लोक सेवक के पास आता है, तो



पूर्ण जिम्मेदारी से उसकी हरसंभव मदद करनी चाहिए। उन्होंने आमजन को त्वरित राहत पहुंचाने के लिए लोक सेवकों को निरंतर जनसुनवाई करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि हमें टीम भावना के रूप में सार्वजनिक हित और लोक-कल्याण के साझा लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्य करना चाहिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने वर्ष 1947 में आज ही के दिन भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को संबोधित किया था। उन्होंने अपने ऐतिहासिक भाषण में लोक सेवकों को 'स्टील फ्रेम' अर्थात् देश की शासन व्यवस्था की रीढ़ कहा था। उन्होंने कहा कि लोक सेवा का अर्थ निस्वार्थ भाव से जनता की भलाई के लिए कार्य करना है। बिना किसी स्वार्थ के, निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करना ही सच्ची लोक सेवा होती है। इसलिए लोक सेवा दिवस मनाने का उद्देश्य लोक सेवकों के योगदान को पहचान कर उन्हें सम्मानित करना है।

# गुजरात में 10 से 13 मई के बीच होगी एशियाई शेरों की गिनती



एजेंसी

**अहमदाबाद :** गुजरात राज्य में करीब 5 साल बाद एक बार फिर शेरों की गिनती शुरू होने वाली है। डायरेक्ट बीट वैरिफिकेशन पद्धति से आगामी 10 से 13 मई के बीच इन शेरों की गिनती की जाएगी।राज्य सरकार ने विज्ञप्ति में सोमवार को बताया कि समूचे विश्व में सिर्फ सौराष्ट्र क्षेत्र में ही एशियाई शेर पाए जाते हैं। इस वजह से इन शेरों की गिनती पर समग्र विश्व के प्राणी प्रेमियों की निगाह टिकी रहेगी। पिछली बार वर्ष 2020 में शेरों की गिनती गई थी, तब 674 शेर थे। गुजरात में एशियाई शेरों को सिंह, सावज, ऊंटियो वाघ, बब्बर शेर, केसरी, डालामत्थो जैसे उपनामों से जाना जाता है। यह एशियाई शेर पूरे विश्व में सिर्फ गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र के गिर अभ्यारण्य में देखने को मिलते हैं। वर्ष 1980 से गिर एशियाई शेरों के एकमात्र निवास स्थान के रूप में विख्यात हैं।गुजरात सरकार का वन विभाग हर 5 साल पर शेरों की गिरनती करता है। इसके तहत एशियाई शेरों की आगामी 16वीं गिनती 10 से 13 मई के दौरान दो चरण में होगी। इसमें प्राथमिक आबादी गिनती मई में 10 और 11 और आखिरी गिनती 12 और 13 मई को होगी। शेरों की गिनती का काम राज्य के 11 जिलों की 58 तहसील के कुल 35 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में किया जाएगा। गिनती के लिए डायरेक्ट बीट वैरिफिकेशन पद्धति का उपयोग किया जाएगा। राज्य में सबसे पहले 1936 में शेरों की गिनती की गई थी। इसके बाद 1995 में शेरों की गिरती हुई थी। इस समय युवा, मादा और बच्चों की कुल मिलाकर संख्या 304 थी। इसी तरह वर्ष 2001 में 327, वर्ष 2005 में 359, वर्ष 2010 में 411, वर्ष 2015 में 523 और पिछली बार 2020 में यह आंकड़ा बढ़कर 674 हो गया था।

### डीसी ने की समाधान शिविर में शिकायतों का निपटारा

**फरीदाबाद :** जिला और उपमंडल स्तर पर सोमवार को समाधान शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें आमजन की विभिन्न शिकायतों व समस्याओं का मौके पर निपटारा किया गया। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि समाधान शिविर के माध्यम से आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। इन शिविरों में सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित होते हैं ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि अगर आपके स्तर पर समाधान नहीं हो रहा है तो तत्काल उक्त समस्या को जिला प्रशासन के संज्ञान में लाएं। डीसी ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से आमजन को सरकारी तंत्र से सीधे जुडने और अपनी समस्याएं बिना किसी बाधा के रखने का अवसर मिलता है, इसलिए अधिकारियों को चाहिए कि वे पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ शिकायतों का समाधान करें।

# जन शिकायतों के निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें जिलाधिकारी : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

इससे शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे। साथ ही कहा कि आगामी चारधाम यात्रा के दौरान व्यवस्थाएं बेहतर बनाने के लिए अधिकारी सभी हितधारकों से निरंतर समन्वय स्थापित करने पर फोकस करें। मुख्यमंत्री ने सभी विभागीय सचिवों और जिलाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उत्तराखंड की चारधाम यात्रा के दौरान विभागों और जिला प्रशासन के स्तर पर सभी व्यवस्थाएं बेहतर बनाई जाएं। चारधाम यात्रा आस्था का प्रमुख केन्द्र होने के साथ ही स्थानीय लोगों की आजीविका से



भी जुड़ी है। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा से जुड़े सभी हितधारकों से निरन्तर समन्वय बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं।उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण के अनुकूल बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके लिए जन सहयोग भी लिया जाए। यात्रा मार्गों पर स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाए।

आगामी चारधाम यात्रा को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को परेशानी न हो।इस दौरान मुख्यमंत्री ने वनाग्नि प्रबंधन के लिए वन विभाग के साथ सभी जिलाधिकारियों को पूर्ण तैयारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वनाग्नि नियंत्रण के लिए त्वरित कार्रवाई के लिए स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों के नम्बर भी अपडेट रखे जाएं, ताकि वनाग्नि की घटना होने पर शीघ्रता से नियंत्रण किया जा सके। वनाग्नि की संभावना वाले क्षेत्रों में टीमें तैनात की जाएं और उनकी निरंतर मॉनिटरिंग भी की जाए। मोबाइल गश्त टीमें भी तैनात की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि गर्मियों में लोगों को पेयजल की दिक्कत न हो। पेयजल टैंकर की भी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आगामी मानसून सीजन के दृष्टिगत भी सभी सुरक्षात्मक उपाय करने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों से बाढ़ सुरक्षा से संबंधित कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली।